

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0:

दैनिक

समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 5 अंक: 46 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 26 नवम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

पंचायत चुनाव में हार पर BJP का दिल्ली में मंथन

जयपुर/नई दिल्ली। राजस्थान में पंचायत चुनाव में हार के बाद भाजपा ने दिल्ली में समीक्षा बैठक बुलाई है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, बीएल संतोष और संजय भाटिया सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

पार्टी चुनावी प्रदर्शन का आकलन कर उन क्षेत्रों की पहचान करेगी, जहां संगठन की पकड़ कमजोर रही।

मदन राठौड़ और संजय भाटिया चुनाव के दौरान मिले फीडबैक को बैठक में रखेंगे। संगठन की कमियों और जमीनी स्थिति पर चर्चा कर आगामी चुनावों के लिए रणनीति तैयार की जाएगी।

मेरठ बनेगा वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब : योगी

बॉल कॉर्पोरेशन की 2900 करोड़ से अधिक की एल्युमिनियम कैन निर्माण इकाई का शिलान्यास



समाज जागरण

मेरठ। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक विकास यात्रा में मेरठ एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर में वैश्विक कंपनी बॉल कॉर्पोरेशन की एल्युमिनियम बेवरेज कैन निर्माण इकाई का शिलान्यास किया। 2,900 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्थापित होने वाली इस विश्वस्तरीय इकाई से हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना 'आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' और 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की विकास यात्रा में ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगी। मेरठ खेल सामग्री और पारंपरिक उद्योगों के साथ अब उन्नत वैश्विक विनिर्माण का भी प्रमुख केंद्र बन रहा है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, नमो भारत रैपिड रेल, गंगा एक्सप्रेसवे, जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और माल परिवहन गलियारों की बेहतर कनेक्टिविटी ने मेरठ को निवेशकों के लिए आकर्षक बनाया है। बॉल कॉर्पोरेशन की यह इकाई स्थानीय उद्योगों, परिवहन, पैकेजिंग और पुनर्चक्रण क्षेत्र को भी नई गति देगी।

विस्तृत खबर पेज 3 पर

रियाद के फाइनेंशियल टावर पर हूती हमले की भारत ने की कड़ी निंदा

हमले में दो भारतीय नागरिक घायल, विदेश मंत्रालय बोला- सऊदी अरब की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान हो



नई दिल्ली। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में फाइनेंशियल सेंटर स्थित एक टावर पर हुए हूती हमले की भारत ने कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बयान जारी कर हमले को अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ बताते हुए सऊदी अरब की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन पर चिंता जताई। इस हमले में दो भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि हुई है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि 24 नवंबर को रियाद के फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट स्थित टावर पर हुए हमले के साथ-साथ नागरिकों, आर्थिक ढांचे और ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाकर किए जा रहे लगातार हमले निंदनीय हैं। भारत ने इन हमलों को क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बताया है।

भारतीय दूतावास घायलों को दे रहा सहायता

रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने हमले में दो भारतीय नागरिकों के घायल होने की जानकारी दी है। दूतावास ने कहा कि वह घायलों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करा रहा है तथा घटना से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है।

भारत ने सऊदी अरब की जनता और सरकार के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि वह सऊदी अरब की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और वहां रहने वाले नागरिकों एवं निवासियों की सुरक्षा के समर्थन में खड़ा है। भारत ने हमलों को तत्काल रोकने और क्षेत्र में जल्द शांति तथा सामान्य स्थिति बहाल होने की उम्मीद जताई है।

हमले में 11 लोग घायल

सऊदी सिविल डिफेंस के अनुसार, रियाद के फाइनेंशियल सेंटर स्थित टावर पर हुए हमले में कुल 11 लोग घायल हुए हैं। इनमें दो सऊदी नागरिक, दो भारतीय, तीन नेपाली और चार मिस्र के नागरिक शामिल हैं। हूती समूह ने मंगलवार को रियाद के फाइनेंशियल सेंटर टावर को निशाना बनाया था। घटना के बाद सऊदी प्रशासन ने घायलों की जानकारी साझा की। भारत ने इस हमले पर चिंता जताते हुए क्षेत्रीय स्थिरता और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। इनपुट : आ-

आतंकवादियों के खिलाफ दुर्गम इलाकों में उतरेंगे भारत-नेपाल के जवान

संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सूर्यकिरण' का 20वां संस्करण शुरू, 14 दिन तक 668 सैनिक करेंगे युद्धाभ्यास



समाज जागरण

नई दिल्ली। आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने की संयुक्त क्षमता मजबूत करने के लिए भारत और नेपाल की सेनाओं ने सैन्य अभ्यास ह्यसूर्यकिरणह्ल का 20वां संस्करण शुरू किया है। नेपाल के सलझंडी स्थित नेपाल आर्मी बैटल स्कूल में 25 नवंबर से शुरू हुआ यह अभ्यास 8 दिसंबर तक चलेगा। इसमें दोनों देशों के कुल 668 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस अभ्यास में भारत और नेपाल की सेनाओं के 334-334 जवान शामिल हैं। भारतीय सेना की ओर से कुमाऊं रेजिमेंट और नेपाल की ओर से श्री ज्वाला दल बटालियन के सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। अभ्यास का उद्देश्य आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने के लिए दोनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और संयुक्त अभियान क्षमता विकसित करना है।

दुर्गम इलाकों में आतंकियों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई

अभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक दुर्गम और चुनौतीपूर्ण इलाकों में आतंकवादियों के खिलाफ संयुक्त सैन्य अभियान चलाने का प्रशिक्षण लेंगे। इसमें सामरिक रणनीति, संयुक्त कार्रवाई और कठिन परिस्थितियों में अभियान संचालन की तैयारियों को परखा जाएगा।

सैनिक हेलीकॉप्टर के जरिए अभियान स्थल तक पहुंचने और सैन्य ऑपरेशन के दौरान सैनिकों की तैनाती का अभ्यास भी करेंगे। इसका उद्देश्य कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में तेजी से कार्रवाई करने और अभियान को प्रभावी ढंग से अंजाम देने की क्षमता बढ़ाना है।

आपदा राहत और घायलों को चिकित्सा सहायता का अभ्यास

'सूर्यकिरण' अभ्यास केवल युद्धक गतिविधियों तक सीमित नहीं रहेगा। इसमें आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने और जरूरतमंदों तक तत्काल मदद पहुंचाने का प्र शिक्षण भी शामिल है।

दोनों देशों के सैनिक अपने अनुभव और कार्यप्रणाली साझा करेंगे। इससे संयुक्त अभियानों के दौरान एक-दूसरे की रणनीति और संचालन पद्धति को समझने में मदद मिलेगी।

भारत-नेपाल सैन्य सहयोग को मिलेगी मजबूती

उद्घाटन समारोह में नेपाल सेना के मिड वेस्टर्न डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल पूर्ण बहादुर खत्री मौजूद रहे। 'सूर्यकिरण' भारत और नेपाल के बीच प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास है। इसकी मेजबानी दोनों देश बारी-बारी से करते हैं। इस वर्ष नेपाल अभ्यास की मेजबानी कर रहा है। यह संयुक्त अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच आपसी विश्वास, सैन्य सहयोग और समन्वय को मजबूत करने के साथ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के साझा प्रयासों को आगे बढ़ाएगा।

टेस्ट रैंकिंग में भारत का दबदबा, टॉप-10 में तीन बल्लेबाज



समाज जागरण

दुबई। न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन का फायदा भारतीय खिलाड़ियों को आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में मिला है। बुधवार को जारी पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने बल्लेबाजों की शीर्ष-10 सूची में जगह बनाई है। वहीं, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त दूसरा स्थान हासिल किया है। 128 रन की शानदार पारी खेलने वाले ऋषभ पंत एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर पहुंच गए हैं। टेस्ट कप्तान शुभमन गिल 98 रन की पारी के दम पर तीन स्थान ऊपर सातवें स्थान पर आ गए हैं। वहीं, यशस्वी जायसवाल 85 रन बनाने के बाद पांच स्थान की छलांग लगाकर नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

पंत छठे, गिल सातवें और जायसवाल नौवें स्थान पर पहुंचे; बुमराह गेंदबाजों में संयुक्त दूसरे नंबर पर

बुमराह संयुक्त दूसरे नंबर पर

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी रैंकिंग में शानदार सुधार किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में पांच विकेट लेने के बाद बुमराह तीन स्थान ऊपर चढ़कर गेंदबाजों की सूची में संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

पीएमसीएच में महिला पर डॉक्टर से बदसलूकी का आरोप, जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल

सुरक्षा गार्ड को थप्पड़ मारने और डॉक्टर का कॉलर पकड़ने का आरोप, नस्लीय टिप्पणी की भी शिकायत



समाज जागरण

पटना। पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) में एक महिला और उनके कथित जज पति पर डॉक्टरों तथा स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बदसलूकी करने के आरोप लगे हैं। घटना अस्पताल के आईसीयू की बताई जा रही है। विरोध में जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल का ऐलान कर दिया है, जिससे अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) के अनुसार, खुद को पटना हाईकोर्ट की वकील बताने वाली महिला ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों और सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट की। आरोप है कि महिला ने एक सुरक्षा गार्ड को थप्पड़ मारा और डॉक्टर का कॉलर पकड़ लिया।

पूर्वोत्तर की डॉक्टर पर नस्लीय टिप्पणी का आरोप

जेडीए ने आरोप लगाया कि महिला ने पूर्वोत्तर भारत की एक महिला डॉक्टर को लेकर नस्लीय टिप्पणी भी की। बताया गया कि डॉक्टर को कथित तौर पर 'चाइनीज' कहकर अपमानित किया गया।

घटना के विरोध में जूनियर डॉक्टरों ने काम बंद कर दिया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

डॉक्टरों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (फाइमा) ने भी जूनियर डॉक्टरों का समर्थन किया है। संगठन ने आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने और अस्पताल में डॉक्टरों तथा स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल में ड्यूटी के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा या दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की जा रही है।

ट्रेड डील होने पर 17% तक रह सकता है टैरिफ, जनवरी से पहले लागू होने की संभावना कम; भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बढ़ा दबाव

ट्रंप का नया टैरिफ बम: भारतीय सामान पर 25% तक शुल्क का प्रस्ताव



समाज जागरण

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा है। हालांकि, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होने की स्थिति में इस शुल्क को 17 प्रतिशत तक सीमित रखने की बात कही गई है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीयर के बयान के अनुसार, समझौता नहीं होने पर भारतीय सामानों पर प्रस्तावित शुल्क 25 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

अमेरिका का यह प्रस्ताव ऐसे समय सामने आया है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की बातचीत चल रही है। नए शुल्कों की घोषणा से भारतीय निर्यातकों की चिंता बढ़ सकती है और दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता पर दबाव पड़ने की आशंका है।

14 अर्थव्यवस्थाओं पर अमेरिकी कार्रवाई का प्रस्ताव

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ने कथित अतिरिक्त औद्योगिक उत्पादन क्षमता और अनुचित व्यापारिक गतिविधियों को लेकर 14 व्यापारिक साझेदारों पर नए शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। इसमें भारत, चीन, यूरोपीय संघ, जापान और दक्षिण कोरिया सहित कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं।

अमेरिका का आरोप है कि कुछ देश सरकारी नीतियों और औद्योगिक विस्तार के जरिए जरूरत से अधिक उत्पादन कर रहे हैं, जिससे वैश्विक बाजार में सस्ते सामान की आपूर्ति बढ़ रही है और अमेरिकी उद्योगों को नुकसान पहुंच रहा है। भारत के मामले में अमेरिका ने औद्योगिक नीतियों, बाजार तक पहुंच की बाधाओं, श्रम संरक्षण और कुछ क्षेत्रों में अतिरिक्त उत्पादन क्षमता को लेकर सवाल उठाए हैं। भारत ने पहले भी ऐसे आरोपों पर अपनी आपत्ति जताई है।

ट्रेड डील बनी शुल्क से राहत की शर्त

प्रस्तावित टैरिफ में भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू व्यापार समझौते की शर्त है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के अनुसार, यदि भारत और अमेरिका के बीच ऐसा समझौता होता है जो जांच में उठाए गए मुद्दों का समाधान करता है, तो भारतीय सामानों पर शुल्क 17 प्रतिशत तक सीमित किया जा सकता है।

हालांकि, दोनों देशों के बीच अभी अंतिम व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। ऐसे में भारतीय निर्यातकों के लिए स्थिति अनिश्चित बनी हुई है।

जनवरी से पहले लागू होने की संभावना कम

प्रस्तावित शुल्कों को अभी सार्वजनिक टिप्पणी और सुनवाई की प्रक्रिया से गुजरना है। रिपोर्टों के अनुसार, नए टैरिफ जनवरी 2027 से पहले लागू होने की संभावना कम है। अंतिम निर्णय से पहले शुल्क की दरों और अन्य शर्तों में बदलाव भी हो सकता है। भारतीय निर्यातकों के लिए आने वाले सप्ताह महत्वपूर्ण होंगे। यदि व्यापार समझौता समय पर नहीं होता और प्रस्तावित शुल्क लागू हो जाते हैं, तो अमेरिका को सामान निर्यात करने वाली भारतीय कंपनियों की लागत बढ़ सकती है।

इससे उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता और कारोबार पर असर पड़ने की आशंका है। फिलहाल 25 प्रतिशत टैरिफ अंतिम फैसला नहीं, बल्कि अमेरिकी प्रशासन का प्रस्ताव है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की प्रगति और अमेरिकी जांच की अंतिम प्रक्रिया तय करेगी कि भारतीय सामानों पर वास्तव में कितना शुल्क लगेगा।

चीन पर भी बढ़ेगा शुल्क का दबाव

"अमेरिका ने चीन पर 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा वियतनाम पर 35 प्रतिशत तक और बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया तथा थाईलैंड जैसे देशों पर भी अलग-अलग दरों से शुल्क लगाने की योजना है। यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं के लिए भी प्रस्तावित शुल्क की दरें तय की गई हैं। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि यह कदम वैश्विक औद्योगिक उत्पादन में असंतुलन को दूर करने के लिए उठाया जा रहा है।"



घोर लापरवाही से हम सभी अकाल मृत्यु के मुंहाने पर



पर्यावरण ही एकमेव जीवसृष्टि का आधार है, जबकि हर भारतीय दूषित हवा में सांस ले रहा, फिर भी हम नहीं सुधरते, पर्यावरण को सहेजना प्रत्येक की जिम्मेदारी हैं। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सकारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता के बारे में वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए, हर साल 26 नवंबर को "विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस" मनाया जाता हैं। वाहनों से होने वाला उत्सर्जन और भीड़-भाड़, औद्योगिक गतिविधियां और थर्मल पावर, घरों में ठोस ईंधन जैसे लकड़ी, कोयला जलाना, निर्माण कार्य और सड़कों की धूल, बायोमास और खुले में कचरा जलाना, खेतों में पराली जलाना, पटाखे जलाना, मौसम संबंधी कारणों से प्रदूषकों का जमा होना, बिना प्रक्रिया किया गया नगरपालिका का सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट, रासायनिक वस्त्रोद्योग, अक्सर बिना उपचार किए भारी धातुओं और जहरीले कचरे को पास के जल स्त्रोतों में बहा देना, घातक रसायनों का प्रयोग होनेवाली खेती से बहकर आने वाला प्रदूषित पानी, ठोस और ई-अपशिष्ट का कुप्रबंधन, रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग, खनन और औद्योगिक कचरे को कहीं भी फेंक देना, अनियंत्रित निर्माण कार्य और व्यावसायिक गतिविधियां। ऐसे अनेक कारण प्रदूषण स्तर को अत्यधिक खतरनाक मोड़ पर ले गये हैं।

पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक 2026 अनुसार, 177 देशों की सूची में भारत को 22.46 के स्कोर के साथ 176वां स्थान मिला है, इस स्थान से हम गंभीर वास्तविकता का अंदाजा लगा सकते है, भारत देश 2016 में 141वें स्थान पर था। 2022 से भारत सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले पांच देशों में शामिल रहा है। हमारा स्कोर भूटान 82वें, श्रीलंका 118वें, नेपाल 134वें, पाकिस्तान 148वें और बांग्लादेश 161वें जैसे पड़ोसी देशों की तुलना में पिछड़ा हुआ हैं। लगातार बढ़ रहे शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण वायु गुणवत्ता, जैव विविधता और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर लगातार दबाव बना हैं। हालांकि नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता के बुनियादी सुविधा ने सकारात्मक सहयोग दिया हैं। जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में से 120वें स्थान पर हैं। 2026 के वैश्विक भुखमरी सूचकांक में 122 देशों में से भारत 100वें स्थान पर है। इसका स्कोर 24.1 है, जो इसे 'गंभीर भुखमरी' की श्रेणी में रखता हैं। वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक अनुसार, भारत देश दुनिया का दूसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश है। भारत देश की लगभग 140 करोड़ जनता ऐसे वातावरण में रहती है, जहां की वायु विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दशार्ये पीएम2.5 से भी अधिक हैं। कुछ हिस्से में तो यह भारत के अपने राष्ट्रीय मानक से भी कहीं ज्यादा ऊपर हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बताये गए दिशानिदेर्शों अनुसार, सूक्ष्म कण एक औसत भारतीय की जीवन प्रत्याशा को लगभग 3.5 साल कम कर देते है, जबकि दिल्ली-एनसीआर जैसे स्थल के निवासियों की जीवन प्रत्याशा में 8.2 साल तक की कमी आ सकती हैं।

स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2025 की रिपोर्ट बताती है कि, 2023 में भारत में 20 लाख से अधिक मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं, जो 2000 के मुकाबले 43 फीसदी ज्यादा है और द लैंसेट काउंटडाउन 2025 के मुताबिक, 2022 में 17.2 लाख मौतें केवल इंसानों द्वारा निर्मित सूक्ष्म कणों की वजह से हुईं, इस नुकसान की कीमत 339.4 अरब अमेरिकी डॉलर आंकी गई है, जो भारत की जीडीपी का 9.5 प्रतिशत है। इन आंकड़ों से ही आकलन लगा सकते हैं कि, देश में प्रकृति के प्रति घोर लापरवाही और पर्यावरणीय ह्रास की कितनी बड़ी कीमत आम इंसान को चुकानी पड़ रही हैं। प्रदूषण के कारण जानलेवा बीमारियां जैसे हृदय संबंधी बीमारियां, स्ट्रोक, फेफड़ों को लगातार नुकसान पहुंचना और सांस लेने में गंभीर संकट, निमोनिया और श्वसन संबंधी संक्रमण, कैंसर पैदा करने वाले प्रदूषकों और औद्योगिक उत्सर्जन के लंबे समय तक सांस के जरिए शरीर में जाने से होने वाले कैंसर, मेटाबॉलिक, किडनी और पानी से होने वाली बीमारियां, टाइप 2 डायबिटीज, दीर्घकालिक वृक्क रोग का खतरा लगातार बढ़ता हैं। यह बीमारियां बेहद खचीर्ली एवं मौत के मुंह में धकेलनेवाली हैं। अभी हाल ही में इंडिया टुडे में प्रकाशित एक खबर पढ़ी, जिसमें मशहूर चिकित्सक डॉ. संजीव बागई ने, देश में वायु प्रदूषण से हर साल होनेवाली मौतों की तुलना हिरोशिमा, नागासाकी और कोविड-19 से होने वाली मौतों से की। प्रदूषण मनुष्य के प्रत्येक अंग को नुकसान पहुंचा रहा है, यहा तक की गर्भवती महिला के पेट में पल रहे बच्चे को भी बीमार कर रहा हैं।

हर चीज प्रकृति की देन है, हर व्यवसाय या उद्योग के लिए आवश्यक कच्चा माल भी पर्यावरण से ही मिलता हैं। पिछले कुछ दशकों में मानव ने विकास के नाम पर खूब यांत्रिकी संसाधनों की खोज की और मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जमकर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया हैं। बहुत-सी प्राकृतिक चीजे तो आनेवाली पीढ़ियों को दिखेगी भी नहीं, अर्थात उनके हिस्से की भी चीजे आज मानव उपभोग चूका हैं। अक्सर कोयला और खनिजों के खनन के लिए या औद्योगिक आवश्यकताओ की पूर्ति के लिए जंगल काटते है, राजमार्ग, रेलवे लाइन, बांध बनाने या शहरीकरण के लिए जमीन साफ करते हैं। फर्नीचर, कागज, निर्माण कार्य के लिए लकड़ी और ईंधन के लिए भी लगातार पेड़ कटते हैं। लेकिन जंगलों को खत्म करने से वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं। उपजाऊ मिट्टी का क्षरण होता है, मिट्टी का कटाव होता है, जिसके कारण बाढ़ या सूखे की स्थिति उत्पन्न होती है। कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है, शुद्ध प्राणवायु कम होती हैं। प्रदूषण बढ़ता है, प्राकृतिक आपदायें लगातार बढ़ती हैं। इसका सीधा असर जीवसृष्टि के प्रत्येक जीव, पर्यावरण के हर घटक, ऋतुचक्र और जलवायु पर पड़ता हैं। हमारी रोग प्रतिकारक क्षमता कमजोर होती है, बीमारियां बढ़ती है, अकाल मृत्यु में भयावह वृद्धि होती हैं।

पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण के कारण एवं उसके रोकथाम के उपाय सबको पता है, अर्थात सरकार से लेकर एक सामान्य नागरिक तक इस बारे में जानते है। शुद्ध जल, स्वच्छ ऑक्सीजन और पर्याप्त पोषक आहार हर मनुष्य का अधिकार और जरुरत हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति सबकी जवाबदेही है, प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, कि वो पर्यावरण बचायें। पर्यावरण के बारे में लोग गंभीरता से नहीं सोचते और सरकारी नियमों एवं कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाते है, जो कि अब हम सबके जान पर बन आयी हैं। पर्यावरण की रक्षा और प्रदूषण कम करने के लिए अमीर-गरीब, शिक्षित-अशिक्षित, नेता-जनता, अधिकारी, उद्योगपति सभी ने सरकारी निति-नियमों का कड़ाई से पालन एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता रखनी होगी, भ्रष्टाचार का कोई नामोनिशान नहीं होना चाहिए। मनुष्य से ज्यादा जीवजंतु, पशु-पक्षी, प्राणी इस पर्यावरण की रक्षा करते हैं। क्या मनुष्य अपने स्वार्थ में इतना अँधा हो गया है कि, जानवरों को पर्यावरण के रक्षा की समझ है, लेकिन मनुष्य को नहीं, क्या मनुष्य जानवरों से भी निचे के स्तर पर गिर चूका हैं।

लेखक - डॉ. प्रीतम भी. गेडाम

भाजपा को सत्ता से हटाने चले, सीटों पर ही उलझे विपक्षी दल



2027 की लड़ाई से पहले विपक्ष दिल्ली की बैठकों में उलझा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस भाजपा को हराने का दावा करती हैं, पर उनकी बातचीत का केंद्र जनता, बेरोजगारी या महंगाई नहीं, सीटों की गिनती और राजनीतिक हैसियत बन गई है। जिस गठबंधन को भाजपा के लिए चुनौती बनना था, वह अभी अपने भीतर भरोसा कायम नहीं कर पा रहा। यह कमजोरी भाजपा के लिए अवसर है। सपा ने कांग्रेस के सामने 26 सीटों का प्रस्ताव रखा है। कांग्रेस की ओर से पहले 181 सीटों की मांग की खबर आई, फिर 130 और 120 सीटों के आसपास की दावेदारी सामने आई। फासला साफ है। अखिलेश का तर्क है कि सीटें जीतने की संभावना के आधार पर मिलनी चाहिए। पर जीत का पैमाना कौन तय करेगा? क्या सपा अपने उम्मीदवारों को भी इसी कसौटी पर परखेगी? कांग्रेस की हालत भी किसी भ्रम में रहने लायक नहीं। 2022 में उसने 399 सीटों पर चुनाव लड़ा, सिर्फ दो जीतीं, उसका वोट प्रतिशत 2.33 रहा और 387 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई। ऐसे प्रदर्शन के बाद 120-130 सीटों का दावा आत्ममुग्धता लगता है। मगर 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश की 17 में से छह सीटें जीतीं और 9.46 प्रतिशत वोट पाए। सपा ने 62 में से 37 सीटें जीतकर 33.60 प्रतिशत मत हासिल किए। लोकसभा नतीजे विधानसभा की गारंटी नहीं, लेकिन कांग्रेस शून्य भी नहीं। दोनों दल अपने अनुकूल आंकड़े चुन रहे हैं। सपा की 26 सीटों वाली सूची में रामपुर खास और फरेंदा जैसी कांग्रेस की जीती सीटें हैं। मथुरा, खेरागढ़, जगदीशपुर और किदवई नगर वे क्षेत्र हैं जहां कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही थी। बागपत, मोदीनगर, हापुड़, जेवर, स्याना, खुर्जा, खैर, इगलास, मांट, आगरा उत्तर, फतेहपुर सीकरी, बिलग्राम-मल्लावां, गोविंद नगर, नानपारा, गोरखपुर शहर, खजनी, पडरौना, फाजिलनगर, पिंडरा और वाराणसी कैंट भी प्रस्ताव में बताए गए हैं। कई क्षेत्रों में कांग्रेस के हजार-दो हजार वोट सपा के तर्क को बल देते हैं, पर जीत उम्मीदवार, समीकरण, संगठन और वोट हस्तांतरण से तय होगी।

अखिलेश की सबसे बड़ी राजनीतिक भूल यह हो सकती है कि वह गठबंधन को साझेदारी नहीं, अधीनता समझ बैठें। पांच प्रत्याशियों की घोषणा बेहट से उमर अली खान, सहारनपुर से आशु मलिक, कैराना से नाहिद हसन, अमरोहा से महबूब अली और ललितपुर से ज्योति लोधी सीटों पर बातचीत के बीच हुई। यह संगठन की तैयारी हो सकती है, लेकिन सहयोगी को भरोसे में लिए बिना घोषणा दबाव की राजनीति लगती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के दावों के बीच यह कदम और चुभता है। इमरान मसूद का आक्रोश इसी अपमानबोध से निकला है। उनका कहना है कि कांग्रेस भीख नहीं मांग रही और गठबंधन में सीटें दया से नहीं, आपसी सहयोग से तय होती हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस ने सीटें मांगी ही नहीं तो 26 का आंकड़ा थोपने का अधिकार किसने दिया। सपा को समझना होगा कि सहयोगी को सार्वजनिक रूप से छोटा करने की कीमत चुकानी पड़ती है। कांग्रेस भी बताए कि कमजोर संगठन वाली सीटों पर उसका दावा किस आधार पर है। ओमप्रकाश राजभर ने इमरान के बयान पर तंज कसते हुए पूछा कि यदि कांग्रेस भीख नहीं मांग रही तो सीटों पर बातचीत के लिए कमेटी लेकर सपा के पास क्यों गई। सपा सांसद एसपी सिंह पटेल ने भी कांग्रेस की राजनीतिक हैसियत पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसे 50 सीटें देना भी बड़ी बात होगी। उन्होंने कांग्रेस के संगठन और उम्मीदवारों की क्षमता पर भी सवाल उठाए। ऐसे बयान बताते हैं कि भाजपा से मुकाबले की तैयारी कर रहे दोनों दलों के बीच भरोसे से ज्यादा एक-दूसरे की हैसियत नापने की होड़ लगी है।

पांच नामों की सामाजिक बनावट भी संदेश देती है। चार मुस्लिम चेहरे और एक ओबीसी महिला उम्मीदवार के जरिए सपा मुस्लिम प्रतिनिधित्व और पिछड़े वर्ग की भागीदारी का दावा मजबूत करना चाहती है। पीडीए पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक तभी चलेगा जब गैर-यादव पिछड़ों और दलितों को टिकट, संगठन और सत्ता में हिस्सेदारी मिले। मुस्लिम मतदाता भी सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और सम्मान चाहते हैं। ओवैसी की राजनीति मुस्लिम मतों में विकल्प का सवाल उठाती है, जबकि बसपा दलित मतों पर अपनी पकड़ लौटाने की कोशिश कर सकती है। सपा का गणित इन दोनों चुनौतियों को नजरअंदाज नहीं कर सकता। 26 नवंबर को संविधान दिवस पर प्रस्तावित पीडीए प्रणपत्र सपा की दूसरी बड़ी परीक्षा है। प्रदेश, 75 जिलों और लखनऊ के लिए अलग दस्तावेज बनाने की तैयारी स्थानीय मुद्दों को जगह देने का अवसर है। महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपये पेंशन, स्वरोजगार के लिए दो लाख रुपये सहायता, घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली और गरीबों को मुफ्त इलाज जैसे प्रस्ताव चर्चा में हैं। ये संभावित वादे हैं, अंतिम घोषणाएं नहीं। लाभार्थियों की संख्या, सालाना खर्च और धन का स्रोत बताना होगा। डॉक्टर-दवा-बिस्तर के बिना मुफ्त इलाज कागज पर रहेगा। लखनऊ में मुफ्त मेट्रो यात्रा और जाम से राहत का वादा भी तभी सार्थक होगा जब परिवहन और बुनियादी ढांचे की ठोस योजना हो।

भाजपा इस खींचतान को बैठे-बिठाए भुनाएगी। वह मुस्लिम उम्मीदवारों की सूची से ध्रुवीकरण कर गैर-यादव पिछड़ों, दलितों और लाभार्थियों में पकड़ मजबूत करेगी। उसे भी बेरोजगारी, महंगाई, किसान, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था पर जवाब देना होगा। विपक्षी बिखराव सवालों को मिटाता नहीं, उनकी आवाज दबाता है। 2017 का अनुभव दोनों दलों के सामने है। गठबंधन के बावजूद भाजपा ने 312 सीटें जीतीं, सपा 47 और कांग्रेस सात पर सिमट गई। वोट अपने आप एक-दूसरे को नहीं मिलते। 2024 का साझा प्रदर्शन उत्साह देता है, पर विधानसभा का मुकाबला अलग होगा। यदि सीटों पर सम्मानजनक समझौता हुआ, साझा उम्मीदवार और बूथ स्तर पर तालमेल बना तो लड़ाई कड़ी हो सकती है। यदि समझौता अपमान और मजबूरी में हुआ तो कार्यकर्ता भीतर से साथ नहीं देंगे। और यदि गठबंधन टूटा तो विपक्षी मतों का बंटवारा भाजपा की राह आसान करेगा। अखिलेश को तय करना है कि उन्हें कांग्रेस की जरूरत है या केवल कांग्रेस के नाम की। कांग्रेस को भी तय करना है कि वह जमीन पर ताकत बनाएगी या आंकड़ों से अपनी कीमत बढ़ाती रहेगी। अखिलेश को यह याद रखना होगा कि 2024 की सफलता में कांग्रेस के वोट और राहुल गांधी की सक्रियता का योगदान था। साझेदार की ताकत स्वीकारना कमजोरी नहीं, चुनावी समझदारी है। भाजपा को हराने के लिए अहंकार छोड़ना, ईमानदार समझौता करना और जनता को जवाब देना होगा। वरना विपक्ष हार का ठीकरा दूसरों पर फोड़ेगा, जबकि कारण आज की सौदेबाजी होगी।



अजय कुमार

जब वैभव सूर्यवंशी के बल्ले के आगे बौने पड़ गए पुराने कीर्तिमान



क्रिकेट के मैदान पर कभी-कभी कुछ ऐसी घटनाएँ घटती हैं, जो केवल खेल का परिणाम नहीं बदलतीं, बल्कि इतिहास के पन्नों पर अपनी अमिट छाप छोड़ जाती हैं। ऐसी ही एक अविश्वसनीय घटना 24 नवंबर 2026 को कतर की राजधानी दोहा में देखने को मिली, जब बिहार के महज पंद्रह वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपने बल्ले से रनों की ऐसी वर्षा की कि विश्व क्रिकेट के स्थापित कीर्तिमान ध्वस्त हो गए। संयुक्त अरब अमीरात के विरुद्ध भारत ए की ओर से खेलते हुए वैभव ने मात्र 53 गेंदों में 204 रन बनाकर क्रिकेट जगत को आश्चर्यचकित कर दिया। यह पारी केवल रनों का पहाड़ खड़ा करने की कहानी नहीं थी, बल्कि एक किशोर प्रतिभा के अदम्य आत्मविश्वास, साहस और असाधारण क्षमता का परिचय भी थी।

दोहा में आयोजित एशिया कप राइजिंग स्टार्स प्रतियोगिता के इस मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 249 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों के सामने विपक्षी टीम ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा था। सामान्य परिस्थितियों में इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं माना जाता, लेकिन वैभव ने मैदान पर उतरते ही मुकाबले की दिशा बदल दी। उन्होंने गेंदबाजों को संभलने का अवसर तक नहीं दिया। उनकी बल्लेबाजी में आक्रामकता के साथ अद्भुत सहजता दिखाई दी। गेंद चाहे तेज गति से आती या घूमकर, वैभव के बल्ले से निकलकर सीमा रेखा के पार पहुँचती रही। उनकी इस पारी में सात चौके और 28 छक्के शामिल थे। इस तरह उन्होंने 53 गेंदों में 204 रन बनाकर एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया, जिसकी कल्पना करना भी कठिन था।

इस पारी की सबसे उल्लेखनीय बात उनकी शतकीय गति रही। वैभव ने केवल 28 गेंदों में अपना शतक पूरा कर लिया। इसके साथ ही उन्होंने एकदिवसीय घरेलू क्रिकेट की सूचीक श्रेणी में सबसे तेज शतक का पिछला कीर्तिमान तोड़ दिया। इससे पहले यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर मैकगर्क के नाम थी, जिन्होंने 29 गेंदों में शतक बनाया था। वैभव यहीं नहीं रुके। उन्होंने अपनी गति और आक्रामकता को लगातार बनाए रखा तथा केवल 52 गेंदों में दोहरा शतक पूरा कर लिया। इस श्रेणी में इससे पहले न्यूजीलैंड के चाड बोव्स के नाम 103 गेंदों में दोहरा शतक बनाने का कीर्तिमान था। वैभव ने इस समय को लगभग आधा करते हुए नया इतिहास रच दिया।

उनके बल्ले से निकले 28 छक्के भी अपने आप में असाधारण उपलब्धि हैं। इससे पहले सूची-क क्रिकेट की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का कीर्तिमान ऑस्ट्रेलिया के डार्सी शॉर्ट के नाम था, जिन्होंने 2018 में 23 छक्के लगाए थे। वैभव ने पाँच छक्के अधिक लगाकर यह रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। उनकी बल्लेबाजी की गति का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 40 गेंदों में 150 रन पूरे कर लिए थे। इतनी कम उम्र में इतने बड़े स्तर पर इस तरह का प्रदर्शन क्रिकेट की दुनिया में विरले ही देखने को मिलता है।

वैभव की इस विस्फोटक पारी का प्रभाव केवल व्यक्तिगत कीर्तिमानों तक सीमित नहीं रहा। भारत ए ने संयुक्त अरब अमीरात के 250 रनों के लक्ष्य को केवल 14.2 ओवरों में हासिल कर लिया। टीम ने तीन विकेट खोकर 254 रन बनाए और सात विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत ए ने प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में भी अपनी जगह सुनिश्चित की। वैभव की बल्लेबाजी ने विपक्षी गेंदबाजों को पूरी तरह दबाव में ला दिया। भारतीय पारी के शुरूआती दस ओवरों में ही टीम का स्कोर 183 रन तक पहुँच गया था। यह भी सूची-क क्रिकेट के इतिहास में एक असाधारण उपलब्धि बनी। इस मुकाबले में वैभव का योगदान इतना प्रभावशाली था कि उन्हें स्वाभाविक रूप से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान मिला।

वैभव सूर्यवंशी की सफलता की कहानी बिहार की धरती से जुड़ी है। समस्तीपुर जिले से निकलकर विश्व क्रिकेट में अपनी पहचान बनाने वाले इस किशोर ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर, प्रतिष्ठित परिवार या संसाधनों की प्रचुरता की मोहताज नहीं होती। उसे सही अवसर, निरंतर अभ्यास और उचित मार्गदर्शन मिल जाए तो वह किसी भी सीमा को पार कर सकती है। बिहार की मिट्टी ने देश को साहित्य, राजनीति, शिक्षा, कला और खेल के क्षेत्र में अनेक प्रतिभाएँ दी हैं। वैभव की यह उपलब्धि उसी परंपरा की एक नई और गौरवपूर्ण कड़ी है।

इससे पहले भी वैभव अपनी बल्लेबाजी से क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं। भारतीय प्रीमियर लीग में कम उम्र में शतक बनाकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। उनकी बल्लेबाजी में निर्भीकता दिखाई देती है। वह गेंदबाज की प्रतिष्ठा या उसके अनुभव से प्रभावित हुए बिना अपने स्वाभाविक खेल पर भरोसा करते हैं। हालांकि इस प्रतियोगिता में नेपाल और पाकिस्तान ए के विरुद्ध उनका प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा था, लेकिन संयुक्त अरब अमीरात के विरुद्ध उन्होंने जिस तरह वापसी की, वह उनकी मानसिक दृढ़ता का परिचायक है। असफलताओं के बाद स्वयं को संभालना और अगले अवसर पर बेहतर प्रदर्शन करना किसी भी खिलाड़ी के लिए बड़ी विशेषता होती है।

वैभव की इस ऐतिहासिक पारी ने भारतीय क्रिकेट की बदलती तस्वीर को भी सामने रखा है। आज देश के छोटे शहरों और कस्बों से निकलने वाले युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। क्रिकेट के क्षेत्र में अवसरों का विस्तार हुआ है। प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और खेल सुविधाओं तक पहुँच बढ़ने से अनेक नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिला है। वैभव इसका जीवंत उदाहरण हैं। उनकी सफलता उन हजारों बच्चों के लिए प्रेरणा बन सकती है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद क्रिकेट में अपना भविष्य तलाश रहे हैं।

लेकिन किसी भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी की सफलता केवल उसके कीर्तिमानों से नहीं आँकी जानी चाहिए। वैभव अभी किशोरावस्था में हैं। उनके सामने एक लंबा खेल जीवन है। ऐसे समय में उनके खेल को निखारने के साथ-साथ उनके मानसिक और शारीरिक विकास का ध्यान रखना भी आवश्यक है। असाधारण उपलब्धि के बाद प्रशंसा मिलना स्वाभाविक है, लेकिन अत्यधिक अपेक्षाओं का दबाव युवा प्रतिभा के विकास में बाधा भी बन सकता है। उन्हें निरंतर सीखने, गलतियों से उबरने और अपने खेल को बेहतर बनाने का अवसर मिलना चाहिए। परिवार, प्रशिक्षकों, खेल संस्थाओं और क्रिकेट प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि वे उन्हें उचित संरक्षण और मार्गदर्शन दें।

खेल केवल जीत और हार का माध्यम नहीं होता, वह समाज को अनुशासन, संघर्ष, धैर्य और सामूहिकता का संदेश भी देता है। वैभव सूर्यवंशी की यह पारी भी हमें यही सिखाती है कि उम्र किसी उपलब्धि की सीमा निर्धारित नहीं करती। सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस हो तो असंभव दिखाई देने वाली मंजिल भी हासिल की जा सकती है। एक छोटे से जिले से निकलकर विश्व क्रिकेट में चर्चा का विषय बनना किसी सामान्य उपलब्धि की बात नहीं है।

आज जब वैभव के बल्ले से निकले 28 छक्कों और 204 रनों की चर्चा दुनिया भर में हो रही है, तब यह केवल बिहार या भारत के लिए गर्व का विषय नहीं, बल्कि भारतीय खेल प्रतिभा की नई संभावनाओं का संकेत भी है। समस्तीपुर के इस युवा खिलाड़ी ने दोहा के मैदान पर अपने प्रदर्शन से बता दिया कि प्रतिभा को पहचान और अवसर मिले तो वह इतिहास रच सकती है। निस्संदेह, यह पारी आने वाले समय में लंबे अरसे तक याद की जाएगी। बिहार का यह लाल आज विश्व क्रिकेट के आकाश में चमकता हुआ सितारा बनकर उभरा है।



महेन्द्र तिवारी

संजीव-नी।

तट देख रहे युग बीते,
बह रही नदिया सुख-दुख के बीच,
सुनते-सुनते प्रीत के गीत।

समय की रेत पर पाँव रखे,
हमने कब-कब क्या-क्या खोया,
हँसी के पलों में भी शायद,
कोई अनदेखा आँसू रोया।

किनारे बदलते गए, पर धारा वही रही,
खामोश आँखों ने हर कहानी कही।

सुख की धूप कभी छूती है,
दुख की छाँव कभी घेरती है,
पर यह बहती नदी हर हाल में,
बस आगे बढ़ना सीखती है।

हर मोड़ पर यादों की छाया मिली,
हर लहर में एक नई माया मिली।

प्रीत के गीत अब भी गूँजते ,
पर सुर थोड़े भीगे-भीगे से लगते ,
जो वादे कभी सुबह के लगते
अब शाम की दहलीज पर ठहरते ।

फिर भी यह मन मानता कहाँ
सपनों की नाव को थामता कहाँ ।

युग बीत गए देखते-देखते,
उम्र की किताब के पन्ने पलट गए,
कुछ लोग साथ चले दूर तक,
कुछ रास्ते में ही कहीं भटक गए।

पर यह नदिया आज भी बहती
सुख-दुख के बीच, प्रीत के गीत कहती ।

संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।



वैश्विक निवेश से बदलेगी मेरठ की औद्योगिक पहचान

बॉल कॉर्पोरेशन की नई इकाई बनेगी एंकर यूनिट, स्थानीय एमएसएमई और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा

विस्तृत खबर

मेरठ। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक विकास यात्रा में मेरठ तेजी से अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर में वैश्विक कंपनी बॉल कॉर्पोरेशन की एल्युमिनियम बेवरेज कैन निर्माण इकाई का शिलान्यास किया। 2,900 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्थापित होने वाली यह इकाई क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को व्यापक विस्तार देने की क्षमता रखती है।

भूमिपूजन समारोह में मुख्यमंत्री ने बॉल कॉर्पोरेशन की पूरी टीम का आभार जताते हुए कहा कि यह प्लांट ह्यआत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेशह्ल और ह्यविकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेशह्ल की विकास यात्रा में ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।

हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए एंकर यूनिट के रूप में कार्य करेगी। इससे हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। स्थानीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, पैकेजिंग आपूर्तिकताओं, लॉजिस्टिक्स, परिवहन और पुनर्चक्रण से जुड़े कारोबारियों के लिए भी नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि खेल सामग्री के लिए विश्व प्रसिद्ध मेरठ अब औद्योगिक विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। यहां मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण हो रहा है। खेल उद्योग और पारंपरिक कारोबार के साथ अब उन्नत वैश्विक विनिर्माण भी मेरठ की नई पहचान बनेगा।

बेहतर कनेक्टिविटी से निवेश को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने मेरठ को बॉल कॉर्पोरेशन द्वारा चुने जाने को दूरदर्शी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि नमो भारत रैपिड रेल, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, दिल्ली-एनसीआर से निकटता, यीडा क्षेत्र, जेवर स्थित नोएडा



अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तथा पूर्वी और पश्चिमी समर्पित माल गलियारों की पहुंच मेरठ को बेहतर बहुआयामी कनेक्टिविटी प्रदान करती है।

इन सुविधाओं के कारण उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति, तैयार उत्पादों के परिवहन और राष्ट्रीय तथा वैश्विक बाजारों तक पहुंच में सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री के अनुसार, तेजी से बढ़ते पेय पदार्थ बाजार को देखते हुए मेरठ की यह इकाई बॉल कॉर्पोरेशन के लिए देश और दुनिया में कारोबार विस्तार का महत्वपूर्ण आधार बनेगी।

उत्तर प्रदेश में निवेश का बढ़ता सिलसिला

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आ रहे निवेश की निरंतरता का उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले सीएनएच इंडस्ट्रियल के 1,200 करोड़ रुपये से अधिक के नए प्लांट का भूमिपूजन हुआ। दो दिन पूर्व ताइवान की क्रिए टिव सेंसर कंपनी के साथ 1,100 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश पर संवाद हुआ और अब मेरठ में बॉल कॉर्पोरेशन की इकाई का शिलान्यास किया गया है।

उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं उत्तर प्रदेश के प्रति वैश्विक निवेशकों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण हैं। यीडा क्षेत्र में सिंगापुर, जापान और ताइवान सिटी के माध्यम से वैश्विक कंपनियों, आधुनिक तकनीक और उन्नत विनिर्माण क्षमताओं को प्रदेश में आमंत्रित किया जा रहा है।

2017 के बाद औद्योगिक विकास में तेजी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश ने आर्थिक और औद्योगिक विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है। उनके अनुसार, प्रदेश का बजट, सकल राज्य घरेलू उत्पाद और प्रति व्यक्ति आय पहले की तुलना में लगभग तीन गुना हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश आज देश के अग्रणी राजस्व अधिशेष राज्यों में शामिल है और दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के वार्षिक पूंजीगत व्यय के साथ बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचे का निर्माण कर रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की गति काफी धीमी थी। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 21 हजार से अधिक नई फैक्ट्रियां स्थापित हुई हैं और प्रदेश में कुल फैक्ट्रियों की संख्या 35 हजार से अधिक हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मजबूत कानून-व्यवस्था, बेहतर सड़क और रेल संपर्क, औद्योगिक भूमि बैंक तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित कार्यबल ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए आकर्षक राज्य बनाया है।

मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में यूपी की मजबूत स्थिति

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि देश के मोबाइल विनिर्माण का लगभग 55 प्रतिशत और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स का करीब 60 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। डेटा सेंटर, इलेक्ट्रिक वाहन और सेमीकंडक्टर जैसे नए क्षेत्रों में भी प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि उद्योगों की जरूरतों के अनुसार कुशल मानव संसाधन तैयार किया जा रहा है। लाखों आईटीआई और डिप्लोमा धारकों के साथ दो लाख से अधिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के स्नातकों को उद्योगों के अनुरूप प्रशिक्षित किया जा रहा है।

50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

मुख्यमंत्री के अनुसार, बीते साढ़े नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश धरातल पर उतर चुके हैं। आगामी निवेशक सम्मेलन में 7.50 लाख करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं का भूमिपूजन कराने की तैयारी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ एमएसएमई इकाइयां और 25 हजार से अधिक स्टार्टअप आर्थिक विकास की रीढ़ बन रहे हैं। निवेशक अनुकूल नीतियों, औद्योगिक भूमि बैंक, 27 आधुनिक औद्योगिक विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर और निवेश मित्र एकल खिड़की पोर्टल के माध्यम से उद्योगों को सुविधाएं दी जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सैमसंग, एलजी, डिक्सन, सीएनएच इंडस्ट्रियल, एचसीएल-फॉक्सकॉन, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, पेप्सिको और अब बॉल कॉर्पोरेशन जैसी वैश्विक कंपनियां उत्तर प्रदेश को विनिर्माण के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने में योगदान दे रही हैं।

उन्होंने विश्वास जताया कि मेरठ में बॉल कॉर्पोरेशन की नई इकाई प्रदेश की औद्योगिक अर्थव्यवस्था को नई गति देगी और ह्यमेक इन यूपी, मेक फॉर द वर्ल्डह्ल के संकल्प को मजबूत करेगी।

देवरिया मजार विवादः पूर्व डीएम दिव्या मित्तल और विधायक शलभमणि त्रिपाठी आमने-सामने

देवरिया। देवरिया में गोरखपुर रोड स्थित अब्दुल गनी शाह बाबा की मजार को लेकर पूर्व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और भाजपा सदर विधायक शलभमणि त्रिपाठी के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। पूर्व डीएम के आरोपों पर विधायक ने तीखा पलटवार करते हुए उनके रुख पर सवाल उठाए हैं।

दिव्या मित्तल ने एक पॉडकास्ट में दावा किया था कि देवरिया में जिलाधिकारी रहते हुए उन पर मजार गिराने का दबाव बनाया गया था। उनके अनुसार, मजार कमेटी ने अतिक्रमण हटा लिया था, इसके बावजूद मजार को पूरी तरह ध्वस्त करने की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में मजार गिराने की कार्रवाई नहीं होने दी और बाद में उनका तबादला हो गया।

विधायक का तीखा पलटवार

दिव्या मित्तल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए शलभमणि त्रिपाठी ने कहा कि कुछ अधिकारी हवा का रुख देखकर अपने तेवर बदल लेते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, ह्यनौकरी बचानी थी तो मजार ढहा दी, अब राजनीति में मजार के नाम पर आंसू बहा रही हैं।

विधायक ने दावा किया कि संबंधित मजार अवैध थी और उसे हटाया जाना जरूरी था। उन्होंने कहा कि यदि किसी के दबाव में भी कोई अच्छा काम हुआ है तो इसमें परेशानी नहीं होनी चाहिए।

विशेष लोक अदालत से वाहन चालान का कराएं निस्तारण, 28 नवंबर को आयोजन

गौतमबुद्धनगर। मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वाहन चालान के निस्तारण के लिए 28 नवंबर 2026 को दीवानी न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जनसामान्य से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर विशेष लोक अदालत के माध्यम से अपने वाहन चालान का निस्तारण कराएं।विशेष लोक अदालत का उद्देश्य वाहन चालान से संबंधित मामलों का सरल एवं सुविधाजनक तरीके से निस्तारण करना है। वाहन स्वामी निर्धारित तिथि पर दीवानी न्यायालय परिसर पहुंचकर अपने चालान के निस्तारण की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

संविधान दिवस पर दीवानी न्यायालय में गूंजेगा 'एक स्वर, एक संविधान'

26 नवंबर को सुबह 8:45 बजे होगा कार्यक्रम, संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होंगे लोग

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 25 नवंबर। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर 2026, गुरुवार को दीवानी न्यायालय परिसर, सूरजपुर में 'एक स्वर, एक संविधान' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 8:45 बजे उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा संचालित 'संविधान संवाद (एक स्वर, एक संविधान)' अभियान के अंतर्गत आयोजित होगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर के सचिव (पूर्णकालिक) ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संवैधानिक मूल्यों एवं आदर्शों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना तथा आमजन को उनके संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को संविधान की महत्ता और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी भूमिका से परिचित कराया जाएगा।

विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी तेज, मतदान बढ़ाने के लिए स्वीप अभियान की समीक्षा

विकास भवन में बैठक एवं प्रशिक्षण, 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का मतदाता सूची में पंजीकरण कराने पर जोर



समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 25 नवंबर। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2027 में जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने और प्रत्येक पात्र नागरिक को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से बुधवार को विकास भवन सभागार में स्वीप (मतदाता जागरूकता) कार्यक्रम की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी ने की।

बैठक में जनपद की सभी तहसीलों और विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। अधिकारियों को क्षेत्रवार अभियान चलाकर अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सभी विभागों को अभियान से जोड़ने के निर्देश

मुख्य विकास अधिकारी ने उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, पंचायती राज, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों को स्वीप कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करने के निर्देश दिए। सभी विभागों के नोडल अधिकारियों से अपने अधीनस्थ शिक्षण संस्थानों का भ्रमण कर मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित कराने को कहा गया। विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाने, अभिभावक-शिक्षक बैठकों में विद्यार्थियों को जागरूकता संबंधी कार्य देने और हस्ताक्षर अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

युवा मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष जोर

बैठक में ऐसे छात्र-छात्राओं को चिह्नित करने पर जोर दिया गया, जिनकी आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है या आगामी अर्हता तिथि तक पूरी होने वाली है। पात्र युवाओं को फॉर्म-6 उपलब्ध कराकर मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक के अंत में अधिकारियों ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों में व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाने तथा नए पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

मतदाताओं की सुविधा के लिए डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर शुरू

वोटर हेल्पलाइन 1950 टोल फ्री सहित पांच टेलीफोन नंबर जारी, नाम जुड़वाने और संशोधन की मिलेगी जानकारी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 25 नवंबर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के तहत जनपद गौतमबुद्धनगर में मतदाताओं की सुविधा के लिए डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर (वोटर हेल्पलाइन सेंटर) स्थापित किया गया है। यह केंद्र 17 नवंबर 2026 से कलेक्ट्रेट, सूरजपुर में संचालित है।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मतदाता केंद्र के माध्यम से निर्वाचक नामावली में नाम शामिल कराने, नाम हटवाने तथा किसी भी प्रकार की प्रविष्टि में संशोधन कराने संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

ये हैं संपर्क नंबर

मतदाता सहायता के लिए जनपद स्तर पर निम्न टेलीफोन नंबर जारी किए गए हैं:

- *0120-2978701*
- *0120-2978702*
- *0120-2978703*
- *0120-2978705*
- *0120-2978706*

इसके अलावा मतदाता वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 की मिलेगी जानकारी

केंद्र पर अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। मतदाता अपने नाम को सूची में शामिल कराने, अपमार्जन कराने अथवा किसी प्रविष्टि में संशोधन कराने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

यमुना तट पर श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक एकता का महासंगम

युवा शक्ति घाट पर हजारों दीपों से जगमगाया यमुना तट, भव्य महाआरती और दीपदान में उमड़े श्रद्धालु

समाज जागरण



नोएडा। सेक्टर-94 स्थित युवा शक्ति घाट पर वाईएसएस फाउंडेशन की ओर से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ह्यदेव दीपावली 2.0, यमुना दीपोत्सव एवं भव्य महाआरतीह्ल का आयोजन किया गया। हजारों दीपों से जगमगाते यमुना तट पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन में भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक आस्था, सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण का संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में सामूहिक दीपदान, पितृ तर्पण और महाआरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य मां यमुना के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के साथ नदी संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

गौरी शिक्षा फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि 'एक दीप मां यमुना के नाम' का संदेश धार्मिक आस्था को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ता है। भारत विकास परिषद नोएडा के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने संरक्षण के लिए सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों से सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एडीसीपी मनीषा सिंह, नोएडा



लोगों से नदी में कचरा और पूजन सामग्री नहीं डालने की अपील की। वाईएसएस फाउंडेशन के संस्थापक एवं निदेशक सचिन गुप्ता ने यमुना प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच संचालन अशोक श्रीवास्तव और रंजन तोमर ने किया।



सेक्टर-51 के बैंक्विट हॉलों से परेशान निवासी, पुलिस कमिश्नर से कार्रवाई की मांग

जाम, अवैध पार्किंग और ध्वनि प्रदूषण की शिकायत; सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के पास अडिरा बैंक्विट हॉल की जांच कराने की मांग

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 25 नवंबर। सेक्टर-51 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सेक्टर-51 और आसपास संचालित बैंक्विट हॉलों के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर पुलिस कमिश्नर, गौतमबुद्धनगर को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

आरडब्ल्यूए के अनुसार, शादी समारोहों के दौरान मुख्य और आंतरिक सड़कों पर यातायात जाम, सार्वजनिक स्थानों पर अवैध पार्किंग और फुटपाथों पर अतिक्रमण की



समस्या बढ़ जाती है। इससे एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं के आवागमन में भी बाधा उत्पन्न होने की आशंका रहती है।

एसोसिएशन ने देर रात तक तेज आवाज में डीजे और लाउडस्पीकर बजने, गंदगी फैलने तथा महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को भी उठाया है।

आरडब्ल्यूए ने सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के नीचे संचालित अडिरा बैंक्विट हॉल के आसपास पार्किंग और अतिक्रमण की शिकायत करते हुए भवन के विस्तार तथा निर्माण अनुमतियों की जांच कराने की मांग की है। एसोसिएशन ने सभी बैंक्विट हॉलों का संबंधित विभागों से संयुक्त निरीक्षण, यातायात पुलिस की तैनाती, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई और ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। आरडब्ल्यूए महासचिव संजीव कुमार ने कहा कि संगठन किसी वैध व्यावसायिक गतिविधि के विरोध में नहीं है, लेकिन कारोबार के कारण निवासियों की सुरक्षा और नागरिक सुविधाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

27 नवंबर को टीएमयू में जुटेंगी देश की प्रतिष्ठित हस्तियां

टेडएक्स टीएमयू का मंच बनेगा विचार, प्रेरणा और नवाचार का संगम

समाज जागरण

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में 27 नवंबर को टेडएक्स टीएमयू मुरादाबाद-2026 का आयोजन होगा। कार्यक्रम में सैन्य नेतृत्व, सिनेमा, स्वास्थ्य सेवा, उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण और युवा नेतृत्व से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियां अपने अनुभव साझा करेंगी।

कार्यक्रम में पूर्व वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बी.एस. धनोआ, सेवानिवृत्त एडमिरल आर. हरि कुमार, पूर्व सैन्य अधिकारी एवं अभिनेता मेजर मोहम्मद अली शाह, उद्यमी डॉ. सार्थक बख्शी, अभिनेता गुलशन पांडेय, उद्यमी सिद्धि सोमानी जौहरी और टीएमयू की छात्रा समृद्धि



शर्मा शामिल होंगी।

पूर्व वायुसेना प्रमुख बी.एस. धनोआ कारगिल युद्ध के अनुभवों और नेतृत्व क्षमता पर विचार साझा करेंगे। पूर्व नौसेना प्रमुख आर. हरि कुमार सैन्य अनुशासन और रणनीतिक सोच पर चर्चा करेंगे।

मेजर मोहम्मद अली शाह सैन्य सेवा से अभिनय तक के अपने सफर के अनुभव बताएंगे। डॉ. सार्थक बख्शी उद्यमिता और सामाजिक नवाचार, जबकि गुलशन पांडेय अभिनय जगत के संघर्ष और अनुभव साझा करेंगे। सिद्धि सोमानी जौहरी महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता पर विचार रखेंगी। छात्रा समृद्धि शर्मा युवा नेतृत्व, आत्मविश्वास और तार्किक क्षमता के विषय पर अपनी बात रखेंगी।

एसआईआर के बाद भी मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियों का आरोप

नोएडा विधानसभा-61 की सूची की जांच कराने की मांग, सपा महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता ने उठाए सवाल

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता ने नोएडा विधानसभा-61 की मतदाता सूची में संदिग्ध दोहरी प्रविष्टियां मिलने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

डॉ. गुप्ता के अनुसार, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जारी मतदाता सूची में भी ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें समान नाम और पिता अथवा पति के नाम वाले मतदाताओं की अलग-अलग वोटर आईडी तथा मतदान केंद्रों पर प्रविष्टियां दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि भाग संख्या 50 और 45 में समान नाम एवं फोटो वाली प्रविष्टियां, भाग संख्या 27 और 45 में समान नाम तथा फोटो वाले मतदाता और भाग संख्या 53 में समान नाम एवं फोटो वाले दो मतदाताओं की प्रविष्टियां सामने आई हैं।

सपा नेता ने दावा किया कि एक ही व्यक्ति के नाम पर एक मतदान केंद्र में दो अलग-अलग वोटर आईडी दर्ज होने का मामला भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि संगठन ने पहले भी संदिग्ध मतदाताओं के संबंध में चुनाव आयोग और जिला प्रशासन को जानकारी दी थी। डॉ. गुप्ता ने निर्वाचन आयोग से सभी संदिग्ध प्रविष्टियों की जांच कर नियमानुसार सुधार कराने तथा मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।

यमुना प्राधिकरण ने मथुरा में 9 हेक्टेयर भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

मांट तहसील में अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई, 27 करोड़ रुपये की भूमि मुक्त कराने का दावा

मथुरा। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने जनपद मथुरा की तहसील मांट में अवैध अतिक्रमण और अनधिकृत कॉलोनियों के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान चलाया। 25 नवंबर को हुई कार्रवाई में लगभग 9 हेक्टेयर यानी 90 हजार वर्ग मीटर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

प्राधिकरण के अनुसार, मुक्त कराई गई भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 27 करोड़ रुपये है। कार्रवाई ग्राम पिपरौली बांगर, चुड़ा हंसी और ग्राम सौर में की गई। ये क्षेत्र प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आते हैं, जहां हेरिटेज सिटी और राया अर्बन सेंटर जैसी विकास परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।

अभियान में प्राधिकरण के राजस्व, भूलेख और परियोजना विभाग के अधिकारियों तथा स्थानीय राजस्व एवं प्रवर्तन टीम ने संयुक्त रूप से भाग लिया।

प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि अधिसूचित क्षेत्र में अवैध कब्जे और अनधिकृत कॉलोनियों के विकास को स्वीकार नहीं किया जाएगा। नियोजित विकास सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी प्रवर्तन अभियान जारी रखने की बात कही गई है।

शिकोहाबाद में 20 लाख के चोरी के जेवरों के साथ मां-बेटी गिरफ्तार

रिश्तेदार बनकर घर में रुके थे आरोपी, अलमारी से गायब किए थे सोने-चांदी के आभूषण; मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबोचा

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह



फिरोजाबाद। शिकोहाबाद पुलिस ने चोरी के मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से करीब 20 लाख रुपये कीमत के सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान फरुर्खाबाद निवासी संगीता और उसकी बेटी श्रेया के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले में बरामदगी से संबंधित धारा भी बढ़ाई है।

पुलिस के अनुसार, शिकोहाबाद के कृष्णा बिहार स्टेशन रोड निवासी गोपाल दत्त ने 20 सितंबर को चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि फरुर्खाबाद निवासी पंकज और उसका साला सौरभ 11 सितंबर की रात उनके घर आए थे। रिश्तेदार होने के नाते उन्होंने दोनों को घर पर ठहराया था। अगले दिन 12 सितंबर को वे उन्हें दिल्ली लेकर गए और 13 सितंबर को वापस लौटने के बाद दोनों अपने घर चले गए। बाद में जब उन्होंने अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण देखे तो वे गायब मिले। मामले की जांच के दौरान प्रकाश में आईं संगीता और श्रेया को पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर मुस्तफाबाद रोड से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से सोने की चेन, कड़े, चूड़ियां, झुमके, अंगूठी, माथे का टीका, बेसर और ईयर रिंग समेत आभूषण बरामद हुए हैं। एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में हुई कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, उपनिरीक्षक सोनू कुमार, महिला उपनिरीक्षक काजल समेत पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

आगामी निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, संवेदनशील बूथों पर विशेष सतर्कता के निर्देश

पुलिस - प्रशासन आपसी समन्वय से समयबद्ध पूरा करें निर्वाचन संबंधी तैयारियां, वल्नरेबिलिटी मैपिंग और निरोधात्मक कार्रवाई पर दिया जोर

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह



फिरोजाबाद। आगामी निर्वाचन के दृष्टिगत तैयारियों, कानून-व्यवस्था की स्थिति तथा बूथवार एवं सेक्टरवार संवेदनशीलता के आकलन को लेकर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल सहित समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस का गहन अध्ययन कर उसी के अनुरूप कार्रवाई की जाए। निर्वाचन संबंधी सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुदृढ़ तरीके से पूरी की जाएं। कानून-व्यवस्था, अपराध, संवेदनशील मामलों और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन से जुड़े बिंदुओं की प्रतिदिन समीक्षा की जाए। जिलाधिकारी ने पोलिंग स्टेशन एवं बूथवार संवेदन शीलता का आकलन करने के लिए विस्तृत सूचनाएं संकलित करने पर जोर दिया। इसमें पिछले एक वर्ष के दौरान जातीय एवं सामुदायिक संघर्ष, राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता, पूर्व चुनावों से जुड़े अपराध, गंभीर एवं जघन्य अपराध, जिला बदर और निरोधात्मक कार्रवाई, संभावित राजनीतिक तनाव तथा मतदान को प्रभावित करने वाली गतिविधियों की जानकारी शामिल करने के निर्देश दिए बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने वल्नरेबिलिटी मैपिंग के तहत चिन्हित बूथों एवं क्षेत्रों की लगातार निगरानी करने और संबंधित सूचनाओं को नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक बार सूचना भेज देने के बाद उसे अंतिम न माना जाए, बल्कि संवेदनशील क्षेत्रों एवं वल्नरेबल पॉकेट की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जाए। उन्होंने पुराने एवं प्रचलित भूमि तथा राजस्व विवादों को चिन्हित कर पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों के माध्यम से समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही 107/116 एवं 126/135 जैसी निरोधात्मक कार्रवाई प्रभावी ढंग से करने तथा जमीन पर कब्जा दिलाने से जुड़े मामलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए एसडीएम एवं क्षेत्राधिकारी को आपसी समन्वय से कार्रवाई करने को कहा। पूर्व में हुए चुनावों वर्ष 2024, 2022, 2019 एवं 2017 से संबंधित मामलों, रेड कार्ड, नोटिस एवं बाउंड-डाउन कार्रवाई की केस-टू-केस समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने धार्मिक, सामाजिक, समरसता एवं भाईचारे से जुड़े आयोजनों को भी निर्वाचन के दृष्टिकोण से संवेदन शीलता के साथ देखने और संभावित राजनीतिक प्रभावों का समय रहते आकलन करने को कहा। मतदान केंद्रों के संयुक्त निरीक्षण के दौरान एएमएफ सुविधाओं के अंतर्गत प्रवेश एवं निकास मार्ग, बाउंड्री वॉल, शौचालय, पेयजल और विद्युत व्यवस्था की जांच करने, खुले में पड़े ईंट-पत्थरों को हटवाने तथा भीड़भाड़ वाले मतदान केंद्रों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। क्रिटिकल मतदान केंद्रों के चिन्हित किए जाने के कारणों और वहां किए गए निरोधात्मक उपायों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्रों का भ्रमण कर आवश्यक सूचनाएं एकत्रित करें। दिसंबर के द्वितीय सप्ताह में भारत निर्वाचन आयोग की प्रस्तावित बैठक को देखते हुए बाउंड-डाउन कार्रवाई, सीजर एवं अन्य निर्वाचन संबंधी तैयारियों में तेजी लाई जाए। इसके अतिरिक्त इलेक्शन एक्सपेंडिचर तथा संवेदन शील बिंदुओं के चिन्हीकरण के लिए गठित समिति के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

सड़क सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता, छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

145 छात्राओं ने लिया भाग, रेखा शर्मा को मिला प्रथम पुरस्कार

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह



फिरोजाबाद। दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें करीब 145 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के बाद छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेनू वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाइयों की ओर से आयोजित प्रतियोगिता का विषय मानव जीवन और सुरक्षा रखा गया। प्रतियोगिता में डॉ. ज्योति अग्रवाल, डॉ. शालिनी सिंह और डॉ. नूतन राजपाल निर्णायक रहीं। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा रेखा शर्मा को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद छात्राओं ने रैली निकालकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। छात्राओं ने हेलमेट लगाना है, जीवन बचाना है और सिग्नल को पहचानो प्यारे, फिर देखो तुम अजब नजारे जैसे नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. माधवी सिंह और डॉ. अंजु गोयल ने किया।

जनगणना-2027: स्व-गणना अभियान में तेजी लाएं अधिकारी, अधिक से अधिक परिवारों को करें जागरूक - जिलाधिकारी

समाज जागरण



बहजोई/ सम्भल । जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या की गणना) के अंतर्गत 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित स्व-गणना अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्व-गणना अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक परिवारों को इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चार्ज स्तर पर तैनात प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के माध्यम से आमजन को स्व-गणना के प्रति जागरूक किया जाए। सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराते हुए इसकी प्रगति में तेजी लाएं तथा प्रतिदिन की प्रगति से अवगत कराएं। इसके साथ ही बैठक में 01 दिसंबर 2026 से प्रारंभ होने वाली जनसंख्या गणना की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। इस संबंध में निर्देश दिए गए कि जनगणना कार्य में तैनात किसी भी प्रगणक, पर्यवेक्षक अथवा जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारी का अवकाश जिलाधिकारी अथवा अपर जिलाधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना स्वीकृत न किया जाए, ताकि जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सुचारू रूप से संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने सभी चार्ज अधिकारियों एवं खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्व-गणना अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिक से अधिक परिवारों की स्व-गणना कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि अभियान के निर्धारित समय के भीतर बेहतर प्रगति प्राप्त करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी से कार्य करें। इस अवसर पर अपर जिला धिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह एवं समस्त चार्ज अधिकारी, उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधि कारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार, सात मुकदमे दर्ज

बसई मोहम्मदपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ा, आर्म्स एक्ट में मुकदमा

समाज जागरण

फिरोजाबाद। बसई मोहम्मदपुर पुलिस ने अवैध असलहा रखने के आरोप में अजय उर्फ अजुआ को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।



एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अवैध असलहों की बरामदगी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को बसई मोहम्मदपुर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने विलहना से भट्टा रोड जाने वाले रास्ते के पास नगला उदी निवासी अजय उर्फ अजुआ पुत्र डम्बर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बसई मोहम्मदपुर में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट, आयुध अधिनियम, आबकारी अधिनियम और जुआ अधिनियम के तहत सात मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सिंहराज सिंह, उपनिरीक्षक देवेंद्र पंवार, हेड कांस्टेबल चंद्रभान सिंह, कांस्टेबल भूपेश चौधरी और रिजर्व कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे।

परिवार परामर्श केंद्र में 14 मामलों की सुनवाई, तीन बिछड़े परिवारों को फिर मिलाया

समाज जागरण

बहजोई। पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी जनपद सम्भल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत एवं क्षेत्राधिकारी यातायात स्तुति सिंह के पर्यवेक्षण में संचालित पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केन्द्र की बैठक थानाध्यक्ष डा0 रूकमपाल सिंह की अध्यक्षता में गौशाला रोड पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां कुल पत्रावली 14 को सुना गया 05 पत्रावली का निस्तारण किया गया 03 परिवारों को पुनः मिलाया गया, 02 पत्रावली पर आवेदक द्वारा बल न दिए जाने के कारण व अन्य करण से बंद किया गया। इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता, पूनम अरोरा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

पाशा के खिलाफ साजिश रचे जाने की आलोचना

दलालों के गिरोह का विरोध करना पड़ा भारी,

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो
शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर



बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के विरूद्ध नगीना में दर्ज हुए मुकदमे में साजिश रचने वालों की आलोचना हो रही है। समर्थक पाशा को बेगुनाह बताते हुए मांग कर रहे है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। साथ ही साजिश रचने वालों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना में सीओ साहब के साथ राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने गुलदस्ता देते हुए फोटो खिचवाया था। आमतौर पर जनपद में जब भी कोई अधिकारी आता है, तो एमआर पाशा उनसे मुलाकात कर संगठन की तरफ से उन्हें गुलदस्ता भेंट करते हैं। उन्होंने अब तक सैकड़ों वरिष्ठ अधिकारियों को गुलदस्ता भेंट किया है। इसी क्रम में वह नगीना गए थे। एमआर पाशा का कहना है कि उन्होंने नगीना में लिए गये फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल किया था। लेकिन कुछ तत्वों ने उस फोटो को एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं लगातार दलालों के गिरोह का विरोध कर रहा हूं। उन्होंने कई दलालों की दुकानें बंद करा दी है। जिसकी वजह से दलाल उनसे रंजिश रखते है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ दलालों के द्वारा ही साजिश रची गई है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिरकार मैं फोटो एडिट कर सीओ साहब का नाम बदलने का काम क्यों करूंगा और इससे मुझे क्या फायदा होगा। उन्होंने कहा कि आज तक मैंने कभी भी फोटो एडिट नहीं किया है और न ही किसी के नाम का फायदा उठाया है। उन्होंने कहा कि मेरी तमाम आईएएस व आईपीएस अधिकारियों से मुलाकात हो चुकी है। उनके सैकड़ों वरिष्ठ अधिकारियों से संबंध रहे हैं। मैंने कभी भी इन संबंधों का नाजायज फायदा नहीं उठाया है। नगीना सीओ सर्किल क्षेत्र में उनकी कोई कॉलोनी नहीं कट रही है और न ही वह दलाली करने के लिए थाने जाते है। उन्होंने कहा कि मेरी छवि खराब करने के लिए साजिश रचने वालों को बेनकाब किया जाना चाहिए। दूसरी तरफ पाशा के समर्थकों का कहना है कि पूरे मामले की गहनता से जांच होनी चाहिए। वह पूरी तरह से बेगुनाह है और उनके दामन पर किसी तरह का कोई दाग नहीं है। समर्थकों का कहना है कि अगर ईमानदारी से पूरे मामले की जांच हो जाए, तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत 25 दिसंबर तक कराएं पूर्ण : जिलाधिकारी

खुदाई से क्षतिग्रस्त सड़कों के रेस्टोरेशन(पुनर्स्थापना)की सूची, फोटोग्राफ एवं अधिकारियों से सत्यापन कराने के दिए निर्देश

समाज जागरण

सम्भल (बहजोई), 25 नवंबर 2026कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में जल निगम (ग्रामीण) के अंतर्गत जल जीवन मिशन (ग्रामीण) की पेयजल पाइपलाइन योजनाओं के तहत कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्स्थापना की प्रगति की जानकारी कार्यदायी संस्थाओं एसपीएमएल, एनकेजी एवं एलसी के प्रतिनिधियों से प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों तथा मरम्मत किए जा चुके मार्गों की अलग-अलग सूची उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, जिन सड़कों का पुनर्स्थापना (रेस्टोरेशन) अभी लंबित है, उनकी सूची भी प्रस्तुत की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन सड़कों की मरम्मत कराई जा चुकी है, उनका संबंधित अधिकारियों से स्थलीय सत्यापन कराया जाए। रेस्टोरेशन किए गए मार्गों के फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराए जाएं। सीसी रोड को पाइपलाइन कार्य के लिए तोड़ने के बाद पुनः मोटरेबल बनाए जाने की स्थिति के फोटोग्राफ भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पेयजल आपूर्ति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिन योजनाओं के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनमें निर्धारित समयसीमा के भीतर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नए कनेक्शन के लिए फिलहाल किसी भी सड़क की खुदाई न की जाए। यदि किसी स्थान पर खुदाई अत्यंत आवश्यक हो, तो इसके लिए पूर्व अनुमति प्राप्त करने के बाद ही कार्य कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सड़कों की मरम्मत एवं रेस्टोरेशन का कार्य प्रत्येक दशा में 25 दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने सात दिन बाद पुनः बैठक आयोजित कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार, डिप्टी कलेक्टर नीरज कुमार द्विवेदी, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) अमित कुमार राजपूत तथा संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

32 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन में कराएं प्रतिभाग :-डीआईओएस

समाज जागरण

फिरोजाबाद। भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद श्रीमती मुदिता पाण्डेय के निर्देशन एवं जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन , प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के संयोजन में 32 वीं राज्य स्तरीय



बाल विज्ञान कांग्रेस- 2026 के जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन का आयोजन 30 नवम्बर 2026 दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे से श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती मुदिता पाण्डेय द्वारा जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी 2026 में जिन विद्यालयों के प्रतिभागियों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया है, उन सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य मार्गदर्शक शिक्षक के साथ प्रतिभागी को प्रोजेक्ट, दैनंदिनी, पोस्टर आदि सामग्री के साथ उनकी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन का मुख्य विषय साइंस एंड इनोवेशन फॉर सस्टैंबिलिटी है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने वाले 10 वर्ष से 17 वर्ष तक के बच्चे दो वर्ग जूनियर तथा सीनियर वर्ग में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने जनपद के रजिस्ट्रेशन करने वाले विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे सभी प्रतिभागियों के फॉर्म पूर्ण एवं सारांश ऑनलाइन जमा करके प्रतिभागियों को ससमय प्रतिभाग कराकर उनकी शोध की प्रवृत्ति में वृद्धि करने में सहयोग करें।

गंगा स्नान पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर



मंडावर। मंगलवार को बालावाली गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पित्रों का तर्पण किया। गंगा स्नान पर गंगा तट पर लगने वाले मेले में महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी की इस दौरान मेले में भारी पुलिस बल तैनात रहा। कार्तिक पूर्णिमा पर बालावाली गंगा घाट पर लगने वाले गंगा स्नान मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर अपने पितरों का तर्पण विधि विधान के साथ किया। इस दौरान गंगा घाट पर लगने वाले मेले में महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीदारी की व चाट पकौड़ी का भरपूर आनंद लिया। मेले में सुरक्षा दृष्टि को लेकर मंडावर कार्यभार थाना प्रभारी यशपाल आर्य अपनी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री बने महताब खान चांद

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो
शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

नजीबाबाद। भारतीय किसान यूनियन धरती पुत्र अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश यादव ने इंटरनेशनल ब्रांड एंबेसडर और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े महताब खान चांद को संगठन मैं राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया है।

संगठन के प्रति निष्ठा समर्पण एवं सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट सेवाओं को ध्यान में रखते हुए संगठन ने आशा व्यक्त किया है कि संगठन की नीतियों एवं सिद्धांतों के अनुरूप किसान मजदूर गरीब शोषित एवं वंचित समाज के अधिकारों के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करते हुए देश मैं संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे।

18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए विशेष अभियान चलाकर की जाए सघन छापेमारी : अपर जिलाधिकारी

समाज जागरण

सम्भल (बहजोई) 25 नवंबर 2026। कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में एक युद्ध नशे के विरुद्ध एवं ह्यनशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एनकार्ड (NCORD) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में मादक पदार्थों की रोकथाम, नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी ने विगत बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में की गई कार्रवाई एवं प्रगति से अपर जिलाधिकारी को अवगत कराया।

अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मादक पदार्थों की बिक्री एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम के लिए सघन जांच एवं छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मेडिकल स्टोरों पर एक युद्ध नशे के विरुद्ध एवं तंबाकू निषेध से संबंधित जागरूकता पोस्टर भी अनिवार्य रूप से लगवाए जाएं।

उन्होंने रोड चेकिंग के दौरान चेक किए गए वाहनों की संख्या एवं संबंधित कार्रवाई का पूरा विवरण समीक्षा बुकलेट में शामिल करने के निर्देश दिए, जिससे अभियान की प्रगति का सही आकलन किया जा सके। अपर जिलाधिकारी ने विद्या लयों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रहरी क्लब एवं प्रहरी शिक्षक नामित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं किशोरों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से विशेष टीम गठित कर सघन अभियान चलाएं तथा अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल छापेमारी की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

अपर जिलाधिकारी ने छापेमारी एवं प्रवर्तन संबंधी कार्रवाई की रिपोर्ट अलग-अलग तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ढाबों एवं होटलों पर की गई छापेमारी का विवरण अलग तथा दुकानों एवं मेडिकल स्टोरों पर की गई कार्रवाई का विवरण अलग-अलग प्रस्तुत किया जाए, ताकि प्रत्येक क्षेत्र में की गई कार्रवाई की स्पष्ट समीक्षा की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए

तथा सभी संबंधित अधिकारी नियमित रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पंकज कुमार बिश्नोई, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला आबकारी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ एवं सुपरवाइजरों पर होगी कार्रवाई

पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने एवं फार्म-6 सहित अन्य प्रपत्र एकत्र करने में लापरवाही पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 के तहत कार्रवाई के निर्देश

समाज जागरण

सम्भल (बहजोई)25 नवंबर 2026 ।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत फार्म-6 एवं अन्य निर्धारित प्रपत्र एकत्र करने तथा पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ, सुपरवाइजर एवं अन्य संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 के अंतर्गत कार्रवाई करने के निर्देश समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए हैं ।विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों में लापरवाही बरतने के मामलों में विधानसभा क्षेत्रवार चिह्नित कार्मिकों में चंदौसी विधानसभा क्षेत्र के 4 बीएलओ एवं 3 सुपरवाइजर, सम्भल विधानसभा क्षेत्र के 5 बीएलओ एवं 3 सुपरवाइजर, गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के 4 बीएलओ एवं 2 सुपरवाइजर तथा असमोली विधानसभा क्षेत्र के 3 बीएलओ एवं 1 सुपरवाइजर शामिल हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के कार्यों को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित कराया जाए तथा पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 एवं अन्य निर्धारित प्रपत्र समय से एकत्र करना सुनिश्चित किया जाए। निर्वाचन संबंधी दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यातायात सुरक्षा अभियान के तहत तीन सवारी व काली फिल्म के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई में 8,025 लोग जागरूक, 893 वाहनो का चालान, और 5 लाख 74 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला गया

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार चलाये जा रहे यातायात सुरक्षा अभियान के अंतर्गत नवीन अरोरा, अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन के मार्गदर्शन में जनसामान्य को यातायात नियमों के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से निर्धारित दिवसवार कार्ययोजना के क्रम में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत दिनांक 24.11 .2026 को वाराणसी जोन के सभी 09 जनपदों (आजमगढ़, बलिया, मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, चन्दौली, मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही) में 'दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी" और "चार पहिया वाहनों के शीशों पर काली फिल्म" के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया ।



अभियान के दौरान आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कठोर प्रवर्तन कार्रवाई की गई । दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी एवं चार पहिया वाहनों के शीशों पर काली फिल्म के विरुद्ध कार्यवाही में 8,025 व्यक्तियों को जागरूक, 893 वाहनों का चालान तथा 5 लाख 74 हजार रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया ।

सर्वाधिक कार्यवाई क्रमशः 2907 व्यक्तियों को यातायात नियमों के प्रति मीरजापुर परिक्षेत्र में जागरूक, 388 वाहनों का चालान आजमगढ़ परिक्षेत्र एवं 3 लाख 76 हजार शमन शुल्क वाराणसी परिक्षेत्र में वसूल किया गया ।अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं और चार पहिया वाहनों के शीशों पर काली फिल्म न लगाएं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर आगे भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में राज्यमंत्री की पहल, 109 सहायक उपकरणों का किया वितरण

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

चोपन/ सोनभद्र। राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौड़ ने आज विकास खण्ड परिसर चोपन में आयोजित दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण शिविर में पहुंचकर पात्र दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे सहायक उपकरणों के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में राज्यमंत्री के कर-कमलों द्वारा दिव्यांगजनों को कुल 109 सहायक उपकरणों*का वितरण किया गया। इसमें 05 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 40 सामान्य ट्राईसाइकिल, 15 व्हीलचेयर, 14 स्मार्ट केन, 10 लेप्रोसी किट, 20 जोड़ी बैसाखी एवं 05 छड़ी शामिल हैं। इन उपकरणों के माध्यम से दिव्यांगजनों को आवागमन, दैनिक गतिविधियों एवं अन्य आवश्यक कार्यों में सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण, सम्मान एवं सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।



सरकार का उद्देश्य है कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन जीने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। सहायक उपकरणों का वितरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं। उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और वे आत्मविश्वास के साथ अपने दैनिक जीवन के कार्यों को संपन्न कर सकें।

सहायक उपकरण प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों के लिए यह पहल उनके जीवन को अधिक सुगम बनाने के साथ-साथ उनकी गतिशीलता, आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी।

प्रदेश की 96 चीनी मिलों में पेराई कार्य शुरू, सीएम योगी के निर्देश पर किसानों को तत्काल हो रहा भुगतान

पेराई सत्र (2026-27) इनमें 01 निगम क्षेत्र, 17 सहकारी व 78 चीनी मिलें निजी क्षेत्र की
इन चीनी मिलों ने अब तक 707 लाख कुंतल गन्ने की पेराई कर 63.80 लाख कुंतल चीनी का किया उत्पादन
अभी तक हरियावां चीनी मिल हरदोई ने की सबसे अधिक गन्ना पेराई, अजबापुर- डीसीएम ग्रुप ने किया सर्वाधिक 82 करोड़ का भुगतान

पेराई सत्र (2026-27) में अब तक सर्वाधिक पेराई करने वाली चीनी मिल

हरियावां चीनी मिल हरदोई- 22.41 लाख कुंतल हरगांव चीनी मिल सीतापुर- 21.94 लाख कुंतल खतौली चीनी मिल मुजफ्फरनगर- 20.95 लाख कुंतल किसानों को अब तक सर्वाधिक भुगतान करने वाली चीनी मिल अजबापुर-डीसीएम ग्रुप- लखीमपुर- 82 करोड़ मवाना चीनी मिल- मेरठ- 62 करोड़ हरगांव चीनी मिल- सीतापुर- 60.42 करोड़

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गन्ना किसानों की आर्थिक समृद्धि, सम्मान

और उनकी उपज का उचित एवं समय पर मूल्य दिलाने का निर्देश दिया है। इसके पश्चात चीनी मिलों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान करने के निर्देश दिए गये हैं। विभाग निरंतर इसकी मॉनीटरिंग कर रहा है। किसानों को तत्काल भुगतान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। भवानी सिंह खंगारौत गन्ना आयुक्त, उत्तर प्रदेश

लखनऊ, 25 नवंबरः गन्ना किसानों का हित योगी सरकार की प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के उपरांत वर्तमान पेराई सत्र (2026-27) में अब तक 96 चीनी मिलें पेराई कार्य प्रारंभ कर चुकी हैं। अभी तक सबसे अधिक गन्ना पेराई करने वाली हरियावां चीनी मिल हरदोई है। यहां 22.41 लाख कुंतल पेराई की गई है। वहीं अजबापुर- डीसीएम ग्रुप लखीमपुर खीरी की ओर से सर्वाधिक भुगतान 82 करोड़ रुपये किया गया है।

707 लाख कुंतल गन्ने की हुई पेराई, कुल 63.80 लाख कुंतल चीनी का उत्पादन गन्ना आयुक्त भवानी सिंह खंगारौत ने बताया कि वर्तमान सत्र में अब तक प्रदेश की कुल 96 चीनी मिलों ने पेराई कार्य सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दिया है। इसमें निजी क्षेत्र की 78, सहकारी क्षेत्र की 17 व निगम क्षेत्र की एक चीनी मिल शामिल है। इन चीनी मिलों द्वारा इस पेराई सत्र में अब तक कुल 707 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जिससे कुल 63.80 लाख कुंतल चीनी का उत्पादन हुआ है।

किसानों को किया जा रहा त्वरित भुगतान

वर्तमान पेराई सत्र में अब तक के कुल देय गन्ना मूल्य 552.23 करोड़ रुपये के सापेक्ष चीनी मिलों द्वारा शत-प्रतिशत से भी अधिक का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित किया जा चुका है। पेराई सत्र की शुरूआत से ही चीनी मिलों द्वारा त्वरित भुगतान करने से किसानों को बिचौलियों और विलंब की समस्या से मुक्त होकर गन्ना आपूर्ति करने में आसानी होगी।

योगी सरकार का बिजली ढांचे को मजबूत करने पर जोर, अतिरिक्त बिजनेस प्लान 2026-27 के तहत 95 नए विद्युत उपकेंद्रों का होगा निर्माण

302 मौजूदा उपकेंद्रों और 12,528 डीटी उपकेंद्रों की बढ़ेगी क्षमता
33 केवी की नई लाइनों और बे निर्माण के 638 कार्यों पर खर्च होंगे 748.62 करोड़ रुपये
11 केवी विद्युत लाइनों के निर्माण और विभक्तिकरण के 32,354 कार्यों के लिए 780.44 करोड़ रुपये प्रस्तावित
ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं को मिलेगी बेहतर बिजली आपूर्ति, तकनीकी बाधाएं होंगी कम

लखनऊ, 25 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को आधुनिक, मजबूत और अधिक विश्वसनीय बनाने की दिशा में बड़े स्तर पर काम कर रही है। इसी क्रम में ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अतिरिक्त बिजनेस प्लान के तहत व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके माध्यम से प्रदेश में विद्युत आधारभूत ढांचे का विस्तार करने के साथ ही मौजूदा वितरण नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने और उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है। 302 मौजूदा उपकेंद्रों और 12,528 डीटी उपकेंद्रों की बढ़ेगी क्षमता प्रमुख सचिव ऊर्जा एवं उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष रणवीर प्रसाद ने बताया कि योजना के तहत प्रदेश में 95 नए 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण कराया जाएगा, जिस पर 221.01 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं, 302 मौजूदा उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि के लिए 76.64 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इसके अलावा विद्युत वितरण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 12,528 मौजूदा डीटी उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने पर 746.68 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। 33 केवी की नई लाइनों और बे निर्माण के 638 कार्यों पर 748.62 करोड़ रुपये खर्च होंगे योजना के तहत 33 केवी की नई लाइनों एवं बे निर्माण के 638 कार्यों पर 748.62 करोड़ रुपये तथा 33 केवी लाइनों के सुदृढ़ीकरण के 949 कार्यों पर 400.73 करोड़ रुपये का खर्च प्रस्तावित है। वहीं, 11 केवी विद्युत लाइनों के निर्माण एवं विभक्तिकरण के 32,354 कार्यों पर 780.44 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 33 केवी लिंक लाइनों एवं बे के निर्माण के 339 कार्यों पर 93.29 करोड़ रुपये, औद्योगिक फीडरों से संबंधित 134 कार्यों पर 41.99 करोड़ रुपये तथा 33 केवी लाइन क्रॉसिंग के 390 कार्यों पर 28.94 करोड़ रुपये व्यय किए जाने का प्रस्ताव है।

ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति

यूपीपीसीएल अध्यक्ष रणवीर प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाने के लिए ऊर्जा विभाग द्वारा सुनियोजित ढंग से आधारभूत ढांचे का विस्तार किया जा रहा है। यह कार्ययोजना प्रदेश की बढ़ती विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है।

इसके प्रभावी क्रियान्वयन से विद्युत वितरण प्रणाली की क्षमता बढ़ेगी, तकनीकी बाधाओं में कमी आएगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। यह कार्ययोजना पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगमों एवं केस्को की क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

योगी सरकार में नगर निगमों की प्रकाश व्यवस्था को ज्यादा बेहतर बनाने के लिए किया गया मंथन, जांची गई सोलर सिटी परियोजनाओं की प्रगति

नगर निगमों ने 18 वाट की सोलर स्ट्रीट लाइट को 30 वाट की लाइट से बदलने का दिया सुझाव
वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित कार्यों में तेजी लाते हुए स्वीकृत परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने के दिए गए निर्देश

लखनऊ, 25 नवंबर। योगी सरकार ने प्रदेश के 16 नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए ₹40 करोड़ तथा मॉडल सोलर सिटी अयोध्या के लिए ₹15.75 करोड़ का बजट निर्धारित किया है। इस संबंध में बुधवार को सोलर सिटी परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाईमास्ट लाइट, रूफटॉप सोलर पावर प्लांट सहित विभिन्न सौर ऊर्जा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान नगर निगमों की ओर से सुझाव आया कि 18 वाट की सोलर स्ट्रीट लाइट को 30 वाट में अपग्रेड किया जाय। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा शहरी क्षेत्रों को सौर ऊर्जा आधारित शहरों के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के प्रस्तावित कार्यों को गति देने तथा स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगमों द्वारा 18 वाट की सोलर स्ट्रीट लाइट को 30 वाट में अपग्रेड करने तथा मोबाइल बैटरी आधारित ऊर्जा भंडारण सुविधा विकसित करने के सुझाव भी दिए गए। अधिकारियों के अनुसार, बैटरी स्टोरेज की सुविधा से डीजल जनरेटर पर निर्भरता एवं ईंधन व्यय कम करने में मदद मिलेगी। प्रमुख सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों को यूपीनेडा एवं नगर निगमों के बीच समन्वय स्थापित कर परियोजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सोलर सिटी योजना का उद्देश्य नगर निगमों में उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति 2022 अनुसार प्रदेश में नवीन ऊर्जा एवं ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देकर पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करना है। इसके अंतर्गत शहरों की अनुमानित पारंपरिक ऊर्जा मांग में न्यूनतम 10 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य है। इसके लिए सरकारी भवनों, सार्वजनिक परिसरों, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य शहरी सुविधाओं का सौरीकरण किया जाएगा।

बैठक में निदेशक यूपीनेडा रविंद्र सिंह एवं सचिव यूपीनेडा पंकज सिंह सहित विभिन्न नगर निगमों एवं मॉडल सोलर सिटी अयोध्या के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

दो लड़के चुनाव परिणाम से पहले ही हो चुके विफल, सपा-कांग्रेस के बीच एक-दूसरे को शह और मात देने की राजनीति: सीएम योगी

एक तरफ सपा-कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर बैठकें हो रहीं, दूसरी तरफ प्रत्याशी घोषित किए जा रहे, इससे बड़ा अपमान क्या होगा? - सीएम

एक निजी चैनल के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर साधा निशाना
यूपी में परिवारवाद की राजनीति का दौर खत्म, अब प्रदेश बना देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजनः सीएम योगी
रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे सपा प्रमुख रामभक्तों से माफी भी मांगें, 90 के दशक की गलती स्वीकार करें: मुख्यमंत्री
जिस यूपी में कट्टा-बम बनते थे, वहां आज बन रही ब्रह्मोस मिसाइल, रिवॉल्वर और आधुनिक राइफलः सीएम
हमारा वोट बैंक है हर राष्ट्रवादी नागरिक, भाजपा की राजनीति में तुष्टिकरण नहीं, सबका संतुष्टिकरणः मुख्यमंत्री
भारत वर्ल्ड स्पिरिचुअल पावर हाउस, यूपी अनलिमिटेड पोटेंशियल, बुलडोजर प्रदेश की स्ट्रेंथ : सीएम योगी
सीएम योगी ने राहुल गांधी को बताया नाकाम रॉकेट, सपा के पीडीए को परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी करार दिया

लखनऊ, 25 नवंबर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले ये दो लड़कों की जोड़ी चुनाव परिणाम आने के बाद विफल होती थी, लेकिन इस बार चुनाव से पहले ही ये विफल हो चुके हैं। गठबंधन की राजनीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर बैठकें हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। इससे बड़ा अपमान क्या होगा? मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि दोनों दलों के बीच एक-दूसरे को शह और मात देने की राजनीति चल रही है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस की ऐसी स्थिति उसकी नकारात्मक सोच का परिणाम है। जनता बार-बार इन दलों को खारिज कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक निजी न्यूज चैनल के शिखर सम्मेलन में संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की बदली तस्वीर, कानून-व्यवस्था, निवेश, रोजगार, विपक्ष की राजनीति, गठबंधन, आगामी चुनाव और अपनी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए।

सपा-कांग्रेस के गठबंधन पर तंज, एनडीए में कोई विवाद नहीं

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गठबंधन के अपने धर्म, नियम, मान्यताएं और शिष्टाचार होते हैं। लेकिन दोनों दलों के बीच जिस तरह की स्थिति दिखाई दे रही है, वह उनके आपसी तालमेल पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कटाक्ष किया कि इनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि एक तरफ अपमानित हो रहे हैं और दूसरी तरफ उसी को सामान्य बताने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, एनडीए में सीटों के बंटवारे और सहयोगी दलों के बीच कथित मतभेदों पर उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समेत सभी सहयोगी दल एनडीए का हिस्सा हैं। सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन में किसी तरह का विवाद नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के लोग एनडीए की एकजुटता को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

राम भक्तों से समाजवादी पार्टी को माफी मांगनी चाहिए

अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे और समाजवादी पार्टी की सनातन के प्रति बदली राजनीतिक भाषा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो नावों की सवारी हमेशा खतरनाक होती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या जाना अच्छी बात है, लेकिन समाजवादी पार्टी को रामभक्तों से माफी भी मांगनी चाहिए। यदि 90 के दशक में ही यह सद्बुद्धि आ गई होती तो रामभक्तों पर गोली चलाने की नौबत नहीं आती। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफी मांगने से कोई व्यक्ति छोटा नहीं होता। उन्होंने अपने राजनीतिक आधार को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा का वोट बैंक हर वह राष्ट्रवादी नागरिक है, जो भारत के संविधान और देश की विरासत में विश्वास करता है। भाजपा की राजनीति किसी एक जाति या वर्ग तक सीमित नहीं है। पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान के सिद्धांत पर काम करती है। 2017 से पहले बीमारू था यूपी, अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन प्रदेश की बदली छवि पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य, गुंडागर्दी, अराजकता और उपद्रव से ग्रसित प्रदेश के रूप में देखा जाता था। व्यवस्था अनिर्णय की शिकार थी। गरीब कल्याण, युवाओं के रोजगार, किसानों के सम्मान और महिलाओं की सुरक्षा के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियां थीं। व्यापारी भयभीत थे और निवेशक प्रदेश में आने से कतराते थे। मार्च 2017 में मिली जिम्मेदारी के बाद सरकार ने सबसे पहले कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने और व्यवस्था को पटरी पर लाने का काम किया। आज प्रदेश में लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने, अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय को लगभग तीन गुना करने तथा बजट को तीन गुना से अधिक बढ़ाने में सफलता मिली है। महिला कार्यबल की भागीदारी भी तीन गुना से अधिक बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में देश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है। सात शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। प्रदेश में 17 क्रियाशील एयरपोर्ट हैं, जिनमें पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शामिल हैं। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन और देश की पहली रैपिड रेल भी यूपी की नई पहचान हैं। वाराणसी में देश की पहली रोपवे सेवा भी जल्द शुरू होने जा रही है।

माफियाराज पर प्रहार से हथियार निर्माण तक पहुंचा यूपी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की संकीर्ण सोच के कारण प्रदेश में निवेश का माहौल नहीं बन पाया। उस समय कई क्षेत्रों में अवैध कट्टा और बम बनाने की गतिविधियां चलती थीं। आज उसी उत्तर प्रदेश में आधुनिक रिवॉल्वर, राइफल और ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण हो रहा है। यह कानून-व्यवस्था में सुधार और औद्योगिक विकास के बीच बने संबंध का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 36 सेक्टोरल पॉलिसीज के माध्यम से निवेशकों को अवसर दिए जा रहे हैं। करीब 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। एमएसएमई सेक्टर को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के माध्यम से नई पहचान मिली है। इस क्षेत्र के जरिए करीब सवा तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है। विपक्ष के इस आरोप पर कि वर्तमान सरकार पिछली सरकारों की परियोजनाओं का उद्घाटन कर श्रेय ले रही है, मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि पिछली सरकारों ने काम किया था तो उन्हें उद्घाटन करने का अवसर क्यों नहीं मिला? उन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछली सरकारों के दौरान अंधविश्वास, पाखण्ड और संकीर्ण सोच के कारण मुख्यमंत्री वहां जाने से बचते थे। 2017 में चार लाख होम बायर्स अपने मकानों की प्रतीक्षा कर रहे थे। सरकार ने बिल्डर-बायर्स के बीच संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान कराया। आज इसी क्षेत्र में जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, सेमीकंडक्टर यूनिट, फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क और डेटा सेंटर हब विकसित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि देश में बनने वाले मोबाइल फोन का लगभग 55 प्रतिशत और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट का लगभग 60 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। कानून-व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस, महिला और व्यापारी की सुरक्षा सर्वोपरि बुलडोजर कार्रवाई और एनकाउंटर को लेकर विपक्ष के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में सफल रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून को चुनौती देने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। महिला सुरक्षा और व्यापारियों के सम्मान को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि गलत निगाह रखने वालों के सामने दो ही रास्ते हैं- जेल या जहन्नुम। कानून का पालन करने वालों का कानून सम्मान करेगा, लेकिन कानून के खिलाफ जाने वालों पर कार्रवाई होगी। कानून-व्यवस्था सुधारना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

आस्था का आवेग: 15 दिन में एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या

-कार्तिक माह में रामनगरी ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों का रिकॉर्ड तोड़ आंकड़ा देखा
-श्रद्धालुओं ने रामलला और हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन कर गुप्तारघाट सूर्यकुंड का भी किया भ्रमण
-योगी सरकार की पर्यटन विकास नीति की भी श्रद्धालुओं ने की जमकर तारीफ

अयोध्या,25 नवम्बर। कार्तिक माह की पावन अवधि में रामनगरी अयोध्या ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों का रिकॉर्ड तोड़ आंकड़ा देखा है। बीते 15 दिनों में एक करोड़ से अधिक भक्तों ने यहां पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और पुण्य कमाया। दीपोत्सव, चौदह कोसी-पंचकोसी परिक्रमा और कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान शहर पूरी तरह श्रद्धा से सराबोर रहा। व्यापारियों का कहना है कि इतनी भीड़ और कारोबार पहले कभी नहीं देखा। राम मंदिर दर्शन के साथ अन्य धार्मिक स्थलों पर भी भक्तों की भारी भीड़ रही। सूर्यकुंड, गुप्तारघाट और भरतकुंड में दर्शन-पूजन करने वालों की संख्या उल्लेखनीय रही। पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। व्यापारियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी व्यवस्था और विकास जारी रहे तो अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ेगी। जानिए, दीपोत्सव से लेकर स्नान तक कितने श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे सरकारी आंकड़ों के अनुसार दीपोत्सव में तकरीबन दस लाख श्रद्धालु पहुंचे। चौदह कोसी परिक्रमा में करीब 30 लाख और पंचकोसी परिक्रमा में लगभग 50 लाख भक्तों ने परिक्रमा पूरी की। कार्तिक पूर्णिमा के स्नान में भी करीब 35 लाख श्रद्धालु अयोध्या आए। इन भक्तों ने स्वयं को सिर्फ राम मंदिर और हनुमानगढ़ी तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सूर्यकुंड, गुप्तारघाट और भरतकुंड पहुंचकर भी दर्शन-पूजन किया। पूरा शहर श्रद्धालुओं और पर्यटकों से भरा रहा।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद शहर में पर्यटन और आस्था का बढ़ा मेल

योगी आदित्यनाथ सरकार के नेतृत्व में अयोध्या के कायाकल्प ने इस भीड़ को संभालने में बड़ी भूमिका निभाई। नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, विस्तारित रेलवे स्टेशन, चौड़ी सड़कों, आधुनिक पार्किंग व्यवस्था, रोशनी और साफ-सफाई व्यवस्था ने भक्तों को सुविधा दी। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद शहर में पर्यटन और आस्था का मेल बढ़ा है। सरकार ने मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा, स्वास्थ्य और यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया, जिससे इतनी बड़ी संख्या में आए श्रद्धालु सहजता से दर्शन कर सके।

जितना साल भर में होता था, उतना 15 दिन में हो गया कारोबार

हनुमानगढ़ी के पास फूल-माला और प्रसाद की दुकान चलाने वाले रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि दीपोत्सव से लेकर पूर्णिमा तक दुकान में सुबह से रात तक भीड़ रही। पहले साल भर में जितना कारोबार होता था, उतना इन 15 दिनों में हो गया। योगी सरकार ने शहर को साफ-सुथरा और सुविधाजनक बनाया है, इसलिए लोग आराम से आ रहे हैं और ज्यादा खरीद भी कर रहे हैं।

सरकार की योजनाओं का हम सबको फायदा मिल रहा है

रामकोट क्षेत्र में पूजा सामग्री और स्मृति चिह्न बेचने वाले व्यापारी अजय कुमार ने कहा कि पर्यटक और श्रद्धालु दोनों आए। मंदिर के अलावा सूर्यकुंड और गुप्तारघाट भी भरे रहे। व्यापार पहले से दोगुना-तिगुना हो गया। सड़कें चौड़ी हो गईं, लाइटिंग अच्छी है, पार्किंग की व्यवस्था है। सरकार की विकास योजनाओं का फायदा हम सबको मिल रहा है।

विकास कार्यों के कारण स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिली ऊर्जा

शहर के होटल, रेस्तरां, ऑटो-रिक्शा और स्थानीय दुकानदारों ने भी अच्छी कमाई की। प्रशासन ने मेले और परिक्रमा के दौरान विभिन्न विभागों के समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। योगी सरकार की दृष्टि में अयोध्या को विश्व स्तरीय तीर्थस्थल बनाने का प्रयास साफ दिख रहा है। विकास कार्यों के कारण न सिर्फ श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा मिली है।

प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी : डीएम

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। पानी, शौचालय, चिकित्सा, सुरक्षा और यातायात की समुचित व्यवस्था की गई। विभिन्न विभागों के बेहतर समन्वय से दीपोत्सव, परिक्रमा और कार्तिक पूर्णिमा स्नान सहित सभी आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।

सड़क सुरक्षा पाठशाला में 200 विद्यार्थियों ने सीखे यातायात नियम

केंद्रीय विद्यालय सेक्टर-24 में परिवहन विभाग का जागरूकता कार्यक्रम, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व पर दिया जोर

समाज जागरण

नोएडा, 25 नवंबर। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सेक्टर-24 में परिवहन विभाग के सहयोग से ह्यसड़क सुरक्षा पाठशालाह्ल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यातायात संकेतों, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता तथा सुरक्षित वाहन संचालन के नियमों की जानकारी दी गई। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय समझाए गए।

गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा का सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश भी प्रसारित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने और अपने परिजनों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।



मुख्य अतिथि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. उदित नारायण पांडेय और यात्री कर अधिकारी के.जी. संजय ने विद्यार्थियों से संवाद किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को जागरूकता पुस्तिकाएं और प्रमाणपत्र वितरित किए गए। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी ली।



स्वीडन की कंपनी ग्रेटर नोएडा में 150 करोड़ निवेश को इच्छुक

20 हजार वर्ग मीटर भूखंड की जरूरत, 500 युवाओं को रोजगार देने की योजना

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। स्वीडन की कंपनी केबी कंपोनेंट इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से मुलाकात कर क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने प्राधिकरण के बोर्ड रूम में एसीईओ प्रेरणा सिंह, सुमित यादव और नुपुर गोयल से मुलाकात की। इस दौरान ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक ढांचे, नीतियों और उपलब्ध औद्योगिक भूमि के बारे में



जानकारी ली गई।

प्राधिकरण के अनुसार, कंपनी को लगभग 20 हजार वर्ग मीटर भूखंड की आवश्यकता है। कंपनी करीब 150 करोड़ रुपये का निवेश करने और लगभग 500 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की योजना बना रही है।

एसीईओ प्रेरणा सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ग्रेटर नोएडा और आईआईटीजीएनएल की औद्योगिक सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में उद्योगों के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई हैं और भूखंड आवंटन के बाद उद्यमी कम समय में अपना उद्योग शुरू कर सकते हैं।

कंपनी प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा में निवेश की इच्छा जताई। हालांकि, निवेश और रोजगार संबंधी प्रस्ताव अभी शुरूआती चरण में है।



मुख्यमंत्री की माता के निधन पर नोएडा में श्रद्धांजलि सभा

आतंकवाद विरोधी मोर्चा और हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के पदाधिकारियों ने दी पुष्पांजलि

नोएडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता स्वर्गीय सावित्री देवी के निधन पर नोएडा में आतंकवाद विरोधी मोर्चा की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पंडित एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। सभा में उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में पंडित एलएन शर्मा, हिमांशु शर्मा, ध्रुव शर्मा, अंकित शर्मा, रजत शर्मा एडवोकेट सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



इसी क्रम में हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के पदाधिकारियों ने भी स्वर्गीय सावित्री देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। संघ के जिला अध्यक्ष अजय सिंह चौहान, मेरठ प्रांत प्रभारी दुर्गा प्रसाद दूबे, महामंत्री रामबहल चौधरी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

यमुना प्राधिकरण ने मथुरा में 9 हेक्टेयर भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, 27 करोड़ रुपये की भूमि मुक्त; हेरिटेज सिटी और राया अर्बन सेंटर के विकास का रास्ता होगा साफ

समाज जागरण

मथुरा, 25 नवंबर। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने अवैध अतिक्रमण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जनपद मथुरा की तहसील मांट में लगभग 9 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। बुधवार को चलाए गए व्यापक प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध निमार्णों और कॉलोनियों का ध्वस्तीकरण किया गया। प्राधिकरण के अनुसार, मुक्त कराई गई भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 27 करोड़ रुपये है।

यह कार्रवाई प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह और अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार मीणा के निर्देश पर की गई। अभियान का नेतृत्व उप जिलाधिकारी शिवौतार सिंह, अभिषेक शाही, हरी प्रताप सिंह, कृष्ण गोपाल त्रिपाठी तथा तहसीलदार मनीष सिंह ने किया।



90 हजार वर्ग मीटर भूमि पर कार्रवाई

प्राधिकरण की टीम ने तहसील मांट के अंतर्गत लगभग 90 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई की। अभियान के दौरान संबंधित भूमि पर किए गए अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर कब्जे हटाए गए।

कार्रवाई में प्राधिकरण के भूलेख विभाग के राजस्व निरीक्षक और लेखपालों के साथ परियोजना विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। स्थानीय राजस्व और प्रवर्तन टीम ने भी अभियान में सहयोग किया।

पिपरौली बांगर, चुड़ा हंसी और सौर में कार्रवाई

प्राधिकरण के अनुसार, तहसील मांट के ग्राम पिपरौली बांगर, चुड़ा हंसी और ग्राम सौर में स्थित भूमि पर अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही थीं। यह भूमि यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आती है।

इस क्षेत्र में प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी हेरिटेज सिटी और राया अर्बन सेंटर परियोजनाओं का विकास प्रस्तावित है। ऐसे में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध समयबद्ध कार्रवाई कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना इन विकास परियोजनाओं के सुनियोजित क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा, अनधिकृत निर्माण या अवैध कॉलोनियों का विकास स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्राधिकरण के अनुसार, क्षेत्र में नियोजित और सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने तथा अधिसूचित भूमि को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए भविष्य में भी प्रवर्तन अभियान जारी रहेंगे। अवैध निर्माण और कब्जों के मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

'श्रीकृष्ण उवाच' गोष्ठी में दैवीय गुणों को जीवन में अपनाने का संदेश

केंद्रीय आर्य युवक परिषद का 812वां वेबिनार आयोजित, निर्भयता, संयम और स्वाध्याय पर चर्चा

गाजियाबाद, 25 नवंबर। केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'श्रीकृष्ण उवाच' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से परिषद का 812वां वेबिनार था।

वैदिक विदुषी आचार्या विमलेश बंसल आर्या ने श्रीमद्भगवद्गीता के 16वें अध्याय में वर्णित दैवी संपदा के गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निर्भयता, अंत:करण की शुद्धता, ज्ञानयोग में दृढ़ता, दान, इंद्रिय संयम, स्वाध्याय, तप और सरलता श्रेष्ठ जीवन की आधारशिला हैं।



उन्होंने कहा कि ये गुण केवल धार्मिक उपदेश नहीं, बल्कि व्यक्ति के आचरण और समाज के नैतिक विकास से जुड़े हैं। निर्भयता सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है, जबकि संयम और सरलता से जीवन में सद्भाव तथा मानवता का विकास होता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रजनी गर्ग और अध्यक्ष विमला आहूजा ने भी विचार रखे। संचालन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने किया। गायिका कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, संतोष धर और सुधीर बंसल ने भजन प्रस्तुत किए।

विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी नोएडा कांग्रेस

प्रदेश प्रभारी राजेंद्रपाल गौतम से मिले महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव और पदाधिकारी

नोएडा। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में नोएडा कांग्रेस के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने एआईसीसी में उत्तर प्रदेश



कांग्रेस प्रभारी राजेंद्रपाल गौतम से मुलाकात की। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी पर चर्चा हुई। प्रदेश प्रभारी ने पदाधिकारियों से बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने और चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर, लियाकत चौधरी, पवन शर्मा, सतेंद्र शर्मा, यतेंद्र शर्मा, रामकुमार तंवर, फिरे सिंह नागर, दुष्यंत नागर, राहुल पाण्डेय, शिवानी पवार और महकार सिंह सहित कई नेता शामिल रहे।

दादरी में विधायक तेजपाल नागर के टिकट को लेकर उठे सवाल

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी ने सोशल मीडिया पर जताई नाराजगी, मेट्रो, अस्पताल और डिग्री कॉलेज जैसे मुद्दों पर मांगा जवाब

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। दादरी विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज होने लगी हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर दादरी के मौजूदा विधायक तेजपाल नागर को लेकर एक पोस्ट चर्चा में है। पोस्ट में विधायक के कामकाज पर सवाल उठाते हुए भारतीय जनता पार्टी से आगामी चुनाव में किसी नए चेहरे को मौका देने की मांग की गई है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मनीष नामक उपयोगकर्ता ने अपनी पोस्ट में दावा किया कि दादरी क्षेत्र के कई निवासी मौजूदा विधायक के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने भाजपा से आगामी विधानसभा चुनाव में तेजपाल नागर को दोबारा टिकट नहीं देने की मांग करते हुए कहा कि यदि उन्हें फिर से उम्मीदवार बनाया गया तो वे नोटा या भाजपा के अलावा किसी अन्य प्रत्याशी को वोट देने पर विचार करेंगे।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विकास को लेकर सवाल

पोस्ट में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विकास कार्यों को लेकर विधायक की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। लेखक ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो, सरकारी अस्पताल, डिग्री कॉलेज, रामलीला मैदान और खेल स्टेडियम जैसी प्रमुख मांगों पर अपेक्षित काम नहीं हुआ है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विधायक ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के विकास कार्यों का उद्घाटन करने के अलावा क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए।

धरना-प्रदर्शन को लेकर भी उठाए सवाल

पोस्ट में ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो की मांग को लेकर होने वाले धरना-प्रदर्शनों पर विधायक के कथित रुख को लेकर भी नाराजगी जताई गई है। लेखक का आरोप है कि आम नागरिकों के धरना-प्रदर्शन को गैरजरूरी बताने वाले विधायक ने कुछ अन्य मामलों में पार्टी कार्यकताओं के धरने को समर्थन दिया।

इसके अलावा पोस्ट में एक पार्टी कार्यकर्ता द्वारा आम निवासियों को कथित तौर पर धमकी दिए जाने का उल्लेख करते हुए विधायक की चुप्पी पर सवाल उठाए गए हैं।

युवा चेहरे की मांग, सुरेंद्र नागर का नाम भी चर्चा में

सोशल मीडिया पोस्ट में तेजपाल नागर की जगह किसी युवा चेहरे को टिकट देने की मांग की गई है। साथ ही राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर का नाम संभावित उम्मीदवार के रूप में लेते हुए उन्हें बेहतर विकल्प बताया गया है।

हालांकि, यह पोस्ट एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता की व्यक्तिगत राय और आरोपों पर आधारित है। भाजपा की ओर से दादरी विधानसभा सीट पर आगामी चुनाव के लिए उम्मीदवार को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। विधायक तेजपाल नागर और भाजपा संगठन की इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया सामने आने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

राजनीतिक संकेत: दादरी विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव को लेकर स्थानीय विकास, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की बुनियादी सुविधाएं और उम्मीदवार चयन जैसे मुद्दे अब सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बनने लगे हैं।

आगामी गुरमत समागम की तैयारी

नोएडा स्टेडियम में 28 और 29 नवंबर को होगा दो दिवसीय गुरमत समागम

नोएडा स्टेडियम, सेक्टर-21ए में 28 और 29 नवंबर को भाई साहिब रणजीत सिंह जी ढडरियांवाले के सानिध्य में दो दिवसीय गुरमत समागम एवं कीर्तन दरबार आयोजित किया जाएगा। आयोजक समिति के अनुसार, कार्यक्रम में गुरबाणी, कीर्तन और आध्यात्मिक विचारों के माध्यम से संगत को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। आयोजन से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए 26 नवंबर को सुबह 11:30 बजे नोएडा स्टेडियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस और स्नेह मिलन रखा गया है।

कृष्ण जन्मभूमि परिसर की ईदगाह हटाने की मांग पर केशव मौर्य का अखिलेश यादव को संदेश

मथुरा/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर



की ईदगाह को हटाने की मांग को लेकर आगे आने का आह्वान किया है। उन्होंने इस मुद्दे पर अखिलेश यादव को साथ आने का संदेश दिया। केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव यदि आप ह्यसच्चेह्ल कृष्णवंशी हैंह्व तो आइए भगवान श्री कृष्ण जी की जन्मभूमि पर बनी हुई ईदगाह को हटाने के लिए आगे बढ़िए, हम आपके साथ हैं।"

उपमुख्यमंत्री की इस टिप्पणी ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद को लेकर राजनीतिक चर्चा को फिर से सामने ला दिया है। उनके बयान में अखिलेश यादव को सीधे संबोधित करते हुए इस मुद्दे पर समर्थन देने की चुनौती दी गई है। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर से जुड़े विवाद को लेकर विभिन्न पक्षों के बीच लंबे समय से कानूनी और राजनीतिक बहस जारी है।

मामूली टक्कर के बाद बाइक सवार पर हथौड़े से हमला, आरोपी फरार

समाज जागरण

नई दिल्ली। दिल्ली के सराय काले खां फ्लाईओवर पर मामूली सड़क टक्कर के बाद कार सवार द्वारा बाइक सवार युवक पर हथौड़े से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सोशल मीडिया पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, कार और बाइक के बीच मामूली टक्कर हुई थी। इसके बाद कार सवार ने कथित तौर पर हथौड़े से बाइक सवार युवक पर हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी धमकी देते हुए वहां से निकल गया।

घटना की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर 'Greater Noida West' नामक खाते से साझा की गई है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में घायल युवक की स्थिति, आरोपी की पहचान और पुलिस की कार्रवाई के

संबंध में विस्तृत विवरण नहीं दिया गया है।

मामूली सड़क विवाद में हिंसक हमला चिंता का विषय है। ऐसे मामलों में संयम बरतना और विवाद को कानून के दायरे में सुलझाना जरूरी है।

सवर्ण वोट खिसकने के डर से मुस्लिमों को साधने लगी भाजपा

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक रणनीति को लेकर सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है। अमर कांत चौधरी ने भाजपा पर सवर्ण मतदाताओं का समर्थन कम होने की आशंका के बीच मुस्लिम मतदाताओं को साधने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

चौधरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा पोस्ट में कहा कि सवर्णों का वोट खिसकता देख भाजपा नेता मुस्लिमों को अपने पक्ष में करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा के पूर्व में दिए गए नारों ह्यबटोगे तो कटोगेह्ल और ह्यएक है तो सेफ हैह्ल का उल्लेख करते हुए पार्टी पर राजनीतिक रुख बदलने का आरोप लगाया।



यह टिप्पणी भाजपा की चुनावी रणनीति को लेकर चौधरी की व्यक्तिगत राजनीतिक प्रतिक्रिया है। पोस्ट में किसी विशेष नेता, कार्यक्रम या हालिया राजनीतिक घटनाक्रम का विस्तृत संदर्भ नहीं दिया गया है।

मऊ की घटना को लेकर पंकज त्रिपाठी ने उठाई आरोपियों के जाति प्रमाणपत्र रद्द करने की मांग

समाज जागरण

मऊ। मऊ में चौहान समुदाय के बच्चों के साथ कथित दुर्व्यवहार की घटना को लेकर संविधानवादी समाज पार्टी के संस्थापक पंकज कुमार त्रिपाठी ने आरोपियों के अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाणपत्र रद्द किए जाने की मांग की है।

पंकज त्रिपाठी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि मऊ में चौहान बच्चों पर दरिंदगी करने वाले हुड़दंगियों के एससी प्रमाणपत्र रद्द किए जाने चाहिए।

उनकी पोस्ट में घटना को लेकर कड़ी नाराजगी जताई गई है। हालांकि, साझा की गई जानकारी में घटना की तारीख, बच्चों के साथ हुई कथित वारदात का पूरा विवरण, आरोपियों की पहचान और पुलिस की कार्रवाई का उल्लेख नहीं है। घटना से संबंधित आधिकारिक जानकारी और प्रशासन की प्रतिक्रिया सामने आने के बाद मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



उत्तर प्रदेश चुनाव 2027: सर्वजन सनातन पार्टी ने भी चुनावी बिगुल बजाया

समाज जागरण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी क्रम में सर्वजन सनातन पार्टी ने भी चुनावी तैयारी का ऐलान किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश्वर सर ने आरक्षण और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से जुड़े मुद्दों में संशोधन की बात कही है।

सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक संदेश के अनुसार, पार्टी का कहना है कि वह यूजीसी, अनुसूचित जाति-जनजाति और आरक्षण व्यवस्था से जुड़े प्रावधानों में आवश्यक संशोधन के मुद्दे को



उठाएगी। पार्टी ने यह भी संकेत दिया है कि उसके मुद्दों से सहमत राजनीतिक दलों और संगठनों के साथ गठबंधन किया जा सकता है।

'वॉइस ऑफ जनरल कैटेगरीह्ल नामक एक्स खाते से साझा पोस्ट में पार्टी के चुनावी रुख की जानकारी दी गई है। पोस्ट में राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश्वर सर का वक्तव्य सुनने की अपील भी की गई है।

हालांकि, साझा जानकारी में पार्टी की चुनावी रणनीति, संभावित प्रत्याशियों और गठबंधन को लेकर विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं है।

संयोग प्रिय है, वियोग नहीं - साध्वी श्री श्रेष्ठा जी, डॉ साध्वी चंदना जी म महाराज ने विदाई समारोह में दिया भावपूर्ण संदेश

समाज जागरण



कालांवाली 25 नवम्बर (सुरेश जोरासिया) साध्वी श्री श्रेष्ठा जी महाराज ने आज विदाई समारोह के अवसर पर एक सुंदर प्रसंग के माध्यम से जीवन की गहरी सीख दी। उन्होंने बताया कि दो बहनों का मिलन हुआ। एक बहन ने दूसरी से पूछा कि ऐसा कौन-सा हार है, जिसे धारण करने से लोग खुश होते हैं और ऐसा कौन-सा हार है, जिसे धारण करने से लोग रोने लगते हैं? इस पर उन्होंने समझाया कि आहार ग्रहण करने से लोग प्रसन्न होते हैं, लेकिन जब विहार का समय आता है तो लोगों की आंखें नम हो जाती हैं। इसका कारण है कि मनुष्य को संयोग प्रिय है, लेकिन वियोग स्वीकार करना कठिन लगता है।

महाराज श्री ने इस प्रसंग के माध्यम से समझाया कि जीवन में मिलना और बिछड़ना दोनों ही स्वाभाविक हैं। विदाई के अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालु भाई-बहनों ने भावपूर्ण भजनों के माध्यम से साध्वी श्री को भावभीनी विदाई दी। इसके पश्चात साध्वी श्री श्रेष्ठा जी महाराज, डॉ. साध्वी श्री चंदना जी म, साध्वी श्री कर्णिका जी म, साध्वी श्री प्रियांशी जी, साध्वी श्री सीयल जी म ठाणे पाँच विहार करते हुए नरेश कुमार गर्ग जैन के निवास स्थान पर पधारे। मार्ग में विभिन्न दुकानों पर मंगल पाठ सुनाते हुए उनका आगमन हुआ।

आज सायं 7:15 बजे उनके निवास स्थान पर सामूहिक जाप का आयोजन रखा गया है, जिसमें सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है।

इस मौके पर अरिहंत फैडरेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस एस जैन सभा अध्यक्ष सन्दीप जैन राकेश जैन राजेन्द्र जैन पवन जैन साईं दास सेतीया मनोज दानेवाली लवलीन जैन नरेश गर्ग जैन मक्खन जैन चनी राम लवलेश जैन संजीव जैन सुखदेव राम महिला मण्डल तनुजा जैन ववीता जैन कंचन जैन मिनु जैन सुलेखा जैन रेखा जैन ने लाभ उठाया

विकास के साथ संस्कार, संस्कृति और भाईचारे को बचाना भी जरूरी : सांसद धर्मवीर सिंह

सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह के जन्मोत्सव पर फलदार पौधा व गीता ज्ञान पुस्तक की भेंट

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



भिवानी, 25 नवंबर। प्रदेश में पर्यावरण एवं जल संरक्षण, हमारी परंपरा हमारी संस्कृति, नशा मुक्त भारत, सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं देश की एकता-अखंडता के क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह का 72वां जन्मोत्सव सामाजिक सरोकारों और जनजागरण के संदेश के साथ मनाया। इस अवसर पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान की ब्रांड एंबेसडर आरोही भारद्वाज ने राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज के साथ सांसद को खाटू श्याम बाबा का पटका, हैदराबाद के धार्मिक स्थल से लाई गई पगड़ी, गीता ज्ञान पुस्तक, फलदार पौधा तथा सड़क सुरक्षा का प्रतीक रिफ्लेक्टर भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज व ब्रांड एंबेसडर आरोही भारद्वाज ने उपस्थित लोगों से पर्यावरण एवं जल संरक्षण, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मांगलिक कार्यक्रम और जन्मोत्सव पर समाज एवं राष्ट्रहित में कोई न कोई सकारात्मक संकल्प अवश्य लेना चाहिए, जो व्यक्तिगत जीवन के साथ समाज के लिए भी प्रेरणादायक बने। सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज पर्यावरण लगातार बिगड़ रहा है, संस्कार और परंपराएं कमजोर हो रही हैं तथा नशे की बुराई युवाओं को अपनी चपेट में ले रही है। सड़क हादसों की बढ़ती घटनाएं भी गंभीर चिंता का विषय हैं। इन समस्याओं पर नियंत्रण के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए आगे आना होगा।उन्होंने कहा कि गीता का संदेश हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यदि गीता का हम रूप से अध्ययन करें तो उसमें हर समस्या का समाधान है। उन्होंने कहा कि आज संयुक्त परिवार टूट रहे हैं और गांवों में आपसी भाईचारा एवं सद्भाव भी कमजोर पड़ता जा रहा है। बच्चों को अच्छे संस्कार देना और सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करना समय की आवश्यकता है।

बड़े बुजुर्गों, प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं को समाज में आ रही गिरावट को रोकने के लिए मिलकर प्रयास करने चाहिए। सांसद ने कहा कि विकास की रफ्तार के साथ संस्कार, संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण भी जरूरी है। जिस गांव, शहर या परिवार में संस्कृति और भाईचारा जीवित नहीं है, वहां विकास का वास्तविक महत्व अधूरा है। उन्होंने जन्मोत्सव पर सामाजिक संकल्प के साथ सम्मान करने की इस अनूठी पहल को सराहनीय बताते हुए समाजहित में ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।

सडक हादसों पर अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से दिए जरूरी निर्देश

दैनिक समाज जागरण
[[महेन्द्र जावला बहल]]



भिवानी, 25 नवंबर । सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से प्रदेश भर के जिलाधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निमार्णाधीन हाईवे और अधिक जाम वाले क्षेत्रों में कार्य के दौरान ट्रैफिक को सुव्यवस्थित तरीके से डायवर्ट किया जाए ताकि आमजन को परेशानी न हो और सडक हादसों को रोका जा सके। मुख्यमंत्री के निदेशों की अनुपालना में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने वीसी के दौरान मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए सडकों के किनारे उगी झाडिड्रों की तुरंत सफाई करवाई जाए ताकि वाहन चालकों को रास्ता स्पष्टद दिखाई दे। एडीसी ने निर्देश दिए कि सभी मुख्य सडक, लिंक रोड़ मार्ग और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) पर सफेद पट्टियां लगाई जाएं और उचित सांकेतिक चिन्ह (साइन बोर्ड) स्थापित किए जाएं।

जिन हाईवे पर निर्माण कार्य चल रहा है या जहां जाम की स्थिति रहती है, वहां सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ट्रैफिक डायवर्जन की पुख्ता व्यवस्था की जाए।

-भारी माल वाहक वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाए जाएं

एडीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारी माल वाहक वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाएं ताकि रात या धुंध के समय वाहन नजर आए। उन्होंने कहा कि धुंध के दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टर जरूरी हैं। वाहन चालकों को रिफ्लेक्टर के बारे में जागरूक भी करें। उन्होंने कहा कि तोशाम के खानक में एक अभियान चलाकर माल वाहक वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सडकों के किनारे बर्म सही हों ताकि अचानक सडक से नीचे वाहन उतारने की स्थिति में सुरक्षा हो।

- अंडर पास पर लगाए जाएं कॉन्वेक्स मिरर

एडीसी ने एनएचएआई के अधि कारियों को निर्देश दिए कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंडर पास पर उपयुक्त जगहों पर कॉन्वेक्स मिरर लगाएं ताकि वाहन चालकों को साईड से आने वाले वाहन नजर आएं, जिससे कि हादसे ना हों। उन्होंने कहा कि कॉन्वेक्स मिरर लगाने का कार्य तुरंत प्रभाव से किया जाए अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार, डीएमसी हरबीर सिंह, डीएसपी अनूप कुमार, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता लोकेश डागर, एनएचएआई के डीएम राकेश चौधरी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर नगर परिषद ने चलाया जागरूकता अभियान, दुकानदारों और आमजन से कूड़ा नहीं जलाने की अपील

स्वच्छता अभियान में बढ़ - चढकर भाग लें शहरवासीः डीएमसी हरबीर सिंह

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



भिवानी, 25 नवंबर। पर्यावरण संरक्षण और शहर को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद की ओर से बाजार में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर परिषद कर्मचारियों ने दुकानदारों से सीधा संवाद कर उन्हें खुले में कूड़ा-कचरा नहीं जलाने और उचित तरीके से उसका निस्तारण करने के प्रति जागरूक किया। नगर परिषद कर्मचारियों ने दुकानदारों से अपील की कि वे कचरे को सड़कों पर फेंकने या जलाने के बजाय डस्टबिन में एकत्रित करें और नियमित रूप से आने वाले नगर परिषद के ऑटो टिपर में ही डालें। उन्होंने बताया कि नगर परिषद के कचरा संग्रहण वाहन घरों और दुकानों तक पहुंचकर कचरा एकत्रित कर रहे हैं। डीएमसी हरबीर सिंह ने दुकानदारों और आमजन से अपील करते हुए कहा कि कूड़े-कचरे में आग लगाने से जहरीला धुआं फैलता है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और इसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि सड़कों और गलियों में कचरा फेंकने से गंदगी फैलती है तथा शहर की सुंदरता भी प्रभावित होती है। शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने शहरवासियों से स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

ओवरलोड वाहनों व बिना रिफ्लेक्टर लाइट के सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भिवानी पुलिस चलाएगी विशेष अभियान - पुलिस अधीक्षक भिवानी

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



बहल, 25 नवंबर। पुलिस अधीक्षक भिवानी श्री मयंक मिश्रा ने जिला पुलिस एवं यातायात पुलिस को निर्देश दिए हैं कि मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन कर अपने वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सामान भरकर तथा निर्धारित ऊंचाई एवं चौड़ाई से अधिक सामान लेकर सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अनेक वाहन चालक अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य वाहनों में क्षमता से अधिक सामान व जुड़ी/पराली भरकर तथा वाहन की निर्धारित सीमा से बाहर सामान रखकर सड़क पर चलते हैं। इसके अतिरिक्त ऐसे कई वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप, रिफ्लेक्टर लाइट एवं पार्किंग लाइट भी नहीं लगी होती। विशेषकर रात के समय ऐसे वाहन सड़क पर चलने वाले अन्य वाहन चालकों के लिए गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं तथा लोगों की जान के लिए खतरा पैदा करते हैं। पुलिस अधीक्षक भिवानी के निदेर्शानुसार जिला पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार ऐसे वाहनों को इंपाउंड भी किया जाएगा। *भिवानी पुलिस की वाहन चालकों से अपील है* कि वे अपने वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सामान न भरें तथा वाहन की निर्धारित ऊंचाई एवं चौड़ाई से बाहर सामान रखकर सड़क पर न चलें। अपने वाहनों पर निर्धारित मानकों के अनुसार रिफ्लेक्टर टेप, रिफ्लेक्टर लाइट एवं पार्किंग लाइट अवश्य लगवाएं, ताकि सड़क पर चलने वाले अन्य वाहन चालकों को दूर से ही वाहन दिखाई दे सके और सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

भिवानी पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सभी वाहन चालक यातायात नियमों की पालना करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

डोडा पोस्त तस्करी मामले में भिवानी पुलिस को बड़ी सफलता, स्पेशल स्टाफ ईशरवाल ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, 124 किलो 950 ग्राम डोडा पोस्त बरामदगी मामले में दूसरे आरोपी को हिसार से दबोचा।

पुलिस रिमांड के दौरान हुए खुलासे के आधार पर दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी, आरोपी मुकेश को तस्करी के लिए गाड़ी चलाने के बदले मिले थे २० हजार रुपये

दैनिक समाज जागरण,
[[जिला संवाददाता भिवानी]]



पुलिस अधीक्षक भिवानी श्री मयंक मिश्रा, आईपीएस के निदेर्शानुसार जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस द्वारा नशा तस्करों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने तथा मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत स्पेशल स्टाफ ईश्वरवाल की टीम ने डोडा पोस्त तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की थार गाड़ी से कुल 124 किलो 950 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया था। मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी विक्रम को पुलिस रिमांड पर लेकर की गई पूछताछ के आधार पर दूसरे आरोपी को हिसार से गिरफ्तार किया गया है।

मामले का विवरण:

दिनांक 19.11.2026 को एएसआई प्रमोद कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ गांव मंडोली खुर्द में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी विक्रम ने अपने मकान पर एक थार गाड़ी खड़ी कर रखी है, जिसमें भारी मात्रा में मादक पदार्थ रखा हुआ है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर नियमानुसार रेड की और थार गाड़ी को कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान गाड़ी में रखे सात प्लास्टिक कट्टों से कुल 124 किलो 950 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने आरोपी विक्रम पुत्र दलबीर निवासी मंडोली खुर्द को गिरफ्तार किया था। आरोपी के विरुद्ध थाना बहल में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया गया।

पुलिस रिमांड के दौरान दूसरे आरोपी का हुआ खुलासा:

पुलिस टीम द्वारा आरोपी विक्रम को माननीय न्यायालय में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से मादक पदार्थ लाने, बेचने तथा इस तस्करी में शामिल अन्य व्यक्तियों के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त मादक पदार्थ चित्तौड़गढ़, राजस्थान से बेचने के लिए लेकर आए थे। आरोपी विक्रम से पूछताछ के आधार पर पुलिस टीम ने अभियोग में दूसरे आरोपी मुकेश कुमार पुत्र बलवंत सिंह निवासी सिवाड़ा को दिनांक 24.11.2026 को हिसार से गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मुकेश को तस्करी के दौरान गाड़ी चलाने के बदले 20,000 रुपये मिले थे।

न्यायालय में पेश कर लिया पुलिस रिमांड:

पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई तथा आज दोनों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय ने आरोपी विक्रम को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए, जबकि दूसरे आरोपी मुकेश को चार दिन के पुलिस रिमांड पर पुलिस के हवाले किया गया है।

पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी मुकेश से मादक पदार्थ की आगे सप्लाई करने तथा इस तस्करी में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में गहनता से पूछताछ की जाएगी। मामले में अन्य संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास भी जारी हैं।

पुलिस अधीक्षक भिवानी का संदेश:

पुलिस अधीक्षक भिवानी श्री मयंक मिश्रा, आईपीएस ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त एवं तस्करी में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। जिला पुलिस द्वारा नशे के कारोबार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लगातार प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। भिवानी पुलिस आम नागरिकों से भी अपील करती है कि यदि उनके आसपास किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री या तस्करी संबंधी जानकारी मिलती है तो तुरंत संबंधित थाना पुलिस या पुलिस चौकी को सूचित करें। सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता, भिवानी।।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 21 दिसंबर तक चलाया जाएगा 100 दिवसीय जागरूकता अभियान: मंजू राणा

- 1091, 108, 1098 और 112 हेल्पलाइन नंबरों पर बाल विवाह की दे सकते हैं सूचना

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 25 नवंबर। देशभर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला में 21 अक्टूबर से 21 दिसंबर 2026 तक 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आमजन 1091, 108, 1098 और 112 हेल्पलाइन नंबरों पर बाल विवाह की सूचना दे सकते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए विभाग द्वारा अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं, जिनके द्वारा जिलेभर में निगरानी की जा रही है। इसके साथ-साथ बाल विवाह रोकने के लिए ग्राम पंचायतों, प्रबुद्ध लोगों, सोशल वर्करों, मैरिज हॉल संचालकों, शादी करवाने वाले पंडितों, चर्च के पादरियों, गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों तथा मौलवियों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी नाबालिग लडके या लडकी के बाल विवाह की सूचना मिलती है तो तुरंत प्रभाव से संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी भिवानी तथा संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। इसके लिए 1091, 108, 1098 और 112 हेल्पलाइन नंबरों पर भी सूचना दी जा सकती है। इसके अलावा बाल विवाह से संबंधित सूचना बाल विवाह निषेध अधिकारी भिवानी के मोबाइल नंबर 8607222475 पर सूचना दे।

डीसी राहुल चाबा ने जनगणना-2027 के तहत 'सेल्फ-सेंसस' (स्व-जनगणना) जागरूकता स्टिकर जारी किए

(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)



फरीदकोट/पंजाब ,25 नवम्बर :जनगणना-2027 के तहत 'सेल्फ-एन्यूमरेशन' (स्व-जनगणना) प्रक्रिया के बारे में आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से, फरीदकोट के डिप्टी कमिश्नर श्री राहुल चाबा ने वाहनों पर लगाने के लिए विशेष जागरूकता स्टिकर जारी किए।इस अवसर पर बोलते हुए, डिप्टी कमिश्नर श्री राहुल चाबा ने कहा कि भारत सरकार जनगणना-2027 को पूरी तरह से डिजिटल तरीके से आयोजित कर रही है। इसके तहत, नागरिकों को घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से अपने परिवार और निवास का विवरण खुद दर्ज करने की सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि वाहनों पर लगाए जाने वाले ये स्टिकर जिले के हर कोने तक 'सेल्फ-सेंसस' का संदेश पहुंचाने में मददगार साबित होंगे।डिप्टी कमिश्नर ने जिले के निवासियों से अपील की कि वे 30 नवंबर, 2026 तक आधिकारिक पोर्टल पर जाएं और https://se.census.gov.in पर जाकर अपनी 'सेल्फ-सेंसस' प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद मिलने वाले 'सेल्फ-एन्यूमरेशन आइडेंटिफिकेशन नंबर' (स्व-जनगणना पहचान संख्या) को संभाल कर रखें, ताकि 1 दिसंबर से घर-घर जाकर सर्वे करने वाली जनगणना टीमों को यह नंबर दिखाकर सत्यापन (वेरिफिकेशन) प्रक्रिया को आसान बनाया जा सके। उन्होंने सभी विभागों, सामाजिक सेवा संगठनों और आम नागरिकों से राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में अधिक से अधिक योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर डिप्टी ईएसए एस. गुरिंदर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी मैडम अंजना, चुनाव तहसीलदार पूनम सिद्धू, जनगणना के जिला मीडिया समन्वयक श्री जसबीर सिंह जस्सी और योग विशेषज्ञ मनप्रीत कौर उपस्थित थीं।

अब 29 नवंबर तक बंद रहेगा कोतवाली वाला रेलवे फाटक, रेलवे की लेटलतीफी से लोग परेशान

पांच दिन में पूरा नहीं हुआ ट्रैक रिपेयरिंग का काम, स्कूली बच्चों और यात्रियों को तय करना पड़ रहा चार किलोमीटर अतिरिक्त सफर

दैनिक समाज जागरण, मुस्कान खान


नगीना (बिजनौर)। रेलवे प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते नगीना स्थित कोतवाली वाला रेलवे फाटक अब 29 नवंबर तक बंद रहेगा। रेलवे फाटक संख्या 471बी पर स्लीपर बदलने और ट्रैक रिपेयरिंग का कार्य पांच दिन में भी पूरा नहीं हो सका। 20 नवंबर से शुरू हुए कार्य के छठे दिन भी अप लाइन की मरम्मत अधूरी थी, जबकि डाउन लाइन का काम शुरू नहीं हुआ था। रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर आलोक रंजन ने बताया कि दोनों लाइनों पर ट्रेनों का आवागमन होने के कारण मरम्मत कार्य में बाधा आ



रही है। बुधवार को निरीक्षण के बाद उन्होंने फाटक को पांच दिन और बंद रखने की जानकारी दी। फाटक बंद होने से आजाद कॉलोनी, नई बस्ती और कालाखेड़ी रोड सहित आसपास के करीब 15 हजार लोगों को चार किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। स्कूली बच्चों, महिलाओं और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। बसें भी फाटक के पार खड़ी होने से यात्रियों को फाटक के नीचे से जोखिम उठाकर निकलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन से जल्द मरम्मत कार्य पूरा कर फाटक खोलने की मांग की है।

प्रधानमंत्री ने 29 नवम्बर को होने वाले 'मन की बात' के लिए अपने विचार व सुझाव मांगे

समाज जागरण



जैतो,25 नवम्बर (रघुनंदन पराशर): प्रधानमंत्री कार्यालय (पी.एम. ओ.)के अनुसार माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन विषयों और मुद्दों पर अपने विचार साझा करने के लिए उत्सुक हैं जो आपके लिए महत्वपूर्ण हैं। यह कार्यक्रम 29 नवम्बर को पेश किया जाएगा।प्रधानमंत्री आपको 'मन की बात' के 140वें एपिसोड में संबोधित किए जाने वाले विषयों पर अपने सुझाव देने के लिए आमंत्रित करते हैं।आगामी 'मन की बात' एपिसोड में आप प्रधानमंत्री से किन विषयों या मुद्दों पर बात करवाना चाहते हैं, इस बारे में अपने विचार और सुझाव 27 नवम्बर 2026 रात 11.45 बजे तक हमें भेजें। इस खुले मंच पर अपने विचार साझा करें या फिर आप टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 पर कॉल करके हिंदी या अंग्रेजी में प्रधानमंत्री के लिए अपना संदेश रिकॉर्ड कर सकते हैं। इनमें से कुछ रिकॉर्ड किए गए संदेश प्रसारण का हिस्सा बन सकते हैं। आप 1922 पर मिस्ड कॉल भी दे सकते हैं और एसएमएस में प्राप्त लिंक का अनुसरण करके सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव दे सकते हैं।और 29 नवंबर 2026 को सुबह 11:00 बजे 'मन की बात' देखना न भूलें।

सरस्वती जीनियस स्कूल, जैतो की छात्रा मनजसवीर कौर ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जीता कांसी मैडल : डा. नीतिश सोढ़ी

(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)



जैतो,25 नवम्बर : सरस्वती जीनियस स्कूल, जैतो के लिए यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है कि विद्यालय की कक्षा नौवीं की होनहार छात्रा मनजसवीर कौर (पुत्री श्री गगनदीप सिंह) ने पटियाला में आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता खेड़ा वतन पंजाब दिया में शानदार प्रदर्शन करते हुए वॉलीबॉल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रॉन्ज मैडल हासिल किया तथा विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया।

छात्रा की इस शानदार सफलता पर विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी के सभी सदस्यों एवं प्रधानाचार्या डा.नीतिश सोढ़ी ने उसे हार्दिक बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों के प्रति प्रेरित करती हैं। सरस्वती जीनियस स्कूल जैतो की प्रिंसिपल डा.नितिश सोढ़ी के साथ छात्रा मनजसवीर कौर व अन्य।

श्रद्धालु का पैसों से भरा खोया बैग पुलिस ने लौटाया

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। काशी विश्वनाथ धाम में बुधवार को मंगला आरती के पश्चात स्पर्श दर्शन के समय लगभग 04:20 बजे एक दर्शनार्थी का पर्स दर्शन के दौरान गर्भ गृह उत्तरी पर गिर गया था। यह पर्स का० राहुल को मिला जिसके बाद



उन्होंने इसकी सूचना दिवसाधिकारी प्रथम उ०नि०सूर्य कान्त पाण्डेय को दी। तत्काल कार्रवाई करते हुए दिवसाधिकारी प्रथम द्वारा कन्ट्रोल रूम के माध्यम से मिले पर्स के संबंध में उद्घोषणा/प्रसारण कराया गया। प्रसारण सुनकर एक दर्शनार्थी पहुंचे, जिन्होंने अपना नाम मधुरेमा मंचाल (पुत्री श्रीनिवास मंचाल, निवासी 2-467/अ बंजारा हिल्स, हैदराबाद) बताया। उन्होंने पर्स से जुड़े साक्ष्य प्रस्तुत कर दावा किया।

दर्शनार्थी के समक्ष पर्स खोलकर देखा गया तो उसमें कुल 62,450 (बासठ हजार चार सौ पचास रुपये) रखे थे। पूरी तरह संतुष्ट होने और पहचान सुनिश्चित करने के बाद वह धनराशि मधुरेमा मंचाल को सुपुर्द कर दी गई। अपना खोया हुआ धन वापस पाकर दर्शनार्थी ने पुलिस की ईमानदारी की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान दिवसाधिकारी प्रथम उ०नि० सूर्य कान्त पाण्डेय, मय हमराह हे० का० राजीव मौर्या व का० राहुल कुमार उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत निकली जागरूकता रैली

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। महाराज बलवंत सिंह पी0जी0 महाविद्यालय गंगापुर राजा तालाब, वाराणसी के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोड सेफ्टी क्लब के तत्वाधान में "सड़क सुरक्षा पखवाड़ा" के संदर्भ में एक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाये रैली में सम्मिलित होकर जागरूकता का कार्य किया।



रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पुरुषोत्तम सिंह के निर्देशन में निकाला गया। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा आप लोगों के लिए अनिवार्य है। जीवन कीमती हैऔर उन्होंने इस तरह से कई नियम भी सड़क सुरक्षा के बताते हुए रैली को संबोधित किया।

रैली का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी नीलम सिंह एवं रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक डॉक्टर अखिलानंद सिंह द्वारा किया गया। रास्ते में 'नजर हटी दुर्घटना घटी' जैसे नारे दिए गए । अंत में सुरक्षा संबंधी शपथ स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओ द्वारा दिलाई गई।

भाजपा की सामाजिक संपर्क बैठक में विभिन्न समाजों से संवाद, सामाजिक समरसता और संगठन की मजबूती पर दिया जोर

समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना भाजपा का संकल्प : ब्रजेश पाठक

समाज जागरण

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 25 एवं 26 नवंबर को दो दिवसीय सामाजिक संपर्क बैठक का आयोजन राजभवन कॉलोनी स्थित उपमुख्यमंत्री आवास पर किया गया। ह्यअनेक समाज, एक परिवारह्ल की भावना के साथ आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं भाजपा सामाजिक संपर्क अभियान संयोजक डॉ. नीरज सिंह ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से संवाद किया। बैठक में धानुक, सोनकर, स्वर्णकार, बहेलिया, बढ़ई, विश्वकर्मा एवं भुर्जी समाज के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उपस्थित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा उत्तर प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में जो बदलाव आया है, उसे हम सभी ने अपनी आंखों से देखा है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश को गुंडों और अपराधियों का प्रदेश कहा जाता था। समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी थी कि बहन-बेटियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। परिवार के लोग अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते थे। लेकिन आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। आज अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो रही है। जब भी गुंडे और माफिया सक्रिय होते हैं, सबसे अधिक अत्याचार गरीबों और कमजोर वर्गों पर होता है। भाजपा सरकार ने ऐसे तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई कर आम जनता में सुरक्षा का विश्वास पैदा किया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। पहले बिजली के लिए लोगों को दिन-रात इंतजार करना पड़ता था। गांवों में इनवर्टर और जनरेटर पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन आज प्रदेश के सभी 75 जिलों में बिजली की बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने का काम हुआ है। सड़कों का व्यापक विस्तार हुआ है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया गया है और नकल माफियाओं पर अंकुश लगाया गया है। पहले गरीब परिवारों के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था, लेकिन आज पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से युवाओं को रोजगार और आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। आज हमारी प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को बेहतर कानून-व्यवस्था, अच्छी सड़कें, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त बिजली, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकलकर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

उन्होंने विश्वकर्मा समाज को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन और निर्माण के प्रतीक हैं। यह अत्यंत गौरव का विषय है कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती के दिन ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी मनाया जाता है। विश्वकर्मा समाज देश और प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला समाज है। समाज के लोग अपने हुनर, परिश्रम और कौशल से राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। घर-परिवार से लेकर समाज और देश को जोड़ने में इस समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। भगवान विश्वकर्मा के मानस पुत्रों को मैं नमन और अभिनंदन करता हूं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की हैं। गरीबों को पक्के मकान, घर-घर नल से स्वच्छ जल और आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार का संकल्प है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे।

देव दीपावली के बाद घाटों पर हुई सफाई

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। देव दीपावली की अलौकिक छटा के अगले ही दिन बुधवार को काशी के घाटों पर फिर से स्वच्छता और व्यवस्था की तस्वीर दिखी। महापौर अशोक कुमार तिवारी के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने रातोरात अभियान चलाकर शहर के 84 घाटों से जले हुए करीब 21 लाख मिट्टी के दीयों को हटवा दिया। इन दीयों का कुल वजन करीब 42 टन से 52.5 टन के बीच आंका गया है। धार्मिक आस्था और पवित्रता का पूरा सम्मान रखते हुए इन दीयों को रमना स्थित कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडी) प्लांट भेजा गया है, ताकि इनका सुरक्षित व सम्मानजनक निस्तारण हो सके।



घाटों से दीयों और अन्य अवशेषों को हटाने के लिए निगम ने बड़े स्तर पर संसाधन और मानवबल झोंका। पूरे अभियान में 250 से अधिक सफाई कर्मियों को लगाया गया, जिन्होंने रात भर लगातार काम कर घाटों की सीढ़ियों और किनारों से दीयों को एकत्र किया। दीयों के उठान और परिवहन के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि धार्मिक कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की मयार्दा बनी रहे और किसी तरह की अव्यवस्था न हो। उल्लेखनीय है कि रमना में कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडी) प्लांट संचालित है, जिसकी प्रतिदिन 200 मीट्रिक टन क्षमता है। चूंकि दीये पूरी तरह से प्राकृतिक मिट्टी से बने होते हैं और धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़े रहे हैं, इसलिए इनके निस्तारण को लेकर संवेदनशीलता बरती जा रही है। मिट्टी से बने होने के कारण ये दीये प्राकृतिक रूप से पुनः मिट्टी में मिलने की प्रक्रिया के अनुरूप हैं, जिससे पर्यावरण को भी किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचता। इस संबंध में नगर आयुक्त शाश्वत त्रिपुरारि ने बताया कि देव दीपावली के अवसर पर घाटों पर लाखों दीये प्रज्वलित किए गए थे। उत्सव के बाद श्रद्धालुओं और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए 250 से अधिक सफाई कर्मियों की टीम ने रातोरात अभियान चलाकर 84 घाटों से दीये हटवाने का कार्य पूरा किया। उन्होंने कहा कि एकत्र किए गए दीयों को पूरी पवित्रता के साथ रमना स्थित प्लांट में भेजा गया है, जहां इनका उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। सुबह तक घाटों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई, जिससे आमजन व पर्यटकों को स्वच्छ व सुंदर घाटों का दृश्य मिला।

आरसेटी में दस दिवसीय दिव्यांग उद्यमिता विकास कार्यक्रम सम्पन्न, 25 प्रतिभागियों को मिला प्रशिक्षण

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। यूनियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान , वाराणसी में जन विकास एवं Enable India के सहयोग से 16 से 25 नवंबर तक आयोजित दस दिवसीय दिव्यांग उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आज समापन हुआ। इस कार्यक्रम में लोकोमोटर डिसेबिलिटी, ड्वार्फिज्म, सेरेब्रल पाल्सी (CP) सहित विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं से प्रभावित कुल 25 प्रतिभागियों नेभाग लिया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को अगरबत्ती निर्माण, हार्पिक निर्माण, फिनाइल निर्माण एवं सर्फ निर्माण सहित विभिन्न स्वरोजगार आधारित गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को कौशलयुक्त बनाकर स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना था।

कार्यक्रम का समापन आरसेटी वाराणसी के निदेशक अम्बरीष कुमार द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशिक्षण में प्राप्त कौशल का उपयोग कर स्वयं का रोजगार स्थापित करने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में आरसेटी की फैकल्टी श्रीमती रेखा केसरी, प्रवेश कुमार मौर्य, कार्यालय सहायक जय किशन, अटेंडेंट श्रीमती प्रीति, माली राजकुमार एवं सफाई कर्मचारी विजय शंकर सहित जन विकास संस्था के बच्चेलाल, संतोष, विकास, श्रीमती शकुंतला एवं महाबली सहित कई लोग उपस्थित रहे।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिव्यांगजनों को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

मुंबई से गांव आए युवक ने फांसी लगाकर दी जान

मोहनलालगंज के फुलवरिया गांव में हुई घटना, आत्महत्या के कारणों का पता नहीं

समाज जागरण

मोहनलालगंज। लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत फुलवरिया गांव में बुधवार सुबह एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 27 वर्षीय पंकज कन्नौजिया पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी फुलवरिया के रूप में हुई है। बुधवार सुबह करीब छह बजे पुलिस को युवक के फांसी लगाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला कि पंकज ने अपने कमरे में पंखे के कुंडे से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। परिजनों ने बताया कि पंकज चार भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। उसने 12वीं तक पढ़ाई की थी। वह मुंबई में रहकर एक कंपनी में जींस सिलाई का काम करता था। युवक की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

मोहनलालगंज इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

दानगंज रजवाहा के नहर पुनरोद्धार एवं पुलियों के नव निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। आज दानगंज स्थित महेश वाटिका में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा दानगंज रजवाहा के किमी 0.00 से किमी 9.400 तक नहर के पुनरोद्धार एवं पुलियों के नव निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक अजगरा त्रिभुवन राम ने किया।

इस कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही नहर की क्षमता में सुधार और जल संसाधनों के समुचित प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। इससे कृषि कार्यों को सुगमता मिलेगी और किसानों को लाभ होगा।



इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख लालबहादुर सिंह, सुभाष सिंह, अजीत सिंह (प्रधान), विनोद सिंह, शिवाजी सिंह, मोहन बाबू, रितेश सिंह,अरविंद सेठ, अभिनव त्रिपाठी, प्रशांत चतुर्वेदी तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता श्री विपिन कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विधायक त्रिभुवन राम ने कहा कि अजगरा विधानसभा क्षेत्र में किसानों की सुविधाओं और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है।

डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान-5.0 के तहत लखनऊ में 26 नवंबर को लगेगा विशेष महाशिविर

पेंशनभोगियों को फेस ऑथेंटिकेशन से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया की दी जाएगी जानकारी, वरिष्ठ पेंशनभोगियों का होगा सम्मान

समाज जागरण

लखनऊ, 25 नवंबर। उत्तर प्रदेश में संचालित डिजिटल लाइफ सर्टिफि-केट अभियान-5.0 के तहत 26 नवंबर को लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित वित्तीय प्रबंधन, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान में विशेष महाशिविर आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के सभी जनपदों में 1 नवंबर 2026 से यह अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले 4 नवंबर को प्रयागराज, 18 नवंबर को गोरखपुर और 23 नवंबर को वाराणसी में विशेष महाशिविर आयोजित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में भारत सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा और संयुक्त सचिव ध्रुवज्योति सेनगुप्ता



उपस्थित रहेंगे। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव वित्त, सचिव वित्त सहित वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

महाशिविर में पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण) के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही फेस ऑथेंटिकेशन और अन्य डिजिटल सुविधाओं के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पेंशनभोगियों का सम्मान करने के साथ उनसे संवाद भी किया जाएगा। कोषागार निदेशालय, उत्तर प्रदेश का उद्देश्य डिजिटल तकनीक के माध्यम से पेंशनभोगियों को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है।

सुप्रसिद्ध लोटा- भंटा मेले को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

30 नवंबर को लगेगा सुप्रसिद्ध लोटा भंटा मेला

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। रामेश्वर तीर्थ धाम में लगने वाला लोटा-भंटा मेला इस वर्ष 30 नवम्बर सोमवार को लग रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर बैठक बुधवार को पुलिस चौकी रामेंश्वर मे एडीसीपी गोमती जोन नृपेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।



रामेश्वर मन्दिर के पुजारी आचार्य प0 अन्नू तिवारी व जनप्रतिनिधियों से मेले की महत्ता व विगत वर्षों व्यवस्था के बाबत जानकारी ली।

मेले मे पूर्व में घटित घटनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि मेला को सेक्टर में बांटकर सेक्टर अधिकारी की तैनाती,सादे वेश में पुलिस चप्पे चप्पे पर मौजूद रहेगी। मंदिर के गर्भ गृह में महिला पुलिस कर्मी की तैनाती की जाएगी। मनचलों से निबटने के लिए विशेष चौकसी होगी। प्रकाश ,पेयजल ,साफ-सफाई ,सुरक्षा के साथ 20मोबाइल टॉयलेट ,चार सेट मेले में आए महिला दर्शनार्थियों को कपड़ा बदलने के लिए चेंजिंग रूम , नदी में बोट सहित जल पुलिस ,दो ड्रोन कैमरे ,पूर्व के निर्धारित स्थलों पर बैरियर ,पुराने पुल पर भीड़ नियंत्रण के लिए दोनो छोर पर बैरियर अलग से होंगे। मन्दिर में सीसीटीवी ,एफएमडी ,मेला क्षेत्र के बाहरी हिस्से में पार्किंग की व्यवस्था होगी ,मेडिकल टीम के साथ फर्स्ट एड व एम्बुलेंस सहित ग्राम पंचायत,जिलापंचायत , बिजली विभाग ,स्वास्थ्य विभाग ,पीडब्ल्यूडी जलनिगम विभाग व अन्य विभाग अपनी पूर्व के अनुसार व्यवस्था करेगी। जल निगम पानी की लगातार आपूर्ति बनाये रखेगी वहीं बिजली विभाग खम्भों में बन्द पड़े लाइट को ठीक कराकर सुरक्षात्मक आपूर्ति पर ध्यान देगी।

समीक्षा बैठक में एडीसीपी गोमती जोन, एसीपी राजातालाब व पिंडरा ,एस ओ जनसा ,उपनिरीक्षक बड़ागाँव, नायब तहसीलदार सहित पुजारी अन्नू तिवारी ,प्रधान प्रतिनिधि रामप्रसाद व क्षेत्रीय प्रधान गण उपस्थित रहे।

ददरा ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था बदहाल, अतिरिक्त सफाई कर्मी की मांग

समाज जागरण

मीरजापुर। विकास खंड राजगढ़ की ग्राम पंचायत ददरा में विकास खंड कार्यालय, रेलवे स्टेशन एवं गोदाम सहित कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल स्थित हैं। ऐसे में नियमित साफ-सफाई की आवश्यकता बनी रहती है। वर्तमान में मात्र एक सफाई कर्मी होने के कारण पूरे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।



इस समस्या को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य ददरा एवं कूड़ी द्वारा जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ), मीरजापुर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल एक अतिरिक्त सफाई कर्मी की नियुक्ति कराने का निवेदन किया गया है। जिलाधिकारी ने मामले में तत्काल कार्रवाई कराने का भरोसा दिलाया है।

यूजीसी के विवादित नियमों की वापसी तक जारी रहेगा आंदोलन : दुर्गेश सिंह दीपू

वृंदावन स्थित प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ की बैठक, आगामी रणनीति पर हुआ मंथन

समाज जागरण

मोहनलालगंज। लखनऊ। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों को लेकर जारी विरोध के बीच श्री राजपूत करणी सेना ने आंदोलन को और व्यापक बनाने की तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र के वृंदावन स्थित संगठन के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ बैठक कर आगामी रणनीति पर चर्चा की। बैठक में अब तक हुए आंदोलनों की समीक्षा के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों में संगठन को मजबूत करने और युवाओं को अभियान से जोड़ने पर जोर दिया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने कहा कि यूजीसी के विवादित नियमों की स्थायी वापसी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। संगठन इस मुद्दे पर पीछे हटने वाला नहीं है। सरकार को विद्यार्थियों की आशंकाओं और समाज की भावनाओं को समझना होगा। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया निष्पक्ष होनी चाहिए तथा प्रत्येक विद्यार्थी को अपना पक्ष रखने का समान अवसर मिलना चाहिए।

उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखने और प्रदेश के प्रत्येक जिले में जनसंपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन के विस्तार और आंदोलन को जिला स्तर तक पहुंचाने की रूपरेखा भी तैयार की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के नेतृत्व में भी इस आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। संगठन के अनुसार, राजस्थान में करीब 600 किलोमीटर और हिमाचल प्रदेश में लगभग 500 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली गई। इसके अलावा जम्मू से कश्मीर और हरियाणा से चंडीगढ़ तक पदयात्रा के माध्यम से यूजीसी के नए नियमों के विरोध में जनसमर्थन जुटाने का प्रयास किया गया। राजस्थान में महारैली और महापंचायत के जरिए भी नियमों की वापसी की मांग उठाई गई।

उत्तर प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू भी पहले कई मौकों पर इन नियमों के खिलाफ विरोध दर्ज करा चुके हैं। लखनऊ के परिवर्तन चौक से विधान भवन की ओर अर्धनग्न प्रदर्शन करते हुए मार्च निकाला गया था, जिसे पुलिस प्रशासन ने बीच रास्ते में रोक दिया था। इसके बाद सवर्ण मोर्चा के प्रदर्शन के दौरान उन्हें मोहनलालगंज स्थित आवास पर नजरबंद किए जाने की भी जानकारी सामने आई थी।

गौरतलब है कि यूजीसी के नए नियमों को लेकर विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच चुका है। अदालत की ओर से इनके क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाए जाने के बावजूद संगठन के नेता इसे स्थायी समाधान नहीं मान रहे हैं। उनकी मांग है कि केंद्र सरकार विवादित नियमों को पूरी तरह वापस लेने का निर्णय करे।

बैठक के बाद संगठन ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों के हित, समानता और निष्पक्ष न्याय के मुद्दे पर आंदोलन जारी रहेगा। प्रदेश नेतृत्व ने कार्यकताओं को अपने-अपने जिलों में सक्रिय होकर संगठन की मांगों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी।

हरहुआ में 67 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, विधायक त्रिभुवन राम ने दिया आशीर्वाद

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकास खंड हरहुआ में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अजगरा विधायक त्रिभुवन राम विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। समारोह में कुल 67 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग प्रदान कर रही है। इस योजना का उद्देश्य विवाह के अवसर पर परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही सामाजिक समरसता एवं समानता को बढ़ावा देना है।

समारोह के दौरान नवविवाहित जोड़ों ने विधायक त्रिभुवन राम से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनकी अपनी कोई पुत्री नहीं है, लेकिन आज इन बेटियों को



आशीर्वाद देते हुए ऐसा महसूस हुआ, मानो वह अपनी ही बेटियों को आशीर्वाद दे रहे हों।

विशिष्ट अतिथि प्रशासक /जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ने वर - वधु को भेंटकर आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख हरहुआ विनोद उपाध्याय 'बब्बू', पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह, मोहन बाबू, जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चंद्र दुबे, बीडीओ जयप्रकाश,एडीओ कृषि विवेक सिंह, एडीओ एस टी शैलेन्द्र सिंह, बीओपीआरडी विवेक सिंह,जे0ई0 एमआई, जे0ई0 आर डी0 रीना तिवारी,विभांशु रंजन , श्री मति शालू ,सचिव संजय सोनकर,खरपत्तू प्रधान, सूर्यप्रकाश मौर्य 'भीम',संजय कुमार, रविंद्र यादव प्रधान, विजय प्रधान, अजय प्रधान सहित अन्य सम्मानित ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

विधायक त्रिभुवन राम ने सभी नवदंपतियों को सुखमय एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सफल संचालन जयप्रकाश भारती ने किया।

सोहागपुर-मानपुर मार्ग पर तीन स्पीड ब्रेकर बने हादसों का खतरा , संकेतक नहीं होने से वाहन चालक परेशान

कठार, मैरटोला खिचकिड़ी और बकेली में बेतरतीब निर्माण से दुर्घटनाओं की आशंका, ग्रामीणों ने की तत्काल सुधार की मांग

समाज जागरण

दैनिक समाज जागरण, शहडोल। सोहागपुर से उमरिया जिले के मानपुर पहुंच मार्ग पर बने तीन स्पीड ब्रेकर वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। कठार, मैरटोला खिचकिड़ी और बकेली में बनाए गए इन स्पीड ब्रेकरों की बनावट और संकेतक व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि ब्रेकरों के पहले चेतावनी बोर्ड नहीं होने से वाहन चालकों को अचानक इनका सामना करना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

जानकारी के अनुसार, पहला स्पीड ब्रेकर कठार में विनोद गुप्ता की किराना दुकान के पास पानी की टंकी के नजदीक, दूसरा मैरटोला खिचकिड़ी में रूपलाल सिंह की दुकान के सामने और तीसरा बकेली में मंदिर के पास स्थित है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इनकी ऊंचाई और बनावट के कारण वाहन अचानक उछल जाते हैं तथा चालकों का संतुलन बिगड़ने की आशंका रहती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से तीनों स्थानों का तकनीकी निरीक्षण कराने, मानकों के अनुरूप स्पीड ब्रेकर दुरुस्त करने तथा चेतावनी बोर्ड, सफेद पट्टियां और रिफ्लेक्टर लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि किसी बड़े हादसे से पहले विभाग को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

छोटे से नगर गौरेला के बेटे ने चिकित्सा जगत में रोशन किया जिले का नाम, डॉ. अनिमेष चौधरी को मिला प्रतिष्ठित RSSDI - USV अवार्ड

बेंगलुरु में राष्ट्रीय समारोह के दौरान मधुमेह के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान, अंतरराष्ट्रीय डायबिटीज फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. पीटर स्क्वाज ने किया सम्मानित ; बेटे की उपलब्धि से परिवार सहित पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल

समाज जागरण जितेंद्र शर्मा

गौरेला। प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती और यदि मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो छोटे से नगर से निकलकर भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई जा सकती है। इस बात को गौरेला के युवा चिकित्सक डॉ. अनिमेष चौधरी ने अपनी शानदार उपलब्धि से सच साबित कर दिखाया है। चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी मेहनत, लगन, ज्ञान और समर्पण के दम पर उन्होंने न केवल अपने परिवार का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले का नाम भी गौरवान्वित किया है। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी शशिकांत चौधरी गौंटिया के कनिष्ठ पुत्र डॉ. अनिमेष चौधरी को भारत की प्रतिष्ठित संस्था रिसर्च सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (RSSDI) द्वारा 21 नवंबर 2026 को बेंगलुरु में आयोजित भव्य समारोह में प्रतिष्ठित RSSDI-USV अवार्ड से सम्मानित किया गया। मधुमेह के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध, आधुनिक उपचार पद्धतियों के विकास तथा डायबिटीज से पीड़ित मरीजों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में किए गए उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

इस उपलब्धि को और भी खास बनाने वाली बात यह रही कि बेंगलुरु में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय डायबिटीज फेडरेशन (IDF) के अध्यक्ष जर्मनी के डॉ. पीटर स्क्वाज ने डॉ. अनिमेष चौधरी को सम्मानित किया। इस अवसर पर देश के ख्यातिलब्ध डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. सुनील गुप्ता (नागपुर), डॉ. अनुज माहेश्वरी, डॉ. बंशी साबू एवं डॉ. राकेश बख्शी ने भी उनकी उपलब्धि की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के परमाणु



ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह रहे। डॉ. अनिमेष चौधरी की यह सफलता एक दिन की उपलब्धि नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, निरंतर अध्ययन और मरीजों के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने एम्स दिल्ली एवं एस्कॉर्ट्स हार्ट सेंटर जैसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वर्तमान में वे आर्टेमिस शांति हॉस्पिटल, रायपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मधुमेह के अलावा संक्रामक बीमारियों, दमा, गठिया, थायराइड सहित विभिन्न रोगों के उपचार के माध्यम से वे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं। चिकित्सा को केवल पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का माध्यम मानने वाले डॉ. अनिमेष स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सोशल मीडिया, टेलीविजन और रेडियो के माध्यम से वे लगातार आम लोगों को विभिन्न बीमारियों के लक्षण, बचाव, समय पर जांच और आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी देते हैं। उनका उद्देश्य है कि बीमारी गंभीर रूप लेने से पहले ही लोग जागरूक हों और उचित चिकित्सा परामर्श लेकर स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। गौरेला जैसे छोटे नगर से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा जगत में अपनी प्रतिभा का परचम लहराना निश्चित ही क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डॉ. अनिमेष की यह उपलब्धि बताती है कि सपने बड़े हों, मेहनत सच्ची हो और उद्देश्य समाज की सेवा हो तो सफलता की राह स्वयं बन जाती है। आज इस सम्मान के साथ केवल एक चिकित्सक की उपलब्धि नहीं जुड़ी है, बल्कि गौरेला की मिट्टी का गौरव भी देश के प्रतिष्ठित मंच तक पहुंचा है। बेटे की इस सफलता से पिता शशिकांत चौधरी गौंटिया, परिवारजनों, शुभचिंतकों और नगरवासियों में हर्ष और गर्व का माहौल है। पूरे गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के लिए यह क्षण गौरवपूर्ण है। निश्चित ही डॉ. अनिमेष चौधरी की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के युवाओं को भी बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देती रहेगी।

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में पीएचडी हेतु रवि त्रिपाठी का चयन

समाज जागरण शहडोल ।।

शहडोल अंचल के युवा पत्रकार रवि त्रिपाठी का चयन भोपाल स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्र कारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में पीएचडी के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के पत्रकारों, शिक्षाविदों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। प्रवेश के लिए विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा में रवि ने दूसरा स्थान लाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया। रवि त्रिपाठी को कोयलांचल क्षेत्र के उन युवा पत्रकारों में गिना जाता है जो गंभीर और जनहित से जुड़े मुद्दों को अखबारों के साथ-साथ आधुनिक डिजिटल माध्यमों के जरिए प्रभावी ढंग से उठाते रहे हैं। उनकी विशेष रुचि स्टोरी रिसर्च, कानूनी विषयों, जनजातीय विकास, मानवाधिकार एवं पर्यावरणीय मुद्दों में रही है। विभिन्न जनहित के मामलों पर उनके द्वारा किए गए शोधपरक



कार्यों और रिपोर्टिंग को व्यापक सराहना मिली है। रवि त्रिपाठी ने पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नात कोत्तर की उपाधि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमर कंटक से प्राप्त की है। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक कार्य (एम.एस. डब्ल्यू.) तथा लोक प्रशासन विषय में भी स्नातकोत्तर उपाधियां अर्जित की हैं। रवि ने कई प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल एवं प्रिंट मीडिया संस्थानों के साथ स्वतंत्र रूप से कार्य करते हुए अनेक महत्वपूर्ण विषयों को पूरी जिम्मेदारी के साथ प्रमुखता से उठाया है। उनकी पहचान एक शोधपरक, तथ्याधारित और जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता करने वाले युवा पत्रकार के रूप में बनी है। इस अवसर पर रवि त्रिपाठी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता मुरलीधर त्रिपाठी, माता अनिता त्रिपाठी, जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा, प्रो. डॉ. मनीषा शर्मा सहित सभी गुरुजनों एवं, प्रो. दिवाकर दुबे (दिल्ली विश्व विद्यालय) तथा अपने सभी मित्रों एवं शुभचिंतकों को दिया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सभी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद का परिणाम है।

क्षेत्र के पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने रवि त्रिपाठी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

घुनघुटी बचाओ अभियान को जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया का समर्थन, जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए ग्रामीणों के साथ बुलंद की आवाज

समाज जागरण
विजय तिवारी उमरिया

घुनघुटी के जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए क्षेत्र के ग्रामीणजन अपने अधिकारों और प्राकृतिक विरासत की रक्षा हेतु संघर्ष के मैदान में उतर आए हैं। ग्रामीणों के इस जनआंदोलन को समर्थन देने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया भी घुनघुटी पहुंची और ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी आवाज बुलंद की। ग्रामीणों का आरोप है कि बजरंग कोल पावर लिमिटेड द्वारा कोल माइंस खोलने की प्रक्रिया के तहत क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों, जंगलों और जलस्रोतों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इससे न केवल स्थानीय ग्रामीणों की आजीविका और पर्यावरण पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है, बल्कि बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान से जुड़े वन्यजीव कॉरिडोर और प्राकृतिक आवास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। यदि इस क्षेत्र के जंगलों और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचता है, तो इसका प्रभाव वन्यजीवों के आवागमन, जैव विविधता और आने वाली पीढ़ियों के पर्यावरण पर भी पड़ेगा। जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया ग्रामीणों की चिंताओं और उनकी मांगों के साथ खड़ी है। जल, जंगल और जमीन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन, संस्कृति और भविष्य का आधार हैं। विकास के नाम पर प्रकृति, पर्यावरण और ग्रामीणों के अधिकारों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। घुनघुटी के जंगलों, जलस्रोतों और वन्यजीव कॉरिडोर की रक्षा के लिए ग्रामीणों की आवाज हर मंच पर उठाई जाएगी।

भोपाल में प्रतिभा दिखायेगा आयुष

समाज जागरण,अनूपपुर

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर सुश्री सरिता नायक के आदेशानुसार क्षेत्र संयोजक संतोष बाजपेई के निर्देशन में प्राचार्य संयोजक श्री अजय कुमार जैन के सयोजकत्व में जिला क्रीड़ा प्रभारी उपेंद्र कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में गत दिनों जिले के शासकीय हाई स्कूल रेऊंदा का होनहार खिलाड़ी आयुष चतुर्वेदी क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होकर इटारसी में आयोजित विभागीय राज्य स्तरीय क्रिकेट मिनी बालक वर्ग में अपनी हुनर का जलवा बिखेरते हुए सालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भोपाल हेतु जनजातीय कार्य विभाग की टीम में स्थान प्राप्त करते हुए



भोपाल में आयोजित प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए है होनहार खिलाड़ी को अपनी शुभकामनाएं बधाई देते हुए प्राचार्य रेऊंदा जे जे तिवारी ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन का नतीजा और कुशल नेतृत्व मार्गदर्शन की सराहना की खिलाड़ी के चयन में पीटीआई शिवमणि शुक्ल,विद्यालय परिवार,खेल प्रेमियों ने बधाई दे उज्ज्वल भविष्य की कामना की है

पेड़ों से लिपटकर जंगल बचाने उतरे ग्रामीण, घुनघुटी में चिपको आंदोलन की दिखी तस्वीर

बजरंग कोल पावर लिमिटेड की प्रस्तावित कोयला खदान परियोजना को लेकर विरोध तेज, पेड़ों की कटाई रोकने के लिए ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा

समाज जागरण

गिठौरी/घुनघुटी, घुनघुटी क्षेत्र में जंगल और पर्यावरण को बचाने की लड़ाई अब एक नए रूप में सामने आ रही है। ग्राम पंचायत घुनघुटी के अंतर्गत ग्राम गिठौरी में बजरंग कोल पावर लिमिटेड द्वारा की जा रही पेड़ों की कटाई के विरोध में ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। जंगल को उजड़ने से बचाने के लिए ग्रामीण पेड़ों से लिपटकर खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों के इस विरोध प्रदर्शन में पुराने चिपको आंदोलन की तस्वीर दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि उनकी आजीविका, पर्यावरण, जलस्रोत और वन्यजीवों के अस्तित्व का आधार है। उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के भविष्य और प्राकृतिक विरासत को बचाने के लिए है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शासन-प्रशासन के कथित संरक्षण में प्राकृतिक वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और कोयला खदान परियोजना के लिए जंगलों को साफ करने की तैयारी की जा रही है। वन्यजीव कॉरिडोर पर संकट की



आशंका घुनघुटी का वन क्षेत्र पर्यावरणीय और वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह क्षेत्र बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच वन्यजीवों के आवागमन का महत्वपूर्ण प्राकृतिक मार्ग है। इस क्षेत्र में बाघ सहित अन्य वन्यजीवों की आवाजाही होती है। ऐसे में यदि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और कोयला खदान परियोजना का विस्तार होता है, तो वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास और उनके आवागमन के रास्ते प्रभावित होने की आशंका है। जंगल के बिखरने से क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन भी बिगड़ सकता है।

विकास के नाम पर प्रकृति की कीमत क्यों?

ग्रामीणों का सवाल है कि क्या विकास के नाम पर जंगल, जल, जमीन और वन्यजीवों के अस्तित्व को दांव पर लगा दिया जाएगा? क्या स्थानीय लोगों की भावनाओं और पर्यावरणीय चिंताओं का कोई महत्व नहीं है? ग्रामीणों ने मांग की है कि पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवागमन मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का यह विरोध अब सिर्फ एक गांव या एक परियोजना तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों को बचाने की बड़ी लड़ाई बनता जा रहा है।

ग्रामीणों का स्पष्ट संदेश है कि जंगल रहेगा तभी वन्यजीव रहेंगे, प्रकृति सुरक्षित रहेगी।

सीमावर्ती रेत खदानों पर खनिज विभाग की सख्त निगरानी, कटनी - उमरिया के संयुक्त दल ने किया सघन निरीक्षण

खैरवार घाट में स्वीकृत सीमा के भीतर मिला खनन, इमलिया एवं सुतरी घाट में नहीं मिली उत्खनन गतिविधि

समाज जागरण विजय तिवारी

कटनी - सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध रेत उत्खनन की रोकथाम और खनिज नियमों के प्रभावी पालन को लेकर कटनी एवं उमरिया जिले के खनिज विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। बुधवार को दोनों जिलों के सीमावर्ती रेत खदान क्षेत्रों में संयुक्त जांच दल ने सघन भौतिक निरीक्षण कर खदानों की सीमाओं, खनन गतिविधियों और रेत परिवहन व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त दल ने उमरिया जिले के ग्राम खैरवार घाट स्थित स्वीकृत रेत खदान का मौका मुआयना किया। खदान संचालक बाबा महाकाल कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर एवं प्रबंधक की मौजूदगी में खदान की सीमाओं का विधिवत निर्धारण किया गया। जांच में खदान का संचालन स्वीकृत सीमा क्षेत्र के भीतर पाया गया। साथ ही यह भी संज्ञान में आया कि संबंधित फर्म द्वारा उमरिया जिले में स्वीकृत रेत खदानों का संचालन आगामी वर्ष तक के लिए वैध अनुबंध के तहत किया जा रहा है।

इमलिया एवं सुतरी घाट में नहीं मिली खनन गतिविधि

उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने



बताया कि संयुक्त जांच दल ने कटनी जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी खदानों की वस्तुस्थिति का गहन परीक्षण किया। इस दौरान इमलिया एवं सुतरी घाट स्थित स्वीकृत रेत खदान क्षेत्रों का भौतिक निरीक्षण किया गया। जांच में इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की खनन गतिविधि अथवा अस्थायी मार्ग का निर्माण नहीं पाया गया।

वाहनों पर मिले आरएफआईडी टैग, नियमों के पालन के निर्देश

निरीक्षण के दौरान संयुक्त अमले ने मौके पर मौजूद परिवहन वाहनों की आकस्मिक जांच भी की। जांच में सभी वाहनों पर नियमानुसार आरएफआईडी (RFID) टैग लगे पाए गए। दल ने खदान संचालक एवं प्रबंधन को निर्देशित किया कि भविष्य में भी उत्खनन कार्य स्वीकृत सीमा क्षेत्र के भीतर ही किया जाए तथा रेत का लदान केवल वैध आरएफआईडी टैगयुक्त वाहनों में ही सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि खनिज नियमों अथवा स्वीकृत खदान की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त निरीक्षण के माध्यम से खनिज विभाग ने सीमावर्ती रेत खदानों में नियमानुसार संचालन, परिवहन व्यवस्था की निगरानी और अवैध उत्खनन की रोकथाम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। खदानों की सीमाओं और परिवहन व्यवस्था की जांच से खनिज नियमों के पालन को सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी निगरानी की जा रही है।

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग ने की कार्रवाई, 13 प्रकरण दर्ज

समाज जागरण,उमरिया

कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निदेर्शानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त उमरिया एवं नौरोजाबाद के अंतर्गत कोहका, कोयलारी, सस्तरा, निपनिया एवं देवगवां में विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान विभागीय टीम ने 255 किलोग्राम महुआ लाहन, 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 2.52 बल्क लीटर देशी मदिरा जब्त की। कार्रवाई के दौरान कुल 13 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कर विवेचना में लिए गए। जब्त मदिरा एवं सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 28 हजार 674 रुपये आंकी गई है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक दिनकर सिंह तिवारी, अमितेष सिंह, मुख्य आरक्षक अवध सिंह बघेल, कविता सिंह, आरक्षक विद्या सिंह एवं नगर सैनिक उपस्थित रहे।

जनधन और अटल पेंशन योजना से बिजनौर में लाखों लोग लाभान्वित

नौ वर्षों में जनपद में खुले 17.69 लाख जनधन खाते, अटल पेंशन योजना से 2.03 लाख पात्र जुड़े

दैनिक समाज जागरण, मुस्कान खान

बिजनौर, 25 नवंबर। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनपद में लाखों लोगों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना और अटल पेंशन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में वित्तीय समावेशन और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा मिला है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2017 से अगस्त 2026 तक प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत जनपद में कुल 17,69,835 बैंक खाते खोले गए। इनमें नजीबाबाद विधान सभा क्षेत्र में सर्वाधिक 2,64,686 खाते तथा धामपुर में 2,47,864 खाते खोले गए। वहीं अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में लोगों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ा गया। इसी अवधि में अटल पेंशन योजना के तहत जनपद के 2,03,175 पात्र व्यक्तियों को योजना से जोड़ा गया। धामपुर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 32,332 तथा नजीबाबाद में 28,811 लोग लाभान्वित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनधन योजना से आमजन को बैंकिंग सुविधाएं मिल रही हैं, जबकि अटल पेंशन योजना वृद्धावस्था में नियमित पेंशन की सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



गंगा में स्नान करते समय बुझ गए हैं। घर के तीन चिराग

पीड़ित बच्चों की मां ने लगाया थाना प्रभारी व जिला प्रशासन पर औपचारिक इंतजाम करने का आरोप
पुख्ता इंतजामों से बच सकता था मेरा परिवार : मां

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो
शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

नांगल सोती। गंगा में स्नान करते समय एक परिवार की तीन जिंदगियां गंगा में डूब गई है। आज एक परिवार अपने बच्चों के साथ गंगा स्नान करने के लिए गंगा खादर क्षेत्र में लगने वाले उत्तराखंड सीमा के बीच स्नान करने के लिए नांगल गंगा घाट पर आया था। गंगा में नहाते समय एक युवती दो मासूमों की डूबने की खबर सुनकर गंगा स्नान मेले में पूरी तरह अफरा तफरी मच गई। वह घटना की जानकारी मिलने के बाद श्रद्धालुओं के भी हाथ पांव फूल गए थे। तथा नजीबाबाद के मोहल्ला रामपुरा निवासी परिवार के सूरज, हर्षित डोली कुमारी, दिव्यानी, आदि गंगा में स्नान कर रहे थे जब ही गहराई



में जाकर जब वह डूबने लगे तो वहां पर मौजूद मंझाडी निवासी नितिन कुमार ने डूबती देख दिव्यानी को अपनी जान की परवाना न करके हाथ पकड़ कर बचा लिया इसमें उसका मोबाइल भी पानी में डूबने की बात सामने आई है। पीड़ित बच्चों की मां ने नांगल थाना प्रभारी व जिला प्रशासन द्वारा किए गए औपचारिक इंतजामों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जो की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रही है इतना ही नहीं वहां पर खड़े पीड़ितों के परिवार के परिजनों ने पुलिस प्रशासन लगाए आरोप क्योंकि प्रशासन द्वारा मेला कमेटी के द्वारा कोई भी पुख्ता इंतजाम न करने का आरोप लगाया है।

ढाबे से थाली के साथ पूजा सामग्री का भी कारोबार! पंचायत के हजारों रुपये के भुगतान पर उठे गंभीर सवाल

ग्राम पंचायत कौआसरई में पूजा सामग्री खरीदने के नाम पर ढाबे से भुगतान का मामला आया सामने, बिल में रूई की बत्ती से लेकर नारियल तक दर्ज; सरकारी धन के इस्तेमाल और भुगतान प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग

समाज जागरण जितेंद्र शर्मा

जयसिंहनगर/शहडोल। सरकारी धन के उपयोग में पारदर्शिता और जवाबदेही के दावे उस समय सवालों के घेरे में आ जाते हैं, जब सरकारी खर्चों की फाइलों में ऐसे भुगतान सामने आते हैं, जिनका हिसाब समझना आम आदमी के लिए भी मुश्किल हो जाए। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला जयसिंहनगर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कौआसरई से सामने आया है।

मामले के अनुसार, जिस ढाबे से आमतौर पर लोगों को खाना-पीना उपलब्ध कराया जाता है, उसी ढाबे से ग्राम पंचायत द्वारा पूजा सामग्री खरीदने के नाम पर हजारों रुपये का भुगतान कराया गया। बिल में रूई की

बत्ती, दीये, रिफाइंड तेल, रेवड़ी, अगरबत्ती, मोमबत्ती और नारियल जैसी सामग्री दर्ज बताई जा रही है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर ढाबा संचालक भोजन के साथ पूजा सामग्री का कारोबार भी कर रहा है? यदि हां, तो क्या पंचायत ने खरीदारी से पहले सामग्री की उपलब्धता और दरों का सत्यापन किया था? और यदि नहीं, तो फिर इस बिल के आधार पर सरकारी राशि का भुगतान किस प्रक्रिया के तहत किया गया?

सरकारी खजाना निजी दुकानदारी का जरिया तो नहीं?

पंचायतों को विकास कार्यों और सार्वजनिक गतिविधियों के लिए मिलने वाली राशि जनता के टैक्स और सरकारी बजट से आती है। ऐसे में प्रत्येक भुगतान का उचित दस्तावेज, वास्तविक खरीद और पारदर्शी प्रक्रिया से जुड़ा होना जरूरी है। सवाल केवल कुछ हजार रुपये का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का है जिसमें भुगतान से पहले बिलों की जांच और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

जांच होगी या फाइलों में ही दब जाएगा मामला?

अब जनपद पंचायत जयसिंहनगर के जिम्मेदार अधिकारियों से अपेक्षा है कि संबंधित बिल, भुगतान वाउचर, कैशबुक और खरीदारी से जुड़े अभिलेखों की जांच कराई जाए। यह भी स्पष्ट किया जाए कि सामग्री वास्तव में खरीदी गई थी या नहीं, ढाबे से खरीदारी का आधार क्या था और भुगतान को किस अधिकारी ने सत्यापित किया। यदि भुगतान प्रक्रिया में अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदारों पर नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। सरकारी धन कोई निजी जेब नहीं है, जहां मनमाने बिल लगाकर भुगतान करा लिया जाए। जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि पंचायत के पैसों का उपयोग किस काम में और किस आधार पर किया जा रहा है।

कोतवाली देहात पुलिस ने तीन वारंटी गिरफ्तार किये तीनों वारंटीयों पर गैर जमानती वारंट था

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर

कोतवाली देहात पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस वारंटीयों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। पुलिस के अनुसार न्यायालय जेएम 2 नगीना ने मुकदमा अपराध संख्या 36/15 में गैरजमानती वारंट जारी किया था यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 325, और 506, से जुड़ा है। पुलिस ने सुनील भूरे और बल्लू सिंह को गिरफ्तार किया है। तीनों हरनाम के बेटे हैं। और ग्राम मिजार्पुर थाना कोतवाली देहात के निवासी हैं। गिरफ्तारी करने



वाली टीम में उप निरीक्षक अन्नू कुमार, हेड कांस्टेबल कपिल कुमार और लोकेश कांस्टेबल मुनेंद्र और दुष्यंत शामिल थे पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नांगल सोती गंगा घाट हादसा: एक शव बरामद, दो लापता लोगों की तलाश जारी

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

नजीबाबाद के रम्पुरा निवासी एक ही परिवार के तीन लोगों के गंगा में लापता होने की दर्दनाक घटना में एक शव बरामद हो चुका है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। मौके पर पहुंचे साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने पीड़ित



परिवार से मुलाकात की और NDRF की दो गोताखोर टीमों द्वारा चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कार्तिक पूर्णिमा से एक दिन पहले ही प्रशिक्षित गोताखोरों और NDRF टीम की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा से कोई समझौता न हो।

2 दिसंबर को कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी भाकपा, जेल भरो आंदोलन का ऐलान

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ
विजय कुमार अग्रहरी



सोनभद्र। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की जिला कमेटी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आगामी 2 दिसंबर 2026 को जिला मुख्यालय पर राष्ट्रव्यापी जेल भरो आंदोलन आयोजित करेगी। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार का घेराव कर धरना-प्रदर्शन करेंगे और विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित मांगों का ज्ञापन प्रशासन को सौंपेंगे। भाकपा के जिला सह सचिव देव कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि आंदोलन के माध्यम से मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, लोकतांत्रिक एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने तथा एचबीएन (HBN), पीएसीएल (PACL), सहारा वेलफेयर सहित विभिन्न कंपनियों में फंसी निवेशकों की जमा पूंजी वापस कराने की मांग उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्षों से गरीब मजदूरों, किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों की मेहनत की कमाई विभिन्न निवेश कंपनियों में फंसी हुई है। जमाधारक अपनी रकम वापस पाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक न्याय नहीं मिल सका है। केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर निवेशकों का पैसा वापस कराने की ठोस व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आंदोलन में सोनभद्र की स्थानीय समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। इसमें जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा, आदिवासियों के अधिकार, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा मजदूरी, किसानों की फसल क्षति, भ्रष्टाचार तथा गरीबों के अधिकारों से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। भाकपा जिला कमेटी ने मजदूरों, किसानों, आदिवासियों, नौजवानों, महिलाओं, जमाधारकों और आम नागरिकों से 2 दिसंबर को जिला मुख्यालय पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र ने किया संविधान के मूल्यों का स्मरण

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ
विजय कुमार अग्रहरी



सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के तत्वावधान में संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जगजीवन सिंह एडवोकेट ने की तथा संचालन महामंत्री राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट ने किया। संविधान दिवस पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पत्रकार राम प्रसाद यादव एडवोकेट को संविधान दिवस पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ! कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार प्रदान किया है। संविधान के प्रति सम्मान और उसके आदर्शों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज संविधान और कानून के शासन की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान केवल शासन चलाने का दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजबूत आधार है। संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के आदर्शों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संविधान ने समाज के वंचित, शोषित, गरीब एवं कमजोर वर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने और अपने अधिकारों की रक्षा करने का संवैधानिक आधार दिया है।

संचालन उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव एडवोकेट ने किया!

संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर चौधरी यशवंत सिंह, राजेश कुमार यादव, प्रेम प्रताप विश्वकर्मा, शाहनवाज आलम खान, कामता प्रसाद, रामगुल्ली, चतुर्भुज शर्मा, दसरथ यादव, उपेंद्रनाथ, टीटू प्रसाद गुप्ता, रोहित यादव लाल बहादुर पाल आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

युवा जागरण मंच की देव दीपावली बनी यादगार, बच्चों की रंगोली ने दिया समाज को संदेश

पूर्वांचल की आन बान शान विक्की तिवारी (छोटा पागल) डिम्पल सिंह और रितिक सिंह के भजनों पर झूमा पूरा नगर

समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरी



ओबरा/ सोनभद्र। देव दीपावली की शाम ओबरा के लिए किसी महापर्व से कम नहीं थी। युवा जागरण मंच के बैनर तले सेक्टर-8 स्थित आरती चित्र मंदिर के ग्राउंड पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में जब 21 हजार दीप एक साथ जले, तो पूरा मैदान रोशनी से नहा गया। ऐसा लगा मानो धरती पर ही स्वर्ग उतर आया हो। सुबह से ही कार्यक्रम की रौनक शुरू हो गई थी। तमाम स्कूलों के बच्चों ने संदेशवाहक रंगोली बनाकर समाज में हो रही गतिविधियों को दर्शाया। बेटी बचाओ, नशा मुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण और सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर बच्चों की रंगोली ने लोगों को रुककर सोचने पर मजबूर कर दिया। शाम होते ही माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। वाराणसी से आए महंतों द्वारा की गई भव्य गंगा आरती ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शंखनाद, घंटियों की आवाज और दीपों की रोशनी के बीच पूरा ग्राउंड हर-हर महादेव और जय गंगा मैया के जयकारों से गूंज उठा। लोगों ने हाथ जोड़कर आरती का दर्शन किया और अपने फोन में उस पल को कैद कर लिया। कार्यक्रम की सबसे बड़ी धमक तब आई जब मंच पर भोजपुरी की सुपरस्टार अभिनेत्री डिम्पल सिंह और भोजपुरी गायक एवं अभिनेता रितिक सिंह पहुंचे। दोनों कलाकारों ने एक के बाद एक भक्ति गानों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा ओबरा नगर झूम उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी भजनों पर थिरकते नजर आए। लोगों ने कहा कि ओबरा में इतना बड़ा भक्ति कार्यक्रम पहली बार देखा। इस भव्य आयोजन में मुख्य संरक्षक दिलीप कृष्ण भारद्वाज, नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी, नगर पंचायत प्रतिनिधि श्रवण पासवान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्राणमती देवी, सुखनंदन चौरसिया, सौरभ अग्रवाल, संजय बैसवार, सहित मंच के संस्थापक विपुल शुक्ला,कर्यक्रम सयोजक सौरभ सिंह,पंकज ,अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, उपाध्यक्ष व रंगोली प्रमुख अरविंद कुशवाहा, संरक्षक संदीप सिंह, अमित अग्रवाल ऋकी अमित उपाध्याय, नीरज भाटिया, राहुल श्रीवास्तव, राकेश अग्रहरी, कार्यक्रम मंत्री रोशन सिंह, अमन सिंह शिवम् सिन्हा, मीडिया प्रभारी आयुष सक्सेना ,रौनक, अनिकेत राय, विकाश सिंह, विनीत पाण्डेय, शिवम अग्रहरी, उपाध्यक्ष राजू साहनी, शिखर, अनमोल, उत्कर्ष, हेमाक, लकी पाठक, सूरज, सोनल, अतुल शुक्ला सहित अन्य कमेटी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में दिन-रात मेहनत की।

आयोजकों ने कहा कि युवा जागरण मंच का उद्देश्य सिर्फ त्योहार मनाना नहीं, बल्कि युवाओं को संस्कृति, संस्कार और समाज सेवा से जोड़ना है। 21 हजार दीपों का यह आयोजन ओबरा की एकता और भक्ति का प्रतीक बन गया है।

बेचूबीर बाबा धाम के चढ़ावे में अहरौरा पुलिस ने की जबरन वसूली : रोशनलाल यादव

- सीएम पोर्टल समेत उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेज निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

- सीओ मड़िहान करेंगे सीएम पोर्टल पर हुई शिकायत की जांच
- अहरौरा एसओ के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो डीएम कार्यालय मिजार्पुर के समक्ष आमरण अनशन पर बैठेंगे बेचूबीर बाबा के वंशज

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ
विजय कुमार अग्रहरी



सोनभद्र/मिजार्पुर। मिजार्पुर जिला अंतर्गत अहरौरा थाना क्षेत्र के जंगल महाल गांव स्थित प्रसिद्ध बेचूबीर बाबा धाम पर लगने वाली तीन दिवसीय मेला में चढ़े चढ़ावा की अहरौरा पुलिस द्वारा जबरन वसूली का मामला प्रकाश में आया है। बेचूबीर बाबा के वंशज एवं व्यव स्थापक रोशनलाल यादव एडवोकेट ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर और रजिस्टर्ड डाक से उच्चा धिकारियों को भेजकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री पोर्टल की शिकायत की जांच सीओ मड़िहान को मिली है। वहीं अहरौरा एसओ के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने पर डीएम कार्यालय मिजार्पुर के समक्ष बेचूबीर बाबा के वंशजों ने आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है। शिकायती पत्र में बेचूबीर बाबा के वंशज एवं व्यवस्थापक रोशनलाल यादव एडवोकेट ने अहरौरा थानाध्यक्ष अजय मिश्रा एवं एसआई संजय सिंह के ऊपर गम्भीर आरोप लगाया है। आरोप है कि बेचूबीर बाबा धाम में 18 नवंबर से 20 नवंबर तक तीन दिवसीय मेला लगा था, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची थी। ऐतिहासिक मेला एवं पूजन कार्य सम्पन्न होने पर बेचूबीर बाबा धाम पर चढ़े चढ़ावे में से जबरन अहरौरा एसओ एवं एसआई द्वारा क्रमशः 50 हजार रुपये व 20 हजार रुपये कुल 70 हजार रुपये बेचूबीर बाबा के वंशजों से वसूल किया गया। इतना ही नहीं दूसरे दिन 50 हजार रुपये और न देने पर धमकी भी दी गई। जिसकी वजह से व्यवस्थापक एवं वंशजों को मानसिक आघात पहुंचा है। व्यव स्थापक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर एवं उच्चाधिकारियों को रजिस्टर्ड डाक से शिकायती पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री पोर्टल की शिकायत की जांच सीओ मड़िहान को मिली है। वंशजों का कहना है कि अगर अहरौरा एसओ के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई नहीं होती तो डीएम मिजार्पुर कार्यालय के समक्ष बेचूबीर बाबा के वंशज आमरण अनशन पर बैठेंगे।

ऑपरेशन शुद्धि: 5.10 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार, दो मोबाइल और बाइक बरामद

समाज जागरण/
अवधेश कुमार गुप्ता



सोनभद्र। जनपद में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री एवं तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन शुद्धि के तहत रॉबर्ट्सगंज पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने 5.10 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन और तस्करी में प्रयुक्त एक टीवीएस मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मेविश टाक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्र के निर्देशन में रॉबर्ट्सगंज पुलिस टीम ने 24 नवंबर 2026 की रात मानपुर तियरा नहर पुलिया के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की टीवीएस मोटरसाइकिल से आ रहे एक संदिग्ध युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर रात करीब 9:13 बजे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान प्रियांशू बियार (26 वर्ष) पुत्र रामसागर बियार, निवासी बुड़हर खुर्द, थाना रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से 5.10 ग्राम अवैध हेरोइन और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज में मुकदमा अपराध संख्या 948/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/27-ए में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह एक व्यक्ति से हेरोइन प्राप्त कर अपने क्षेत्र में बेचता था और बिक्री से मिलने वाली धनराशि संबंधित व्यक्ति तक पहुंचाता था। पुलिस के मुताबिक, उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर हेरोइन उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति की भूमिका की जांच की जा रही है और अग्रिम विवेचनात्मक कार्रवाई जारी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2026 में थाना रॉबर्ट्सगंज में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक विनय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी हिन्दुआरी, उपनिरीक्षक उमाशंकर यादव, चौकी प्रभारी लोढ़ी, हेड कांस्टेबल भगवान यादव, कांस्टेबल अम्बुज सिंह एवं कांस्टे बल अमित शुक्ला शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

20 दिनों से अंधेरे में पुरानडीह बस्ती, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार



सोनभद्र। विकास खंड बभनी के चैनपुर ग्राम पंचायत स्थित पुरानडीह बस्ती में पिछले 20 दिनों से 50 घरों की बिजली आपूर्ति ठप है। बस्ती में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने से नाराज ग्रामीणों ने बुधवार को प्रदर्शन कर जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया और जल्द ट्रांसफार्मर बदलवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर जलने के बाद से लगातार बिजली आपूर्ति बाधित है। दीपावली, छठ, एकादशी और देव दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार भी ग्रामीणों को अंधेरे में गुजारने पड़े। बिजली नहीं रहने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं पेयजल के लिए मोटर और अन्य विद्युत उपकरण नहीं चल पा रहे हैं। खेती और सिंचाई के कार्यों में भी परेशानी हो रही है। रात में अंधेरा रहने से ग्रामीणों को आवागमन और सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी है। प्रदर्शन करने वालों में सोमरू, संतोष, जितबंधन, श्याम सुंदर, दिनेश, फूलचरण, कतवारू, भगवानदास, रामबिचार, प्रेमचंद, फूलमती, सोनिया, देवी, उर्मिला देवी, आशा देवी सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। इस संबंध में एसडीओ शिवम गुप्ता ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं थी। जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराई जाएगी।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की नई शाखा का शुभारंभ, ग्रामीणों को मिलेगी बैंकिंग सुविधाओं की सौगात

•~ ग्रामीणों को बैंकिंग योजनाओं की दी गई

समाज जागरण/ तहसील
संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता



सोनभद्र। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार करने और आमजन को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने की दिशा में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल की गई। 23 नवंबर 2026 को ग्राम-गुरवल, पोस्ट-लोहंडी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की नवीन मिनी शाखा एवं ग्राहक सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन शाखा प्रबंधक भूपेंद्र कुमार एवं संबंधित बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लगभग 50 ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्य क्रम के दौरान बैंक अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनके लाभों से अवगत कराया। सरकारी योजनाओं से जुड़कर सुरक्षित करें अपना भविष्य बैंक अधिकारियों ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही ग्रामीणों को बचत खाता खुलवाने, नियमित बचत करने तथा बैंक से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया।अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ने से लोगों को आर्थिक लेनदेन के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में भटकना नहीं पड़ेगा। इससे ग्रामीणों को समय की बचत के साथ ही बैंकिंग सुविधाओं का लाभ अपने नजदीकी क्षेत्र में मिल सकेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती कार्यक्रम में बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सरकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को जोड़ने तथा ग्रामीणों में बचत की आदत विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। नई बैंकिंग सुविधा शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने बैंक की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और आम लोगों को बैंकिंग सेवाओं का बेहतर लाभ प्राप्त होगा।

सरकारी योजनाओं से वंचित दिव्यांग सगे भाई-बहन , पेंशन के लिए काट रहे दफ्तरों के चक्कर

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार



सोनभद्र। विकास खंड बभनी की ग्राम पंचायत बभनी के करमहलटोला निवासी द* दिव्यांग सगे भाई-बहन सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। बचपन से ही दृष्टिबाधित होने के बावजूद उन्हें दिव्यांग पेंशन सहित अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजनाओं का लाभ पाने के लिए दोनों सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। करमहलटोला निवासी रामबरन (42) पुत्र देवलाल और उनकी बहन रामधनी उर्फ रायमनी (32) जन्म से ही देख नहीं सकते हैं। रामबरन ने बताया कि पहले उन्हें दिव्यांग पेंशन मिलती थी, लेकिन पिछले तीन वर्षों से पेंशन बंद है। वहीं उनकी बहन रायमनी को आज तक दिव्यांग पेंशन का लाभ नहीं मिला। दोनों भाई-बहन शत-प्रतिशत दिव्यांगता की श्रेणी में आते हैं। परिवार का कहना है कि उन्हें निरामया स्वास्थ्य बीमा, डे-केयर और पुनर्वास से जुड़ी योजनाओं का भी लाभ नहीं मिल रहा है। इसके अलावा आवास जैसी बुनियादी सुविधा से भी वे वंचित हैं। रामबरन का आरोप है कि इस संबंध में ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी से कई बार गुहार लगाने के बावजूद उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सरकार की ओर से पात्र दिव्यांगजनों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन दोनों भाई-बहन अब तक इसका लाभ पाने से वंचित हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए दिव्यांग पेंशन बहाल कराने, बहन की पेंशन स्वीकृत कराने और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बभनी मनीष सिंह ने बताया कि उन्हें बभनी में कार्यभार संभाले अभी तीन दिन हुए हैं। जल्द ही मामले की जांच कराई जाएगी और दोनों दिव्यांग भाई-बहन की पात्रता के आधार पर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।

501 दीपों से जगमगाया बभनी का शिव मंदिर, रंगोली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

सोनभद्र। विकास खंड बभनी के बभनी बाजार स्थित शिव मंदिर प्रांगण में मंगलवार की रात देव दीपावली के शुभ अवसर पर युवा शक्ति बभनी की ओर से भव्य दीपोत्सव, रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 501 दीप प्रज्ज्वलित कर देव दीपावली मनाई गई। दीपों की रोशनी से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा। कार्यक्रम की थीम 'दीपों की रोशनी से जगमगाए हर आंगन, देव दीपावली का पावन पर्व लाए खुशियों का सावन' रखी गई थी। समारोह में अतिथि के रूप में कन्हैया लाल गुप्ता, बाबूराम गुप्ता, संजय जायसवाल, मिथिलेश चंद्र गुप्ता एवं जय प्रकाश जायसवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर होली लाइट पब्लिक स्कूल और आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता



में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी रंगोलियों और दीपों की रोशनी से मंदिर परिसर का नजारा आकर्षक हो गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। देव दीपावली के अवसर पर पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान श्याम नारायण पांडेय, उत्तम गुप्ता, वरुण कुमार, आशीष जायसवाल, प्रियांशु शर्मा सहित युवा शक्ति समिति के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और स्थानीय लोग शामिल हुए।

28 एवं 29 नवंबर को सभी बूथों पर चलेगा मतदाता सूची पुनरीक्षण विशेष अभियान- जिलाधिकारी

विशेष अभियान के दौरान सभी बूथों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ, मतदाता सूची पढ़कर भी सुनाई जाएगी

समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी



सोनभद्र । जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण विशेष अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने तथा कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रह जाए, इस संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी 28 एवं 29 नवंबर को मतदाता सूची पुनरीक्षण विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे तथा प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची भी उपलब्ध रहेगी। अभियान के दौरान नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया भी जाएगा, जिससे मतदाता अपने नाम की पुष्टि कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाए हैं, वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाते हुए अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने स्तर से भी लोगों को जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे। उन्होंने बीएलओ को भी अभियान के दौरान सक्रिय भूमिका निभाने तथा मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। इस मैके पर मान्याता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि भाजपा से शम्भू नारायण सिंह जिला उपाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी के अनिल प्रधान जिला कार्यालय प्रभारी, अपना दल एस के नीरज सिंह पटेल जिला मीडिया सचिव, बहुजन समाज पार्टी श्याम लाल एवं श्रवण कुमार, सी0पी0आई0 एम नन्दलाल आर्य जिला मंत्री, आम आदमी पार्टी के रमेश गौतम जिलाध्यक्ष,। बैठक में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

पुलिस उपाधीक्षक सोनभद्र, हर्ष पाण्डेय का जनपद जौनपुर स्थानांतरण होने पर दी गई भावभीनी विदाई

समाज जागरण/ अकबर अली

सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क, जनपद सोनभद्र स्थित कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल की उपस्थिति में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक सोनभद्र हर्ष पाण्डेय का जनपद जौनपुर स्थानांतरण होने पर जनपदीय पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अपर पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हर्ष पाण्डेय को फूल-मालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनकी नई तैनाती के लिए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री हर्ष पाण्डेय के जनपद सोनभद्र में कार्यकाल के दौरान किए गए सराहनीय कार्यों, कर्तव्यनिष्ठा एवं योगदान की प्रशंसा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। श्री हर्ष पाण्डेय ने जनपद में बिताए गए कार्यकाल को यादगार बताते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिले सहयोग एवं आत्मीयता के लिए आभार व्यक्त किया। यह विदाई समारोह उनके कार्यकाल के प्रति सम्मान, अपनत्व एवं कृतज्ञता की भावपूर्ण अभिव्यक्ति रहा।

गलगलिया में गृहभेदन कांड का 24 घंटे में उद्भेदन, एक गिरफ्तार

आरोपित के घर से सोने जैसे धातु के आभूषण और 540 रुपये बरामद, पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने की कार्रवाई

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।



गलगलिया थाना क्षेत्र में गृहभेदन कर चोरी करने के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर उद्भेदन करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान खोशी डांगी निवासी नारायण कुमार (18 वर्ष), पिता मोतीलाल महतो के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके घर से चोरी के सोने जैसे धातु के आभूषण और 540 रुपये बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 24 नवंबर 2026 को खोशी डांगी वार्ड संख्या-12 निवासी महादेव महंत ने गलगलिया थाना में आवेदन देकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि शाम करीब 6:30 बजे परिवार के साथ घर बंद कर बाहर गए थे। रात करीब 9:30 बजे लौटने पर देखा कि अलमारी का ताला तोड़कर करीब 25 ग्राम सोने, 100 ग्राम चांदी के आभूषण और नकदी की चोरी कर ली गई है।

इस मामले में गलगलिया थाना कांड संख्या 116/26, दिनांक 24 नवंबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 305(ए) एवं 331(4) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में मामले के शीघ्र उद्भेदन के लिए विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी अनुसंधान और जांच के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नारायण कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार आरोपित की निशानदेही पर उसके घर से चोरी के सामान बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार, बरामद सामान में सोने जैसी धातु के दो झुमके, दो कान के टॉप, दो बालियां, एक मांगटीका, एक नोजपिन और 540 रुपये नकद शामिल हैं।

इस कार्रवाई में ठाकुरगंज एसडीपीओ-2 मनोज कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार पंत, जिला आसूचना इकाई के प्रभारी मो. मुश्ताक, गलगलिया थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

बिहार-बंगाल सीमा पर नशीली दवाओं के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, गोदाम से भारी खेप जब्त, पांच गिरफ्तार

रामपुर में दवा होलसेलर के गोदाम पर छापेमारी, किशनगंज से जुड़े कथित फैंसीडिल नेटवर्क की भी जांच कर रही बंगाल पुलिस

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



बिहार-बंगाल सीमा से सटे पश्चिम बंगाल के रामपुर इलाके में नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ इस्लामपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने चाकुलिया थाना क्षेत्र के रामपुर स्थित एक दवा होलसेलर के गोदाम में छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद कर जब्त की गईं। मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, छापेमारी के बाद गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और दवाओं की आपूर्ति के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, इस अवैध कारोबार के तार बिहार के सीमावर्ती इलाकों से भी जुड़े होने की आशंका है।

बताया जा रहा है कि बंगाल पुलिस किशनगंज जिले से जुड़े एक कथित बड़े फैंसीडिल कारोबारी की भूमिका की भी जांच कर रही है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि और संबंधित व्यक्ति की संलिप्तता को लेकर विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

पुलिस की इस कार्रवाई के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में नशीली दवाओं के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा है। पुलिस का अनुसंधान जारी है और आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के नाम सामने आने की संभावना है।

तेघरिया गांव में जर्जर सड़क से आवागमन बाधित, आरसीसी पुल निर्माण की मांग

बरसात में जलमग्न हो जाता है इलाका, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को होती है भारी परेशानी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

टेढ़ागाछ (किशनगंज)। टेढ़ागाछ प्रखंड की बैगना पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या दो एवं तीन स्थित तेघरिया गांव के समीप वर्षों से सड़क जर्जर और क्षतिग्रस्त रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



तेघरिया से गिल्हनी जाने वाली कच्ची सड़क का बीच वाला हिस्सा ध्वस्त हो जाने से स्कूली छात्र-छात्राओं सहित आम लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बरसात के दिनों में पूरा इलाका जलमग्न हो जाता है। सड़क पर पानी भर जाने और बीच का हिस्सा क्षतिग्रस्त रहने से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है। खासकर स्कूली बच्चों को विद्यालय आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों को प्रखंड एवं जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों तक पहुंचने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से इस समस्या के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। नारायण कुमार मांझी, सरवन कुमार मांझी, उमेश कुमार मांझी, दिनेश कुमार सिंह, श्यामलाल मांझी एवं संतोष कुमार सिंह ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से तेघरिया से गिल्हनी जाने वाली सड़क का पक्कीकरण कराने तथा ध्वस्त हिस्से पर आरसीसी पुल का निर्माण कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने कहा कि सड़क और पुल का निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। उन्होंने जनहित में जिला प्रशासन से जल्द आवश्यक पहल करने की मांग की है।

नबीनगर : कोनी गांव में टूटा तार बना काल, फसल देखने गए किसान की करंट से गई जान

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)



नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के कोनी गांव में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। खेत में फसल देखने निकले किसान मधुरेन्द्र सिंह की टूटकर गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुबह मधुरेन्द्र सिंह रोज की तरह अपने खेत की ओर जा रहे थे। बधार के रास्ते में बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिरा था, जिसमें करंट दौड़ रहा था। उन्हें इसका अंदाजा नहीं लगा। जैसे ही उनका पैर तार से टकराया, तेज करंट ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। वे वहीं जमीन पर गिर पड़े।काफी देर तक जब वे घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। इधर बधार की तरफ जा रहे ग्रामीणों ने उन्हें जमीन पर अचेत पड़ा देखा तो शोर मचा दिया। लोग दौड़कर पहुंचे और आनन-फानन में अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।ग्रामीणों ने कहा कि गांव में बिजली के तार जगह-जगह लटके और जर्जर हैं। कई बार विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अगर समय पर तार की मरम्मत हो जाती तो आज एक किसान जिंदा होता।ग्रामीणों ने मांग की है कि - टूटे तारों की तुरंत मरम्मत ह,जर्जर तार बदले जाए और पीड़ित परिवार को मुआवजा मिले

रमजान नदी के पुनर्जीवन की तैयारी, पटना से आई कंसल्टेंट टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

किशनगंज शहर की जीवनरेखा मानी जाने वाली रमजान नदी के प्राकृतिक स्वरूप को बचाने, गाद की सफाई और अविरल जल प्रवाह सुनिश्चित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल तेज की

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।



जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश पर 21 नवंबर 2026 को पटना से आई कंसल्टेंट टीम ने रमजान नदी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने नदी की वर्तमान स्थिति, जल प्रवाह, जमा गाद एवं सिल्ट, जल निकासी और नदी के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य रमजान नदी के पुनर्जीवन, प्राकृतिक स्वरूप के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए तकनीकी एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार करना है।

निरीक्षण के दौरान नदी के अवरुद्ध एवं संकुचित हिस्सों को चिह्नित किया गया। साथ ही गाद की वैज्ञानिक तरीके से सफाई, नदी की जलधारण क्षमता बढ़ाने और प्राकृतिक जल प्रवाह को बहाल करने की संभावनाओं पर विचार किया गया। टीम ने नदी के विभिन्न जल स्रोतों और जल निकासी मार्गों को आपस में जोड़ने के लिए इंटरलिंकिंग डक्ट निर्माण की संभावनाओं का भी अध्ययन किया।

जिला प्रशासन का उद्देश्य नदी को गाद जमाव और अतिक्रमण जैसी समस्याओं से मुक्त करने के साथ उसके मूल स्वरूप को संरक्षित करना है। कंसल्टेंट टीम निरीक्षण के आधार पर तकनीकी सुझाव और प्रस्ताव तैयार करेगी। इसके बाद नदी की सफाई, जल प्रवाह की निरंतरता और इंटरलिंकिंग डक्ट निर्माण से संबंधित कार्यों की रूपरेखा तैयार करने में मदद मिलेगी।

गौरतलब है कि रमजान नदी का संरक्षण केवल जल निकासी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शहर के पर्यावरणीय संतुलन, जल संरक्षण और भविष्य की जल प्रबंधन व्यवस्था से भी जुड़ा है। अब देखना होगा कि निरीक्षण के बाद तैयार होने वाली कार्ययोजना धरातल पर कब उतरती है और रमजान नदी को उसके पुराने स्वरूप में लौटाने की दिशा में कितनी प्रभावी पहल होती है।

बड़डी में चोरी का 24 घंटे में खुलासा, चार गिरफ्तार

आरोपियों के पास से विभिन्न कंपनियों के 16 मोबाइल बरामद

समाज जागरण पारसनाथ दुबे डेहरी, रोहतास।



रोहतास जिले के बड़डी थाना क्षेत्र में मोबाइल चोरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से विभिन्न कंपनियों के कुल 16 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर 2026 की रात गोतहर गांव निवासी मनीष सिंह के घर से मोबाइल चोरी की घटना हुई थी। इस मामले में बड़डी थाना कांड संख्या 204/26 दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम-1 के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त विक्की सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर अमन कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार और सुनील शर्मा को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से कुल 16 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इनमें वीवो, सैमसंग, रेडमी, आईफोन, ओप्पो सहित अन्य कंपनियों के मोबाइल शामिल हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

पटना में पीसीआई के खिलाफ डिप्लोमा फार्मासिस्ट छात्रों का आक्रोश मार्च एनएमसीएच गेट पर पुतला दहन

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऑर्गनाइजेशन छात्र संघ के बैनर तले एकत्रित डिप्लोमा फार्मासिस्ट विद्यार्थियों ने फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाला और पुतला दहन कर विरोध जताया। अगमकुंआ स्थित राजकीय फामेर्सी संस्थान से शुरू हुआ यह मार्च नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एनएमसीएच) के मुख्य प्रवेश द्वार तक पहुंचा, जहां प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए पीसीआई का पुतला फूंका। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऑर्गनाइजेशन छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार चौधरी ने स्वास्थ्य मंत्रालय से अविलंब फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया को भंग करने की मांग की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का कथित रूप से अनुपालन नहीं करने के मामले में पीसीआई के अध्यक्ष और रजिस्ट्रार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की भी मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल फार्मासिस्टों और फामेर्सी छात्रों ने आरोप लगाया कि पीसीआई सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अनदेखी कर रही है। विद्यार्थियों ने कहा कि अध्यक्ष और सचिव पद का दुरुपयोग करते हुए अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर डी-फार्म (D.Pharm) विरोधी कार्य किए जा रहे हैं। आंदोलनकारियों का कहना था कि पीसीआई की वर्तमान कार्यप्रणाली से देश भर के लाखों डिप्लोमा फार्मासिस्टों में असंतोष है और वे हतोत्साहित महसूस कर रहे हैं।

इस विरोध प्रदर्शन में ऋषि राज, बंटी, संकित, संजीत, महाबली, शिव, हरेराम, मकसूद, उदय, अंकित, ओम, गौरव और शुभम समेत बड़ी संख्या में फामेर्सी छात्र व डिप्लोमा फार्मासिस्ट शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार चौधरी ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार कर कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और अधिक तेज किया जाएगा।

पटना के दानापुर में दिनदहाड़े बाइक सवार छात्र की गोली मारकर हत्या

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र के न्यू तारा चक झपटिया मंदिर के पास बुधवार सुबह बदमाशों ने बाइक सवार एक छात्र की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्तौल और तीन गोलियां बरामद की हैं। मृतक छात्र की पहचान दानापुर थाना क्षेत्र के झपटिया मंदिर निवासी प्रमोद राय के 20 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार उर्फ किट्टू के रूप में हुई है। मृतक के चाचा सुबोध कुमार ने बताया कि रोशन बुधवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे अपने भाई बिट्टू से बाइक की चाभी लेकर घर से निकला था। घर से कुछ ही दूरी पर बदमाशों ने उसके सिर में गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। इसी बीच एक युवक ने परिजनों को सूचना दी कि रोशन को गोली मारी गई है और हमलावर पैदल ही मौके से फरार हो गए हैं। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, जहां रोशन खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। गंभीर रूप से जख्मी रोशन को परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए सगुना मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया जा रहा है कि मृतक रोशन सर गणेशदत्त मेमोरियल कॉलेज का छात्र था। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्तौल बरामद की, जिसमें फंसी तीन गोलियां निकाली गईं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और मृतक के परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है।

सड़क पर भारी वाहन खड़ा करने पर धर्मकांटा और कोल डिपो संचालकों को नोटिस

वीर कुंवर सिंह चौक के आसपास जाम की समस्या को लेकर प्रशासन सख्त

समाज जागरण पारसनाथ दुबे डेहरी, रोहतास।



रोहतास जिले के वीर कुंवर सिंह चौक के आसपास सड़क पर अनावश्यक रूप से भारी वाहन खड़ा किए जाने से उत्पन्न जाम की समस्या को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। इस संबंध में क्षेत्र के सभी धर्मकांटा एवं कोल डिपो संचालकों को नोटिस जारी कर सड़क पर भारी वाहन खड़ा नहीं कराने की हिदायत दी गई है।

प्रशासन की ओर से संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर आने वाले भारी वाहनों को सड़क पर खड़ा न कराएं, जिससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो और यातायात बाधित न हो। सड़क जाम की समस्या पर रोक लगाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

बिहार की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी मामले में पटना साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ सोशल मीडिया पर बिहार की महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी और गाली-गलौज करने के मामले में पटना साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटना साइबर थाना को सोशल मीडिया के माध्यम से यह सूचना मिली कि यूट्यूब चैनल @Almostyash (यश माहेश्वरी) के जरिए बिहार की महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर और गाली-गलौज करते हुए उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस घटना के सामने आने के बाद साइबर पुलिस सक्रिय हो गई और मामले की गंभीरता को देखते हुए केस दर्ज किया गया।

पुलिस के अनुसार, इस प्रकार की टिप्पणी और अमर्यादित व्यवहार से विभिन्न समुदायों के बीच सामाजिक सौहार्द बिगड़ने, विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने तथा व्यापक पैमाने पर जनभावना आहत होने की प्रबल आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इसी आधार पर पटना साइबर थाना में कांड संख्या-1550/26 (दिनांक 24.11.2026) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 75(1), 79, 351 और 352 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) की धारा 66(C) और 66(D) के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है। पटना साइबर थाना पुलिस के मुताबिक, दर्ज प्राथमिकी के आलोक में मामले का अनुसंधान जारी है। पुलिस डिजिटल साक्ष्यों और संबंधित सामग्री की पड़ताल कर रही है तथा आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की आपत्तिजनक और गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री को लेकर नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पटना के मनेर में तेज रफ्तार हाइवा का कहर

शादी समारोह से लौट रहे वार्ड सदस्य को कुचला; मौके पर ही मौत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र के छितनावां-दाउदपुर स्थित स्टेट हाईवे (दानापुर-मनेर मार्ग) पर हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में खासपुर पंचायत के वार्ड सदस्य की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव और पंचायत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान छितनावां गांव निवासी एवं खासपुर पंचायत के वार्ड संख्या आठ के वार्ड सदस्य अरविंद कुमार (57 वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड सदस्य अरविंद कुमार दानापुर के नासरीगंज में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। समारोह संपन्न होने के बाद वे देर रात अपनी बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर छितनावां लौट रहे थे। इसी दौरान छितनावां-दाउदपुर के समीप स्टेट हाईवे पर सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक अनियंत्रित हाइवा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अरविंद कुमार बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और हाइवा की चपेट में आ गए। गंभीर रूप से कुचले जाने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रात का समय होने के कारण आसपास के लोगों को जब तक घटना की जानकारी मिली और लोग मौके पर पहुंचे, तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना की खबर जैसे ही मृतक के घर पहुंची, परिवार के सदस्यों में चीख-पुकार मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस दुखद घटना पर खासपुर पंचायत की मुखिया पिंकी यादव तथा समाजसेवी बोधनाथ यादव ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने वार्ड सदस्य अरविंद कुमार के असामयिक निधन को पंचायत के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

पटना के बिहटा-कनपा मुख्य सड़क पर अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर

बारात में आए 57 वर्षीय व्यक्ति की अस्पताल में मौत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के आईआईटी अम्हारा थाना क्षेत्र के पड़री गांव में बारात में शामिल होने आए 57 वर्षीय व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बिहटा-कनपा मुख्य सड़क पर हुए इस हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान पालीगंज थाना क्षेत्र के अंकुरी गांव निवासी स्व. अवधेश सिंह के 57 वर्षीय पुत्र सुशील सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, सुशील सिंह पड़री गांव में आयोजित एक बारात में शामिल होने के लिए आए थे। इसी दौरान बिहटा-कनपा मुख्य सड़क पर एक अज्ञात ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वे सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक अपना वाहन लेकर तेजी से फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों और परिजनों की मदद से गंभीर रूप से घायल सुशील सिंह को आनन-फानन में इलाज के लिए एनएसएमसीएच अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुशील सिंह की मौत की खबर जैसे ही घर और गांव पहुंची, पूरे परिवार में चीख-पुकार मच गई और माहौल गमगीन हो गया।

आईआईटी अम्हारा के प्रभारी थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बुधवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात ट्रक और फरार चालक की पहचान करने के लिए आसपास के इलाकों में पूछताछ व जांच कर रही है।

पटना में आधी रात की आग में स्वाहा हुआ डर फैशन

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ के गोपालपुर थाना क्षेत्र में 25 नवंबर की अहले सुबह शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में डर फैशन नामक कपड़े की दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। अगलगी की इस घटना में 50 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति नष्ट होने का अनुमान है। दुकान में रखे कपड़े, फर्नीचर और अन्य सामान जलने से व्यापारी परिवार की रोजी-रोटी पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। दुकान संचालक कर्णपुरा निवासी मृत्युंजय सिंह (पिता ओम प्रकाश सिंह) पिछले दो वर्ष दो महीने से वार्ड संख्या 24 के पार्षद प्रतिनिधि रमेश कुमार के मकान में किराये पर दुकान चला रहे थे। तीन बड़े कमरों में फैली इस दुकान में महज दो दिन पहले ही करीब 35 लाख रुपये का नया कपड़ा मंगाया गया था, जो पूरी तरह जल गया। संचालक मृत्युंजय सिंह ने करीब 35 से 40 लाख रुपये के नुकसान की बात कही है, जबकि कुल क्षति 50 लाख से अधिक आंकी जा रही है। घटना बुधवार तड़के करीब तीन बजे के बाद की है। धुआं और लपटें उठने पर स्थानीय लोगों को जानकारी मिली और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई।

बच्चों के आंदोलन ने दिखाई असर की राह, दो दिन में शुरू हुआ मल्लिक कॉलोनी की सड़क का निर्माण

स्कूली बच्चों के धरने के बाद विधायक सरयू राय ने पूरी की सड़क निर्माण की मांग, विधायक निधि से शुरू हुआ काम

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर अपनी समस्याओं को लेकर आवाज उठाने वाले स्कूली बच्चों की मांग आखिरकार दो दिनों में पूरी हो गई। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय की पहल पर मानगो नगर निगम के वार्ड संख्या 23 अंतर्गत आजादनगर रोड नंबर-5 स्थित मल्लिक कॉलोनी में जर्जर सड़क का निर्माण कार्य बुधवार से शुरू हो गया। सड़क निर्माण शुरू होने से स्थानीय निवासियों के साथ-साथ स्कूली बच्चों में भी खुशी का माहौल है। लंबे समय से बदहाल सड़क की समस्या से जूझ रहे लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की।

मल्लिक कॉलोनी में डॉ. अयूब खान के घर से भैया पान दुकान तक सड़क की स्थिति काफी खराब थी। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बारिश के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती थी। सड़क की बदहाली के कारण बच्चों के स्कूल आने-जाने में परेशानी होती थी। कई बार स्थानीय लोगों ने भी इस समस्या को उठाया, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में नाराजगी बनी हुई थी।

इसी समस्या को लेकर दो दिन पूर्व रविवार को स्थानीय स्कूली बच्चे सड़क पर उतर आए और धरने पर बैठ गए। बच्चों ने अपनी परेशानी जाहिर करते हुए सड़क निर्माण की मांग की थी। उनका कहना था कि जब तक सड़क की मरम्मत और निर्माण नहीं कराया जाएगा, तब तक वे प्रत्येक रविवार को धरना जारी रखेंगे। बच्चों के इस कदम ने स्थानीय सड़क समस्या को एक बार फिर चर्चा में ला दिया।



बच्चों से किया था दो दिनों में काम शुरू कराने का वादा

बच्चों के धरने की जानकारी मिलने पर जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय मौके पर पहुंचे और धरनारत बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि सड़क निर्माण के लिए आवश्यक पहल पहले ही की जा चुकी है। विधायक ने बताया कि इस सड़क के निर्माण की अनुशंसा वे लगभग दो माह पूर्व ही अपनी विधायक निधि से कर चुके हैं। उन्होंने बच्चों को भरोसा दिलाया था कि अगले दो दिनों के भीतर निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

विधायक के आश्वासन के अनुरूप बुधवार को सड़क निर्माण का काम शुरू हो गया। इससे बच्चों की मांग पूरी होने के साथ ही स्थानीय लोगों को भी राहत मिलने की उम्मीद जगी है। सड़क का निर्माण विधायक निधि से कराया जा रहा है।

लड्डू बांटकर लोगों ने मनाई खुशी

सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर मल्लिक कॉलोनी के निवासियों ने खुशी जाहिर की। स्थानीय लोगों ने इसे बच्चों की एकजुटता और उनकी समस्या के प्रति विधायक की तत्परता का परिणाम बताया। लोगों का कहना था कि बच्चों ने अपनी रोजमर्रा की परेशानी को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाई और उनकी समस्या का समाधान होने की दिशा में महज दो दिनों में काम शुरू हो गया। इस अवसर पर लोगों ने लड्डू वितरित कर खुशी मनाई।

वार्ड संख्या 23 की पार्षद होमा आफरीन सहित स्थानीय नागरिकों ने विधायक सरयू राय के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने उम्मीद जताई कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद कॉलोनी के निवासियों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की रही मौजूदगी

निर्माण कार्य शुरू होने के अवसर पर मानगो नगर निगम जनसुविधा समिति के संयोजक पप्पू सिंह, वार्ड संख्या 23 की पार्षद होमा आफरीन, वार्ड संख्या 28 की पार्षद जेबा फरीन, वार्ड संख्या 21 की पार्षद इरफाना खातून, वार्ड संख्या 24 के पार्षद नुरूल हक अंसारी, पिंटू सिंह, आफताब अहमद सिद्दीकी, फिरोज आलम, सन्नी मिर्जा, मुकेश सिंह सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सभी ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर प्रसन्नता जाहिर की।

अंतरराज्यीय सीमा पर चला सघन वाहन जांच अभियान, पांच दर्जन वाहनों की हुई जांच

समाज जागरण

गोड्डा मेहरमा गोड्डा जिलापुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार के निर्देश पर बुधवार को मेहरमा थाना क्षेत्र के अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित गोविंदपुर चेकनाका के समीप सघन वाहन जांच सह जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान करीब पांच दर्जन वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन से संबंधित मामलों में तकरीबन 20 वाहनों को जुमार्ना के लिए चिह्नित किया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। बाइक चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात नहीं करने,नाबालिक



को बाइक चलाने नही देने की सलाह दी गई। साथ ही चारपहिया वाहन चालकों को भी आवश्यक सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने वाहन चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अनमोल है। घर से निकलने के बाद स्वजन उसके सुरक्षित वापस लौटने का इंतजार करते हैं। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही पूरे परिवार के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं। यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी बाध्यता नहीं बल्कि स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार, रंजन वीरेंद्र मंडल सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

पटना के पालीगंज में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के अनुमंडल कार्यालय पालीगंज में बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम ने की। इस बैठक में क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया और पुनरीक्षण प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की मौजूदा प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराने में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची का अद्यतन और शुद्ध होना बेहद जरूरी है, जिसके लिए सभी राजनीतिक दलों की



सहभागिता आवश्यक है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। एसडीएम ने मौजूद प्रतिनिधियों से अपने-अपने स्तर पर पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में मदद करने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने मतदाता सूची में पहले से मौजूद त्रुटियों की पहचान कर उनके त्वरित निराकरण में सहयोग करने तथा पुनरीक्षण कार्य से संबंधित आवश्यक सुझाव देने की भी अपील की। बैठक में यह भी कहा गया कि जमीनी स्तर पर समन्वय बनाकर काम करने से मतदाता सूची को अधिक सटीक और विश्वसनीय बनाया जा सकेगा। बैठक में मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के लिए प्रशासन और राजनीतिक दलों के बीच आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि सभी दलों के सहयोग से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान समयबद्ध और सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा।

आनंदमठ भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय चेतना का सशक्त प्रतीक : वक्ता

सोना देवी विश्वविद्यालय में आनंदमठ : एक पुनरावलोकन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित, साहित्यकारों और शिक्षाविदों ने रखे विचार

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

घाटशिला शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में ह्यआनंदमठ : एक पुनरावलोकनह्न विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े शिक्षाविदों, साहित्यकारों एवं विद्वानों ने भाग लिया। इस दौरान बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की कालजयी रचना आनंदमठ के साहित्यिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आनंदमठ महज एक उपन्यास नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता, राष्ट्रीय स्वाभिमान और स्वतंत्रता चेतना का सशक्त प्रतीक है।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृत विभाग की सहायक प्राध्यापक कुमारी निकिता द्वारा वंदे मातरम् की प्रस्तुति से हुआ। उन्होंने अतिथियों का परिचय कराने के साथ मंच संचालन भी किया। इसके बाद संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का विधिवत उद्घाटन किया। कोल्हान विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की



पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रागिनी भूषण ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए संगोष्ठी की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय साहित्य, संस्कृति और ज्ञान परंपरा को नई पीढ़ी से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की सह क्षेत्र संयोजक (पर्यावरण शिक्षा) डॉ. कविता परमार ने न्यास की विकास यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से 2 जुलाई 2004 को इस आंदोलन की शुरूआत हुई थी। छह विषयों से शुरू हुई इसकी गतिविधियां आज चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, वैदिक गणित, पर्यावरण शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, शोध, इतिहास शिक्षा और भारतीय ज्ञान परंपरा तक विस्तृत हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में भी न्यास का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश में बदलाव लाने के लिए शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन आवश्यक है। साथ ही समस्याओं पर चर्चा करने के बजाय उनके समाधान पर भी ध्यान देना चाहिए।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता अब्दुल बारी मेमोरियल कॉलेज, जमशेदपुर के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि वर्ष 1882 में प्रकाशित आनंदमठ भारतीय आधुनिकता को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कृति है। उन्होंने उपन्यास की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, संन्यासी विद्रोह, तत्कालीन शोषण और सामाजिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय चेतना के निर्माण में इसकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान क्रांतिकारियों में त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की। उन्होंने विद्यार्थियों से बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के साहित्य का अध्ययन करने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने मां, मातृभूमि और मातृभाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण परिवार, समाज और राजनीति में नैतिक मूल्यों के विकास से होता है। आनंदमठ ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान क्रांतिकारियों को गीता के समान प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने युवाओं को भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय मूल्यों और भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने की आवश्यकता बताई।

कुलपति प्रो. डॉ. ब्रज मोहन पाट पिंगुआ ने कहा कि ज्ञान, शोध, साहित्य और सांस्कृतिक विमर्श उच्च शिक्षा के अभिन्न अंग हैं। विद्यार्थियों को नवाचार एवं अनुसंधान के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के साथ समाज के विकास में योगदान देना चाहिए।

विशिष्ट वक्ता तुलसी भवन, जमशेदपुर के मानद महासचिव डॉ. प्रसन्नजीत तिवारी ने वेद, उपनिषद, जैन, बौद्ध एवं सिख दर्शन, गणित, शासन व्यवस्था और आयुर्वेद में भारत के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन और अनुसंधान से भारत वर्ष 2047 तक पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमआईटी, जमशेदपुर के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. रंजीत प्रसाद ने आनंदमठ की साहित्यिक एवं वैचारिक प्रासंगिकता पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके विचारों और कार्यों से होती है। उन्होंने स्वविवेक से निर्णय लेने, भाषा को समृद्ध बनाने, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग तथा लोकल फॉर वोकल की भावना अपनाने पर बल दिया।

अंत में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रांत सचिव एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकल्प से जुड़े नारायण त्रिगुण ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर डॉ. मोदिता चंद्रा, डॉ. नीतू नयना, श्रीमती मंजू सिंह सहित अनेक शिक्षाविद एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। संगोष्ठी का समापन साहित्य, संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को मजबूत बनाने के संदेश के साथ हुआ।

पटना के मसौढ़ी में 13 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध मौत

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध मौत के मामले में मां ने सात लोगों पर हत्या की साजिश का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। मसौढ़ी थाने में कांड संख्या 1161/26 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की गहन छानबीन शुरू कर दी है। मृतक की मां सोनी कुमारी (36) मूल रूप से फतुहा थाना क्षेत्र के मुंडेरा गांव की निवासी हैं और फिलहाल मसौढ़ी के लखीबाग पटेल चौक में रह रही हैं। वह एक निजी विद्यालय में शिक्षिका हैं और ट्यूशन भी पढ़ाती हैं। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना बीते 24 फरवरी की है। सोनी कुमारी ने बताया कि उस दिन सुबह करीब 8 बजे वह अपने दोनों बेटों–सुमित राज (14) और 13 वर्षीय छोटे बेटे–को खाना खिलाकर स्कूल चली गईं। दोपहर करीब ढाई बजे लौटीं तो घर के बाहर ताला लगा मिला। शाम 5 बजे वह ट्यूशन पढ़ाने गईं और लौटने पर भी ताला बंद था। इसके बाद मौसी के घर जाते समय गांधी मैदान के पास बड़ा बेटा सुमित और एक अन्य बच्चा गोलू कुमार मिला। सुमित ने बताया कि वह दोपहर में घर गया था, लेकिन ताला बंद होने पर गोलू के घर चला गया। सोनी कुमारी के मुताबिक, जब उन्होंने हक्सा ब्लेड से ताला काटकर शटर उठाया, तो छोटे बेटे का शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका मिला। आरोप है कि घटना के बाद जब सोनी कुमारी थाने जाने के लिए दौड़ीं, तो संगीता कुमारी और सत्येंद्र सिंह ने उन्हें रोक लिया और गली में बैठाए रखा। इसी दौरान चुपके से शव को कार से उनके ससुराल मुंडेरा भेज दिया गया, जहां बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बड़े बेटे ने 112 नंबर पर फोन कर सूचना दी थी, लेकिन पुलिस नहीं पहुंची और बाद में उससे मोबाइल छीन लिया गया, हालांकि मोबाइल किसने छीना, इसका जिक्र प्राथमिकी में नहीं है। इस मामले में सोनी कुमारी ने गोलू कुमार (26, पिता देवेंद्र सिंह, सोनकूकरा), गोलू कुमार (22, पिता दिनेश सिंह, पटेल नगर), संगीता कुमारी (45, पत्नी दिनेश सिंह), सत्येंद्र सिंह (50, लखीबाग पटेल चौक), राकेश कुमार (40, पिता शत्रुघ्न सिंह) तथा चक्रवर्ती चंदन कुमार (33) और चक्रवर्ती कुंदन कुमार (30, दोनों स्व. रवींद्र प्रसाद के पुत्र) को आरोपित बनाया है। उन्होंने बड़े बेटे की सुरक्षा को लेकर भी आशंका जताई है। फिलहाल वह पति व बेटे के साथ मुंडेरा में रह रही हैं, जबकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

धार्मिक चिह्नों की दुकान हटाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल, सिख समाज में आक्रोश

सीजीपीसी प्रधान भगवान सिंह बोले - धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, मीडिया एक पक्षीय खबर चलाकर पूरे समाज को कठघरे में न खड़ा करे

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर के साकची गुरुद्वारा परिसर में मंगलवार को श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर धार्मिक चिह्नों की दुकान हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। इंस्टाग्राम पर सोशल 24 न्यूज की ओर से प्रसारित एक वीडियो के बाद सिख समाज में नाराजगी देखी जा रही है। वीडियो में दुकानदार और उसकी बुजुर्ग मां की पीड़ा को दिखाते हुए आरोप लगाया गया है कि गैर सिख होने के कारण उन्हें दुकान लगाने से रोका गया। वहीं, सिख समाज के प्रतिनिधियों ने इसे घटना का एकपक्षीय चित्रण बताते हुए अपनी आपत्ति जताई है।

इस मामले में सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने कहा कि उन्हें किसी गैर सिख दुकानदार द्वारा सिख धर्म के धार्मिक चिह्न, गुरुओं की तस्वीरें अथवा धार्मिक सामग्री बेचने पर कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन धार्मिक सामग्री की बिक्री के दौरान मयार्दा और पवित्रता का ध्यान रखना आवश्यक है।

उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित दुकानदार को दुकान में खैनी बनाते हुए देखा गया था। जिस स्थान पर गुरुओं की तस्वीरें, धार्मिक चिह्न और गुटका साहिब जैसे पवित्र ग्रंथ रखे हों, वहां इस तरह की गतिविधि उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुकानदार को उसकी धार्मिक पहचान के आधार पर नहीं, बल्कि दुकान में कथित रूप से धार्मिक मयार्दा के विपरीत गतिविधि को लेकर आपत्ति जताई गई थी।

सीजीपीसी प्रधान ने कहा कि सिख



धर्म में गुरुओं की तस्वीरों, गुरबाणी और धार्मिक ग्रंथों का विशेष सम्मान है। गुटका साहिब गुरबाणी से जुड़ा पवित्र ग्रंथ है, इसलिए इसकी बिक्री करने वाले व्यक्ति से भी धार्मिक मयार्दा बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है।

उन्होंने मीडिया की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य दोनों पक्षों की बात सुनकर तथ्यों के आधार पर सच्चाई सामने लाना है। किसी विवाद में केवल एक पक्ष का बयान प्रसारित कर पूरे सिख समाज को कठघरे में खड़ा करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को इस मामले में कोई संदेह है तो वह उनके कार्यालय आकर सीधे बातचीत कर सकता है। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर 9973510085 जारी करते हुए लोगों को मामले की जानकारी के लिए संपर्क करने की बात कही।

गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में काशीडीह निवासी मोहन कुमार अपना पक्ष रखते हुए आरोप लगाते दिखाई दे रहे हैं कि गैर सिख होने के कारण उन्हें गुरुद्वारा परिसर में दुकान लगाने और धार्मिक चिह्न बेचने से रोका गया। वीडियो में उनकी बुजुर्ग मां भी भावुक होकर अपनी बात रखती नजर आ रही हैं। उनका कहना है कि उनका परिवार पिछले 15 वर्षों से घूम-घूमकर इस तरह का कारोबार करता आ रहा है। इस मामले में एक ओर दुकानदार का परिवार अपने साथ अन्याय होने का आरोप लगा रहा है, वहीं दूसरी ओर सीजीपीसी प्रधान का कहना है कि दुकान हटाने के पीछे धार्मिक मयार्दा का विषय था, न कि दुकानदार की धार्मिक पहचान। फिलहाल दोनों पक्षों के दावे सामने आए हैं। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जानकारी सामने आना और किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले दोनों पक्षों को सुनना जरूरी है।

पटना में जयमाला से पहले शादी में चली गोली, दूल्हे का भाई घायल डीजे पर नाचने को लेकर बारातीे-सरातीे भिड़े

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के डोमनाचक में शादी समारोह के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर बारात और सरात पक्ष के बीच हुए विवाद के बाद गोलीबारी की घटना सामने आई है। इस दौरान गोली लगने से दूल्हे का भाई घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। गोली चलने की आवाज से शादी समारोह में अफरातफरी और भगदड़ मच गई। जानकारी के अनुसार, नौबतपुर निवासी नेहा कुमारी की शादी 25 नवंबर की रात डोमनाचक में होनी थी। नेहा अपने परिवार के साथ डोमनाचक में किराये के मकान में रहती थीं। देर रात बारात दरवाजे पर पहुंची थी और जयमाला की रस्म की तैयारी चल रही थी। दरवाजा लगाने के दौरान बज रहे डीजे पर नाचने को लेकर बाराती और सरात पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट और हाथापाई में बदल गई। बताया जाता



है कि विवाद बढ़ने के दौरान सरात पक्ष के डोमनाचक निवासी प्रदीप चन्द्रवंशी (पिता पप्पू कुमार) पर गोली चलाने का आरोप लगा। गोली दूल्हे के भाई को जा लगी, जिससे वह घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई, हालांकि किसी तरह शादी की रस्में पूरी कराई गईं। बताया जाता है कि नेहा कुमारी का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और उनके पिता की पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है, जिसके चलते आसपास के लोगों के सहयोग से शादी की व्यवस्था की गई थी। गोपालपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने गोली लगने की घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है और पूरे घटनाक्रम की जांच जारी है। वहीं, घटना के बाद दूल्हे पक्ष के लोगों से संपर्क नहीं हो सका।

रांची में 45 हॉस्टल, लॉज और कोचिंग संस्थानों को अंतिम नोटिस, 24 घंटे में संचालन बंद करने का निर्देश

स्वीकृत भवन नक्शा और जरूरी दस्तावेज नहीं देने पर सीलिंग की चेतावनी, लालपुर और हरिओम टावर के कई संस्थान सूची में शामिल

समाज जागरण

झारखंड की राजधानी रांची में हॉस्टल, लॉज और कोचिंग संस्थानों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। रांची नगर निगम ने शहर के 45 हॉस्टल, लॉज और कोचिंग संस्थानों को अंतिम स्मार नोटिस जारी किया है। नोटिस में संबंधित संस्थानों को 24 घंटे के भीतर अपना संचालन बंद करने और भवन से जुड़े जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय में निदेर्शों का पालन नहीं करने पर संस्थानों को सील करने की चेतावनी दी गई है।

नगर निगम की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, संबंधित संस्थानों को भवन का स्वीकृत नक्शा और संस्थान संचालन से जुड़े सभी आवश्यक वैधानिक दस्तावेज निगम के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे। निगम की इस कार्रवाई का उद्देश्य भवनों के स्वीकृत उपयोग और संस्थानों के संचालन में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करना है।

लालपुर और हरिओम टावर के संस्थान भी शामिल

नगर निगम की ओर से जारी सूची में लालपुर, हरिओम टावर, ली डिजायर कॉम्प्लेक्स, ईस्ट जेल रोड, सर्कुलर रोड और थड़पखना क्षेत्र के कई संस्थान शामिल हैं। इनमें एफआईआईटीजेई, विजन आ-ईएएस, करियर प्वाइंट, विनय आ-ईएएस अकादमी, उड़ान आईएएस अकादमी, न्यूटन ट्यूटोरियल्स, जीएस नेक्सस और बीएससी अकादमी सहित कई शिक्षण संस्थानों के नाम बताए गए हैं। इसके अलावा पुस्तकालय, कंप्यूटर केंद्र और प्ले स्कूल को भी नोटिस जारी किया गया है।

इन संस्थानों को मिला नोटिस

नगर निगम की सूची के अनुसार, ली डिजायर कॉम्प्लेक्स और हरिओम टावर स्थित कैड डिजाइन स्कूल, स्काई टेक एविएशन, एफआईआ-ईटीजेई, न्यूटन ट्यूटोरियल्स, मेंटूर एडुसर्व, भंवर राठौड़ डिजाइन स्टू-डियो, एम एंट्रेंस इंस्टीट्यूट, ई-वर्ल्ड कंप्यूटर क्लासेज, जीएस नेक्सस, द साइंस एरा, करियर प्वाइंट, माधवी रिजल्ट्स नॉलेज, बीएससी अकादमी, विनय आईएएस अकादमी, पोद्दार कॉमर्स अकादमी और सैंटेक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त अपटूडेट कोचिंग, अल्पाइन इंफोटेक, केडी लाइब्रेरी, सक्सेस हब, रॉ डिफेंस, विजन आ-ईएएस, इटरनल करियर क्लासेज, चैतन्य अकादमी, एम्फेसिस और समर्थ अकादमी को भी नोटिस दिया गया है।

वहीं, ईस्ट जेल रोड स्थित सक्सेस मंत्रा, लिटिल कृष्णा प्ले स्कूल, द लर्नर्स हब और सार्थक लाइब्रेरी सहित अन्य संस्थान भी निगम की कार्रवाई के दायरे में हैं।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने और निदेर्शों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। इस नोटिस के बाद संबंधित संस्थानों के संचालकों में हलचल मची हुई है।